दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 रायपुर, बुधवार 13 मार्च 2024, वर्ष-13 अंक- 32 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

लव के लिए कुछ भी करेगा की तर्ज पर नेता भी वोट के लिए कुछ भी करने को तैयार रहते है। वादे भी करते भी है और कसमें भी खो है। घुंगरू सेठ तो इससे भी दो कदम आगे निकल गए है। उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए कह दिया कि जो पुरूष मोदी मोदी करते है उन्हें महिलाएं कह दे की रात का खाना नही मिलेगा यही नहीं बल्कि उन्होंने महिलाओं से यह भी आव्हान किया है कि वे अपने बालिग बच्चो को अपने सिर की कसम दे की वे आम आदमी पार्टी को ही वोंट दे वाकई हद कर दी आप ने ।

अन्नदाताओं के खिले चेहरे- सीएम साय ने की 13.320 करोड़ की राशि अंतरित

■ कृषक उन्नति योजना के तहत राशि जारी करने प्रदेश में 151 जगह यह कार्यक्रम हुआ

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंगलवार को कृषक उन्नति योजना खरीफ के तहत छत्तीसगढ़ के 24 लाख 72 हजार से अधिक किसानों को 13 हजार 320 करोड़ रूपये आदान सहायता राशि का किसानों के बैंक खाते में अंतरण किया।

इस दौरान मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह वर्चुअल माध्यम से समारोह में सम्मिलित हुए। कृषि मंत्री रामविचार नेताम, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल और सांसद मोहन मंडावी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस दौरान सीएम ने कहा यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत किसान भाइयों के बैंक खातों में 13 हजार

320 करोड़ रुपए की आदान सहायता राशि का अंतरण किया जा रहा है। 151 जगह यह कार्यक्रम हुआ। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

70 लाख माताओं और बहनों को 655 करोड़ जारी

मोदी जी ने महिलाओं को महतारी वंदन योजना शुरू करने की गारंटी दी थी। यह योजना भी शुरू हो चुकी है। परसों 10 मार्च को माननीय प्रधानमंत्री जी के करकमलों से राज्य की 70 लाख माताओं और बहनों के बैंक खातों में 655 करोड़ रुपए की राशि अंतरित कर दी गई है।

145 लाख टन धान की रिकॉर्ड खरीदी

इस साल प्रदेश में 145 लाख टन धान की रिकॉर्ड खरीदी हुई है, जो पिछली सरकार द्वारा की गई खरीदी से 37 लाख मीटरिक टन अधिक है। मोदी जी ने गारंटी दी थी कि छत्तीसगढ़ में सरकार बनने पर गरीबों के लिए 18 लाख आवासों का निर्माण किया जाएगा। सरकार बनने के दूसरे ही दिन हमने कैबिनेट की बैठक में इस बारे में निर्णय ले लिया है, अप्रैल माह से तीव्र गति से मकान बनने शुरू होंगे।

पीएम ने दी पूर्वी डीएफसीसी कॉरिडोर की सौगात

अजमेर, (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न्यू किशनगढ़ में डीएफसीसी कार्यों का मंगलवार को वर्चुअल तरीके से लोकार्पण किया। उन्होंने स्टॉल, ट्रॉली और वेस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर की सौगात दी। पीएम मोदी ने अजमेर रेल मंडल क्षेत्र से लगते फरासिया स्थित न्यू किशनगढ़ रेलवे स्टेशन से मालगाड़ी को वर्चुअल हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

ओडिशा में महिला कर्मियों को 25 दिन का अवकाश

भुवनेश्वर, (वार्ता)। ओडिशा सरकार के विभिन्न विभागों की महिला कर्मचारियों को 10 दिनों का अतिरिक्त आकस्मिक अवकाश मिलेगा। अब साल में राज्य की महिला कर्मचारियों को 25 दिन का आकस्मिक अवकाश मिलेगा। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) के सूत्रों के अनुसार राज्य सरकार ने महिला कर्मचारियों को अतिरिक्त लाभ देने के लिए यह घोषणा की गयी है।

सीएए पर रोक के लिए याचिका

■ केरल की इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग की गुहार

■ मौजूदा रिट याचिका पर फैसला आने तक किसी पर भी कार्रवाई न हो

नई दिल्ली, (वार्ता)। केंद्र सरकार की ओर से सोमवार (11 मार्च) को अधिसूचित नागरिकता संशोधन नियम-2024 के कार्यान्वयन पर रोक लगाने की गुहार लगाते हुए केरल की इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग और अन्य ने उच्चतम न्यायालय में याचिकाएं दायर की हैं।

याचिका में अदालत से केंद्र सरकार को यह निर्देश देने की गुहार लगाई गई है कि मौजूदा रिट याचिका पर फैसला आने तक किसी भी धर्म या संप्रदाय के सदस्य के खिलाफ कोई कठोर कार्रवाई नहीं हो सकती।

याचिका में केंद्र सरकार को आदेश देने की गुहार लगाई है कि नागरिकता संशोधन नियम 2024 और संबंधित क़ानूनों यानी नागरिकता अधिनियम 1955, पासपोर्ट अधिनियम 1920, विदेशी अधिनियम 1946 और उसके तहत बनाए गए किसी भी नियम या आदेश के तहत किसी पर भी कठोर कार्रवाई नहीं की जा सकती है। सीएए में उन व्यक्तियों को नागरिकता देने का प्रस्ताव है जो अफ़ग़ानिस्तान, बंगलादेश या पाकिस्तान देशों के हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी या ईसाई समुदाय के अवैध प्रवासी हैं, जिन्होंने 31 दिसंबर 2014 को या उससे पहले भारत में प्रवेश किया था।

गृह मंत्रालय जल्द शुरू करेगा सीएए 2019 मोबाइल ऐप

नई दिल्ली, (वार्ता)। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने कहा है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के नियमों के तहत भारत की नागरिकता के लिए आवेदन करने वाले लोगों की सहुलियत के लिए जल्द ही एक मोबाइल ऐप शुरू की जायेगी।

गृह मंत्रालय ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इस अधिनियम के तहत नियमों के बारे में अधिसूचना जारी कर दी गयी है। मंत्रालय ने इसके लिए एक विशेष पोर्टल भी शुरू किया है जिससे कि नागरिकता की शर्तों को पूरा करने वाले लोग अपने आवेदन कर सकें।

कल पीएम मोदी ने की सीएम की तारीफ, आज सत्ता परिवर्तन

■ हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने दिया इस्तीफा, खट्टर के लोकसभा चुनाव लड़ने की अटकलें तेज

चंडीगढ़ (वार्ता)। मुख्यमंत्री मनोहर खट्टर ने इस्तीफा दे दिया है। मुख्यमंत्री मनोहर खट्टर ने आज दोपहर राज्यपाल बंडार दत्तात्रेय को अपना इस्तीफा सौंप दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल ही पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की जमकर तारिफ की थी और आज हरियाणा में सत्ता परिवर्तन हो गया।

आप को बता दे की हरियाणा की कुल 90 सीटें है जिसमें 41 सीटें भाजपा के पास है। हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी और जननायक जनता पार्टी के समर्थन में सरकार का गठन किया हुआ था।

5 मंत्रियों के साथ नायब सिंह सैनी ने ली मुख्यमंत्री पद की शपथ

नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को पांच मंत्रियों के साथ हरियाणा के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय ने उन्हें शपथ दिलाई। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर भी मौजूद थे। श्री सैनी के साथ सर्वश्री कंवर पाल, मूलचंद शर्मा, रणजीत सिंह, जयप्रकाश दलाल और डॉ. बनवारी लाल ने मंत्री पद की शपथ ली।

लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा और जजपा के बीच सीटों को काफी खींचातानी हो रही थी। माना जा रहा है कि जजपा ने अपने प्रत्याशी के लिए ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ज्वेलर्स की दुकान में ब्लास्ट, लगी आग

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के सदर बाजार स्थित अनोपचंद-तिलोकचंद ज्वेलर्स में ब्लास्ट के बाद आग लग गई। ब्लास्ट एसी का कंप्रेशर फटने से हुआ। आग लगते ही दमकल विभाग की टीम फ़ौरन मौके पर पहुंची और आग को फैलने से रोक दिया। जानकारी के मुताबिक हादसे के वक्त सराफा दुकान में सभी वर्कर, संचालक और चंद ग्राहक भी थे। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नही है। दुकान में लगे 5 टन का एयर कंडीशनर के कंप्रेसर यूनिट में ब्लास्ट हो गया।

भारी पुलिस बल के साथ लालू के करीबी के 17 ठिकानों पर पहुंची ईडी

रांची, (वार्ता)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने झारखंड में मंगलवार को एक साथ रांची में कई ठिकानों पर छापामारी की। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार ईडी की टीम कांग्रेस की महिला नेता और बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, शशि भूषण सिंह सहित कई अन्य लोगों के कुल 17 ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

सूत्रों ने बताया कि ईडी की टीम जमीन और बालू से जुड़े मामले को लेकर सीओ और विधायक के ठिकाने पर छापेमारी कर रही है।

राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो एवं बिहार के मुख्यमंत्री रहे लालू प्रसाद यादव के करीबी कारोबारी के खिलाफप्रवर्तन निदेशालय द्वारा लिए गए एक्शन के अंतर्गत कारोबारी के तकरीबन डेट दर्जन ठिकानों पर जांच जारी है।

अब न्यायधानी से सीधी कोलकाता और नई दिल्ली के लिए हवाई सेवा

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर वासियों की लंबे समय से चली आ रही एक बड़ी मांग पूरी हुई है। बिलासपुर से कोलकाता और बिलासपुर से नई दिल्ली के लिए सीधी हवाई सेवा प्रारंभ हो गई है। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे प्रधानमंत्री जी का संकल्प है कि हवाई चप्पल पहनने वाले भी हवाई यात्रा कर सकें। सीएम ने कहा मेरी ओर से इसके लिए ■ शेष पृष्ठ 6 पर

6 आईएएस, 21 पीएससी के तबादले
आरटीओ से मूल विभाग में लौटे 7 अफसर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में 6 आईएएस, 21 पीएससी अफसरों का तबादला किया गया है। इनमें से ऐसे सभी 7 अधिकारियों को आरटीओ से मूल विभाग में लौटाया गया है। छत्तीसगढ़ शासन ने राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसरों के तबादले कर दिए हैं। आईएएस अन्बलगन पी को सामान्य प्रशासन का सचिव बनाया गया है। राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसरों में ऐसे भी हैं जो आरटीओ में पदस्थ थे। ऐसे सभी 7 अधिकारियों को आरटीओ से मूल विभाग में लौटाया गया है। कुछ अपर कलेक्टर, कुछ जिला पंचायत सीईओ के अलावा कुछ क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी भी शामिल हैं। सक्ती कलेक्टर रहीं नुपूर राशि पन्ना को भी नई जिम्मेदारी दी गई है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

विधायक यादव की अग्रिम जमानत याचिका हाईकोर्ट से खारिज

कोल लेवी घोटाला मामला

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित कोल लेवी घोटाला मामले में भिलाई विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव की अग्रिम जमानत याचिका छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। मंगलवार को जस्टिस एनके व्यास के कोर्ट ने फैसला सुनाया है।

हाई कोर्ट से अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने के बाद इस बात की अटकलें भी लगाई जा रही है कि विधायक यादव की कभी भी गिरफ्तारी हो सकती है। पूछताछ के नाम पर ईडी हिरासत में ले सकती है।

जानकारी के अनुसार रायपुर स्पेशल कोर्ट ने नोटिस जारी कर विधायक यादव को 27 मार्च को तलब किया है। रायपुर के विशेष कोर्ट ■ शेष पृष्ठ 6 पर

शाहजहां के तीन सहयोगी गिरफ्तार

कोलकाता (ए.)। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने गत पांच जनवरी को पश्चिम बंगाल में संदेशखली स्थित तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख के ठिकानों के तलाश अभियान के दौरान प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर कथित हमलों की जांच की कार्रवाई फिर शुरू की गई है। इस दौरान उनके करीबी तीन सहयोगियों को गिरफ्तार किया है।

आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि सोमवार शाम को शहर के निज़ाम पैलेस में घंटों पूछताछ के बाद सीबीआई ने जियाउद्दीन मोल्ला, दीदार बख्श मोल्ला और फारूक अकुंजी को गिरफ्तार कर लिया। उन्हें सीबीआई मुख्यालय में तलब करने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। मोल्ला टीएमसी के सरबेरिया-अघराती ग्राम पंचायत प्रमुख हैं जबकि दीदार बख्श एक पेशेवर सुरक्षाकर्मी हैं।

कांग्रेस की दूसरी सूची में 13 ओबीसी, 10 एससी, 9 एसटी, 10 जनरल और 1 मुस्लिम उम्मीदवार पर दांव

नई दिल्ली, (वार्ता)। कांग्रेस ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए असम, गुजरात, राजस्थान, उत्तराखंड, दमनदीव और मध्य प्रदेश से 43 उम्मीदवारों की दूसरी सूची मंगलवार को जारी कर दी। इस सूची में 13 ओबीसी, 10 एससी, 9 एसटी, 10 जनरल और 1 मुस्लिम उम्मीदवार पर भरोसा जताया है। कांग्रेस की दूसरी सूची में जोरहाट असम से गौरव गोगोई, मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा से नकुल नाथ, राजस्थान के चुरू से राहुल कासवान ■ शेष पृष्ठ 6 पर

छत्तीसगढ़ की 5 सीटों के नामों पर पेंच

छत्तीसगढ़ की 5 सीटों पर नाम अभी भी फाइनल नहीं हो पाए हैं। कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में सिंगल नाम पर सहमति नहीं बन पायी है। बस्तर से दीपक बैज को टिकट दें या नहीं इस पर मंथन जारी है। सरगुजा, बिलासपुर, कांकेर, रायगढ़ पर भी पेंच फंसा हुआ है। राजनीतिक सूत्र बता रहे हैं कि एक नाम पर राय नहीं बनने की वजह से 5 सीटों को होल्ड पर रखा गया है।

गरमा-गरम

सियासत... मध्यप्रदेश मुख्यमंत्री मोहन यादव ने लोकसभा कोर कमेटी सदस्यों के साथ की बैठक

हमारे संगठन की ताकत ही है कि एक सामान्य कार्यकर्ता आज मुख्यमंत्री है : यादव

रायपुर/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी ही एक मात्र ऐसा राजनीतिक दल है जहां मोहन यादव जैसा सामान्य कार्यकर्ता मध्यप्रदेश जैसे बड़े राज्य का मुख्यमंत्री बनाया जाता है और यदि इससे भी बड़ा उदाहरण देखना है तो नरेंद्र मोदी से बड़ा उदाहरण और क्या होगा जहां एक चाय वाला विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के मुखिया प्रधानमंत्री के रूप में स्थापित होता है और ना सिर्फ प्रधानमंत्री बनता है अपितु प्रधानमंत्री के रूप में भारत के गौरव को विश्व में सर्वोच्च स्थान दिलाने में अपना सर्वस्व लगा देता है। श्री यादव मंगलवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय के सभागार में रायपुर लोकसभा की कोर कमेटी और प्रबंधन समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री यादव ने कहा कि हम सभी का समर्पण मां भारती के गौरव निर्माण के लिए है, इसे विश्वगुरु बनाने के लिए है। हम सभी के दायित्व भिन्न हो सकते हैं परंतु लक्ष्य सभी का एक ही है। हम सभी को मिलकर छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोकसभा और मध्यप्रदेश से 29 की 29 सीटों से लोकसभा सांसद बनाकर दिल्ली भेजना हमारी जिम्मेदारी है और इस लक्ष्य को हासिल करने हम सभी को पार्टी द्वारा प्राप्त दायित्वों का पूर्ण ईमानदारी से निर्वहन करना होगा। श्री यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री बनने के पूर्व से ही उनका छत्तीसगढ़ से नाता रहा है। पहले भी छत्तीसगढ़ आना-जाना रहा है और आगे भी हमारे संबंध इसी तरह प्रगाढ़ बने रहेंगे।

इससे पूर्व प्रदेश के शिक्षा मंत्री और रायपुर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि निश्चित ही मुख्यमंत्री श्री यादव के निर्देशों और सुझावों का हम पूर्णरूपेण पालन करेंगे। श्री अग्रवाल ने कोर कमेटी सदस्यों की तरफ से श्री यादव को आश्वस्त किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में हम सभी मिलकर भव्य और ऐतिहासिक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आंध्र में एनडीए का सीट शेयरिंग फॉर्मूला फाइनल, 17 टीडीपी, 6 बीजेपी और जनसेना को मिली 2 सीटें

नई दिल्ली(ए.)। देश में होने वाले आगामी आम चुनाव में अब कुछ ही वक्त बचा है. लोकसभा चुनाव के लिए राजनीतिक पार्टियों ने अपनी-अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं. तो दूसरी ओर बीजेपी साउथ में अपने दुर्ग को मजबूत बनाने के लिए क्षेत्रीय दलों से बातचीत कर रहा है।

अब जानकारी आ रही है कि भाजपा, चंद्रबाबू नायडू की तेलुगु देशम पार्टी और पवन कल्याण की पार्टी जन सेना ने आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव साथ लड़ने का फैसला किया है. तीनों पार्टियों के बीच सीट शेयरिंग के फॅर्मूले पर सहमति बन गई है. आंध्र प्रदेश में टीडीपी 17 लोकसभा सीटों तो बीजेपी 6 सीटों पर चुनाव लड़ेगी और पवन कल्याण की पार्टी जनसेना 2 सीटों पर चुनावी मैदान में उतरेगी.

विधानसभा चुनाव के लिए भी हुआ गठबंधन

लोकसभा चुनाव के अलावा तीनों पार्टियों के बीच विधानसभा चुनाव को लेकर भी गठबंधन हुआ है. विधानसभा चुनाव में टीडीपी 144, बीजेपी 10 और जेएसपी 21 सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

पुराना है टीडीपी और बीजेपी का नाता

आपको बता दें कि बीजेपी और टीडीपी का रिश्ता बहुत पुराना है. दोनों पार्टियों का पहली बार गठबंधन साल 1996 में हुआ था. तब टीडीपी एनडीए में शामिल हुई थी. दोनों ने साल 2014 में लोकसभा चुनाव और विधानसभा साथ लड़ा था, जबकि जेएसपी ने 2014 के चुनावों में बीजेपी का समर्थन किया था, लेकिन साल 2014 के बाद दोनों पार्टियों में मतभेद के बाद टीडीपी एनडीए से अलग हो गई. दोनों ने साल 2019 का लोकसभा और विधानसभा चुनाव अलग-अलग लड़ा था, जहां वाईआरएस कांग्रेस ने टीडीपी को करारी शिकस्त दी थी।

टीडीपी ने की लोगों से अपील

सीट शेयरिंग के फॅर्मूले पर जानकारी देते हुए चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि आज अमरावती में बीजेपी, टीडीपी और जेएसपी ने सीट बंटवारे का जबरदस्त फॅर्मूला बना गया है. मैं विनम्रतापूर्वक आंध्र प्रदेश के अपने लोगों से इस गठबंधन पर अपना आशीर्वाद बरसाने और हमें उनकी सेवा करने के लिए ऐतिहासिक जनादेश देने का आह्वान करता हूं।

सूत्रों का ये भी कहना है कि पीएम मोदी 17 मार्च को टीडीपी चंद्रबाबू नायडू के साथ गुंटूर जिले में एक बड़ी संयुक्त रैली कर सकते हैं. हालांकि, अभी इस बारे में आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

न्यूज गैलरी

पोरबंदर में 450 करोड़ की ड्रग्स जब्त, 6 पाकिस्तानी नागरिकों को दबोचा गया

नई दिल्ली(ए.)। गुजरात की समुद्र सीमा पर पोरबंदर के पास 450 करोड़ की ड्रग्स पकड़े जाने का मामला सामने आया है। एनसीबी, कोस्ट गार्ड और गुजरात एटीएस के साझा ऑपरेशन के तहत यह कार्रवाई हुई है। जानकारी के मुताबिक पकड़े गए 6 तस्कर पाकिस्तानी हैं। सीक्रेट जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी), भारतीय तटरक्षक बल और गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) के अधिकारियों ने पाकिस्तानी नागरिकों को उस समय पकड़ लिया जब वे कल रात भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थेपिछले 30 दिनों में गुजरात के तट पर जब्त की गई यह दूसरी बड़ी ड्रग्स खेप है।

'भारत को तोड़ने का प्रोजेक्ट अभी भी जारी: राज्यपाल रवि

चेन्नई(ए.)। तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने कहा है कि भारत को तोड़ने का प्रोजेक्ट अभी भी चल रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग तो भारत को एक देश मानने से भी इनकार करते हैं। राज्यपाल के इस बयान को डीएमके नेता ए राजा के उस बयान का जवाब माना जा रहा है, जिसमें ए राजा ने भारत को एक देश मानने से ही इनकार कर दिया था और उनके बयान पर काफी हंगामा हुआ था। राज्यपाल आरएन रवि सोमवार को चेन्नई में एक बुक लॉन्च कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि 'यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस जगह को हजारों साल पहले ऋषियों ने बनाया और उन ऋषियों के विचारों ने ही भारत को बनाया, लेकिन वहीं पर इनका विरोध हो रहा है। भारत को तोड़ने का प्रोजेक्ट अंग्रेजों ने शुरू किया था और वह आज तक जारी है। कुछ लोग भारत को एक देश मानने से भी इनकार करते हैं। वे भगवान राम के अस्तित्व को भी नकारते हैं, लेकिन जब आप इससे इनकार करते हैं तो आप तमिल लोगों की संस्कृति और उनकी पहचान को तबाह के साथ ही सच्चाई से मुंह फेरने की कोशिश कर रहे होते हैं।' डीएमके नेता ए राजा ने बीते दिनों अपने एक बयान में कहा कि मुझे रामायण और भगवान राम में आस्था नहीं है। साथ ही उन्होंने भारत को एक देश मानने से भी इनकार कर दिया। ए राजा ने कहा कि 'अगर आप कहते हैं कि यह भगवान है। अगर यह आपका जय श्री राम है और आप भारत माता की जय कहते हैं तो हम कभी इसे स्वीकार नहीं करेंगे। तमिलनाडु कभी स्वीकार नहीं करेगा। हम राम के दुश्मन हैं और मुझे रामायण में आस्था नहीं है और भगवान राम में भी नहीं।' ए राजा ने भारत को एक देश मानने से भी इनकार किया। उन्होंने कहा कि 'भारत एक राष्ट्र नहीं है। भारत कभी राष्ट्र नहीं रहा, बल्कि एक उपमहाद्वीप है।

विपक्षी एकता को झटका, नहीं बन पा रही सीटों पर सहमति

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी पार्टी जनता दल यूनाईटेड को लेकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में गए

नई दिल्ली(ए.)। बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रयास से मई-जून में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ शुरू हुई विपक्षी एकजुटता का प्रयास राज्य में ही ध्वस्त हो गया दिख रहा है। लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी पार्टी जनता दल यूनाईटेड को लेकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में चले गए। तृणमूल कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल बिहार की सभी सीटों पर प्रत्याशी दे दिए। अब बिहार में भी एनडीए के खिलाफ विपक्षी एकता के ज्यादातर दलों को लोकसभा चुनाव में सीट नहीं मिलने जा रही है। महागठबंधन के तहत जितने दल थे या हैं, वही सीटों का बंटवारा कर रहे हैं।

आप की तैयारी का रुख बदल गया

अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी, शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, उद्धव ठाकरे गुट की शिवसेना के साथ शिबू सोरेन की झारखंड मुक्ति मोर्चा को भी इंडी एलायंस के तहत बिहार में लोकसभा सीट की उम्मीद थी। आम आदमी पार्टी ने पिछले हफ्ते भी सभी 40 सीटों पर तैयारी की बात कही थी, लेकिन अब वह भी बैकफुट पर नजर आ रहा है। सीएम नीतीश के गृह जिला नालंदा में पिछले हफ्ते आप के कार्यकर्ता सम्मेलन में पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष सह जोनल प्रभारी मनोज कुमार ने विधानसभा चुनाव पर फोकस करते हुए अपनी बातें रखीं। उन्होंने बिहार की सभी विधानसभा सीटों पर मतदाताओं के आप को लेकर उत्साहित होने की बात कही, लेकिन लोकसभा सीटों का जिक्र नहीं किया। यह हालत भी तब है, जब जून में जब विपक्षी एकता की पहली बैठक पटना में हुई थी तो केजरीवाल को प्रधानमंत्री मानने वाला पोस्टर तक लगाया गया था।

शिवसेना, राकांपा, झामुमो को भी चाहिए थी सीट

विपक्षी एकता की पटना में हुई पहली बैठक में केजरीवाल तो बीच से ही निकल गए थे, लेकिन शरद पवार, उद्धव ठाकरे, हेमंत सोरेन आदि ने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा था कि लोकसभा चुनाव में पूरे दमखम से पार्टी मेहनत करेगी। लेकिन, मौजूदा हालत देखें तो इंडी एलायंस में बिहार की सबसे बड़ी पार्टी लालू यादव के राष्ट्रीय जनता दल के अलावा सिर्फ कांग्रेस सक्रिय है। कांग्रेस के अंदर भी विधान परिषद् की एक सीट छीने जाने से गुस्सा है। वामदलों को उचित सीट बंटवारे की उम्मीद है, लेकिन वह अपनी मांग भी खुलकर नहीं रख रहे हैं। राज्यसभा के लिए दीपांकर भट्टाचार्य के नाम पर राजद-कांग्रेस की ओर से दरियादिली की उम्मीद थी, जो बेकार गई। जहां तक 2019 के चुनाव परिणाम का सवाल है तो राजद के पास एक भी सांसद नहीं हैं। कांग्रेस के पास एक। वामदलों का भी खाता बंद ही है।

खालिस्तानी-गैंगस्टर लिंक केस में एनआईए की बड़ी कार्रवाई, पंजाब समेत 4 राज्यों में छापेमारी

नई दिल्ली। खालिस्तानी-गैंगस्टर लिंक केस में राष्ट्रीय जांच एजेंसी देश के 4 राज्यों में छापेमारी कर रही हैं। पंजाब, राजस्थान, मध्य प्रदेश, हरियाणा और चंडीगढ़ में छापेमारी हो रही है। एनआईए की टीम ने पंजाब के मोगा जिले के कई ठिकानों पर छापेमारी की है। बता दें कि पिछले कुछ महीनों में खालिस्तान गतिविधियों में वृद्धि हुई है, जिसके बाद केंद्रीय जांच एजेंसियां सख्त हो गई और अब छापेमारी की जा रही है। ऐसे आरोप लग रहे हैं कि गैंगस्टर और खालिस्तानी आतंकियों के बीच साठगांठ है। इसी नेक्सस की छानबीन के लिए छापेमारी की जा रही है। पंजाब के मोगा में चल रही छापेमारी के दौरान मोगा पुलिस भी मौजूद है। मोगा के हलका निहाल सिंह वाला के गांव बिलासपुर में एनआईए की टीम छापेमारी कर रही है।

इससे पहले सितंबर 2023 में भी एनआईए ने खालिस्तानी गैंगस्टर नेक्सस के खिलाफ बड़ा एक्शन लिया था। जांच एजेंसी ने करीब 51 ठिकानों पर छापेमारी की थी। सितंबर में हुई छापेमारी के दौरान सबसे ज्यादा पंजाब में 30 जगहों पर एनआईएकी टीम पहुंची थी। राजस्थान में 13, हरियाणा में 4, उत्तराखंड में 2, दिल्ली- NCR और यूपी में 1-1 जगह छापेमारी की गई थी। एनआईएके मुताबिक विदेशों में बैठे खालिस्तानी और गैंगस्टर भारत मे ग्राउंड वर्कर को हवाला चैनल से ड्रग्स और हथियार के लिए फंडिंग कर रहे हैं।

पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा के बेटे के रिसॉर्ट पर पड़ा छापा, 2 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी का खुलासा

नई दिल्ली। भोपाल से एक टीम कल 11 मार्च को सुबह ग्वालियर पहुंची थी। उसका मिशन पूरी तरह से गोपनीय रखा गया था। भोपाल से पहुंची टीम में ग्वालियर जीएसटी अफसरों को भी बुलाया और उन्हें बगैर टास्क बताए अपनी गाड़ियों में बिठाकर सीधे नेशनल हाइवे पर स्थित अंचल के सबसे भव्य, विशाल और बड़े इम्पीरियल गोल्फ रिसॉर्ट्स पर पहुंचे। टीम के लोग ग्राहक बनकर अंदर घुसे, क्योंकि रिसॉर्ट्स के बाहर कड़ी निजी सुरक्षा व्यवस्था रहती है। अंदर पहुंचते ही उन्होंने पुलिस अफसरों को भी सूचना दे दी तो सिरोल थाने की फोर्स भी वहां पहुंच गई। यहां शुरू हुई कार्रवाई देर रात तक जारी रही, जबकि एक टीम अभी भी रिसॉर्ट्स के अंदर बताई गई है।

बताया गया है कि यह रिसॉर्ट्स शहर के प्रमुख बिल्डर रोहित बाधवा और अंशुमन मिश्रा का है। अंशुमन मिश्रा मध्यप्रदेश के कद्दावर भाजपा नेता और शिवराज सिंह चौहान के मंत्रिमंडल में गृहमंत्री रहे डॉ नरोत्तम मिश्रा के बेटे हैं। बताया गया कि जीएसटी टीम ने जांच के दौरान दोनों डायरेक्टर्स को भी बुला लिया था।

बदतर आबोहवा की दहलीज पर पहुंची दिल्ली

नई दिल्ली। राजधानी में हवा की गति कम होने व दिशा बदलने से आबोहवा खराब श्रेणी की दहलीज पर पहुंच गई है। सोमवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 200 रहा, जोकि मध्यम श्रेणी में है। इसमें रविवार के मुकाबले 18 सूचकांक की बढ़ोतरी दर्ज की गई। सर्वाधिक इलाकों में एक्यूआई 200 के पार दर्ज किया। दिल्ली की हवा समग्र रूप से मध्यम श्रेणी में बनी रही। मौसम विभाग के मुताबिक बृहस्पतिवार तक हवा मध्यम श्रेणी में बनी रहेगी।

भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के मुताबिक, सोमवार को औसतन चार किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से हवा उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर से चली। वहीं, मंगलवार को हवा उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर से चलेगी। इस दौरान हवा की गति चार से आठ किलोमीटर प्रतिघंटे रहने का अनुमान है। बुधवार को हवा उत्तर-पश्चिम दिशा से चल सकती है। हवा की गति 10 से 20 किमी रहने के आसार हैं। बृहस्पतिवार को हवा विभिन्न दिशा से चलने की संभावना है। इस दौरान हवा की गति चार से 16 किमी प्रति घंटे रहने की उम्मीद है।

सीपीसीबी के अनुसार एनसीआर में ग्रेटर नोएडा का सबसे अधिक वायु गुणवत्ता सूचकांक दर्ज किया गया। यहां एक्यूआई 264 रहा, यह खराब श्रेणी है। गुरुग्राम में 231, फरीदाबाद में 214, नोएडा में 203 व गाजियाबाद में 162 एक्यूआई दर्ज किया गया।

भाजपा नेता के हत्या का आरोपी गिरफ्तार

जौनपुर(वार्ता)। उत्तर प्रदेश की जौनपुर पुलिस ने बीती रात एक सशस्त्र मुठभेड़ के बाद भाजपा नेता प्रमोद यादव की हत्या के तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। मुठभेड़ के दौरान सिकरारा थानाध्यक्ष के बुलेट प्रूफ जैकेट पर एक गोली लगी जबकि जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली से एक बदमाश घायल हो गया।

देसंविवि में उत्सव- 2024 का दूसरा दिन

कबड्डी, गोलाफेंक, टेबल टेनिस में विद्यार्थियों ने दिखाया कौशल

लंबी कूद में वीना और दौड़ में जया यादव रही अव्वल

हरिद्वार। देवसंस्कृति विश्वविद्यालय में उत्सव-2024 का दूसरा दिन खेल के नाम रहा। विद्यार्थियों ने अपने अपने पसंदीदा खेल में उत्साह के साथ अपना कौशल दिखाया। लड़कियों कबड्डी, गोलाफेंक, बैटमिंटन, टेबल टेनिस, लंबीकूद, 100 और 200 मीटर आदि खेलों में अपना जबरदस्त दमखम दिखाया। तो वहीं मेंहदी, रंगोली, शास्त्रीय गायन, नृत्य, चित्रकला, स्वरचित कविता पाठ, प्रज्ञागीत अंताक्षरी, वाद विवाद आदि प्रतियोगिता में अपनी कला का हूनर दिखाया। इन खेलों व अन्य बौद्धिक प्रतियोगिताओं में छात्रों से छात्राएँ आगे दिखाई दी।देसंविवि के खेल अधिकारी श्री नरेन्द्र सिंह व श्रीमती श्रुति ओडुकले ने बताया कि देसंविवि युवाओं में वैचारिक क्रांति लाने के लिए जाने जाते है। यहाँ पाठ्यक्रम के साथ-साथ विभिन्न कार्यक्रमों में युवाओं को सकारात्मक प्रेरणाएँ देने वाली गतिविधियाँ संचालित की जाती हैं। उत्सव-24 में भी यह क्रम जारी है। उत्सव-24 का दूसरा दिन विभिन्न शारीरिक एवं बौद्धिक खेलों के नाम रहा।

लोकसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने के लिए श्रीनगर पहुंची चुनाव आयोग की टीम

जम्मू। जम्मू-कश्मीर में लोकसभा चुनाव को कामयाब बनाने के लिए हो रही तैयारियों का जायजा लेने के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में चुनाव आयोग की टीम सोमवार को प्रदेश के तीन दिवसीय दौरे पर श्रीनगर पहुंची। चुनाव आयोग की टीम प्रदेश प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चुनावी तैयारियों के संबंध में बैठक करेगी। इसके अलावा टीम जम्मू व श्रीनगर में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से बैठक कर लोकसभा चुनाव के आयोजन को लेकर उनकी उम्मीदों व सुझावों के बारे में जानकारी लेगी। टीम में मुख्य चुनाव आयुक्त व आयोग के नौ सदस्य शामिल हैं।

चुनाव आयोग की टीम मंगलवार को चुनाव को सुरक्षित बनाने के लिए जम्मू कश्मीर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक भी करेगी। इसके बाद आयोग की टीम बुधवार को जम्मू की नव्ज टटोलने के लिए पहुंचेगी। यह टीम जम्मू में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चुनाव संबंधी मुद्दों पर चर्चा करेगी।

केरल में एक दिन में आए इस बीमारी के 190 मरीज

तिरुवनन्तपुरम(ए.)। केरल में मम्प्स के मरीज तेजी से बढ़ने लगे हैं। एक ही दिन में इसके 190 मरीज सामने आने से हड़कंप मच गया है। मार्च महीने में ही इसके 2505 मामले सामने आ चुके हैं। केरल के स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से अलर्ट जारी किया गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी किए गए बयान के मुताबिक पिछले दो महीने में मम्प्स के 11467 मामले सामने आए हैं। यह बीमारी लोगों के इम्यून सिस्टम पर सीधा असर डालती है। इस बीमारी को चिपमंक चीक्स के नाम से भी जाना जाता है। इस बीमारी में बुखार, सिर दर्द, थकान, शरीर में दर्द, सलावरी ग्लैंड में सूजन जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। इस बीमारी में मरीज के गालों में सूजन आ जाती है। कई बार इस बीमारी के लक्षण सामने नहीं आ पाते हैं। कई बार इसके लक्षण दो से तीन सप्ताह बाद दिखाई देते हैं। बता दें कि मम्प्स एक वायरस पैरामिक्सोवायरस की वजह से फैलता है। इस किसी भी व्यक्ति में पीड़ित के संपर्क में आने से या फिर हवा में वॉटर ड्रॉप्लेट्स के माध्यम से ट्रांसफर हो सकता है और एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में बीमारी पैदा कर सकता है। अगर कोई व्यक्ति मम्प्स का शिकार होता है तो दिमाग में सूजन का भी खतरा पैदा हो सकता है। गंभीर मरीजों में यह पेन्क्रीयाज और टेस्टिकल्स को भी प्रभावित कर सकता है। इस बीमारी से बचने के लिए लोगों को मास्क और समय-समय पर हाथ धोने की सलाह दी जाती है। बच्चों के लिए इसकी वैक्सीन भी मौजूद है।

न्यूज गैलरी

सभी स्कूलों में 'प्रेरणा उत्सव' का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। नई शिक्षा नीति-2020 में निर्धारित मूल्यों के अनुरूप प्रेरणा कार्यक्रम में भारत की विविधता में एकता, वसुदेव कुटुंबकम और मूल्य पर आधारित शिक्षा का समावेश किया गया है। प्रेरणा कार्यक्रम में स्कूली बच्चों का पंजीयन प्रेरणा पोर्टल में 15 मार्च से प्रारंभ हो रहा है। प्रेरणा कार्यक्रम में प्रत्येक जिले के दो विद्यार्थी जिसमें एक बालक एवं एक बालिका और एक महिला अभिभावक शिक्षक को भी इस कार्यकम में शामिल किया जाएगा। प्रेरणा कार्यक्रम गुजरात राज्य के मेहसाणा जिले के वडनगर शहर में आयोजित होगा। यह प्रायोगिक ज्ञान पर आधारित एक सप्ताह का आवासीय प्रशिक्षण होगा। भारत सरकार द्वारा स्कूली बच्चों के लिए शुरू किए गए महत्वाकांप्रेरणा कार्यक्रम में प्रतिभागी किसी भी प्रकार के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय में कक्षा 9वीं से 12वीं स्तर के विद्यार्थी हो सकते हैं। प्रत्येक बैच में 20 प्रतिभागी विद्यार्थी (10 बालक एवं 10 बालिका) और 10 महिला अभिभावक शिक्षक कार्यक्रम में प्रतिभागी होंगे। प्रतिभागिता के लिए विद्यार्थियों को प्रेरणा पोर्टल अथवा उनके विद्यालय में जाकर पंजीयन करना होगा। पंजीयन नहीं होने की स्थिति में विद्यार्थी विद्यालय जाकर पंजीयन करा सकेगा। पंजीयन https://prerana.education.gov.in/ पोर्टल में होगा।

पीसीसी अध्यक्ष विमानन मंत्री को लिखा पत्र

रायपुर/नवप्रदेश। हवाई यात्रा के टिकिटों के दामों में तीन से चार गुना बढ़ोतरी को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने केंद्रीय उड्डयन मंत्री को पत्र

लिखकर यात्रा कम करवाने का आग्रह किया है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि कोरोना काल के बाद से अचानक एयरलाइंस कंपनियों के द्वारा हवाई किराया बढ़ाकर तीन से चार गुना तक कर दिया गया है, जबकि किराया बढ़ाये जाने जैसी कोई परिस्थिति देश में आज फिलहाल नहीं है। देश में ट्रेन के बाद हवाई यात्रा ही आम जनों के लिए यात्रा का सुगम माध्यम है, मगर किराया बढ़ाए जाने के कारण से मध्यम परिवार और आम यात्री हवाई यात्रा करने में अक्षम महसूस कर रहे है, वर्तमान में रायपुर से दिल्ली हवाई किराया 20,000-25,000 तक पहुंच रही है, जो कि मध्यम परिवार की पहुंच से बाहर है, व एयरलाइंस कंपनियों पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है। अतः आग्रह है कि जनता की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए एयरलाइंस कंपनियों को तत्काल किराया कम करने आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया जाये, ताकि मध्यम परिवार रायपुर से राजधानी तक आसानी से सफर कर सकें। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि दुर्भाग्य जनक है कि भाजपाई सांसद मोदी जी के डर से जनता की इस मूलभूत समस्या की जानबूझकर अनदेखी कर रहे? इस मामले को लेकर विमानन मंत्री से अनुरोध किया है कि कृपया आम जनों की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए रायपुर से राजधानी दिल्ली तक की हवाई यात्रा की किराया में कमी करें।

शराब के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। खरोरा पुलिस ने ग्राम सोनतरा में दबिश देकर 45 पाव देशी शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम सोनतरा में एक युवक अवैध रूप से शराब बेच रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी अनिल कुमार बघेल 31 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 45 पाव देशी शराब जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 4950 रुपए के आसपास बताई जा रही है।

गांजा के साथ दंपति गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। कबीरनगर पुलिस ने एलआईजी 40 में दबिश देकर 19 किलो गांजा के साथ एक दंपति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी दंपति के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एलआईजी 40 फेस 2 कबीरनगर में एक युवती मादक पदार्थ बेच रही है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपिया सपना कश्यप 24 व उसके पति पारस साह 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार दंपति के पास से 19 किलो गांजा जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 1 लाख 90 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

'अमृतकालः छत्तीसगढ़ विजन @2047' विजन डॉक्यूमेंट पर कार्य शुरू

- **सीएम विष्णु देव साय ने सभी विभागों के सचिवो के साथ आयोजित बैठक में प्रभावी विजन डॉक्यूमेंट बनाने के निर्देश दिये**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री एवं राज्य नीति आयोग के अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने अपने निवास कार्यालय में ''अमृतकालः छत्तीसगढ विजन@2047'' संबंधित विजन डॉक्यूमेंट बनाने की कार्ययोजना पर सभी विभागो के भारसाधक सचिवो के साथ बैठक ली। बैठक में मंत्री, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी ओ.पी. चौधरी भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने सम्बोधन में कहा कि 15 अगस्त 2023 को माननीय प्रधानमंत्री के द्वारा देश की आजादी के 100 वर्ष की पूर्णता पर 2047 तक राष्ट्र को विकसित राष्ट्र बनाने हेतु विजन साझा किया गया है, तथा अपेक्षा की गई है कि सभी राज्य विकसित भारत @2047 को साकार करने के लिए राज्य स्तर की नीतियों, कार्यक्रम व संसाधनों का प्रभावी क्रियान्वयन व उपयोग सुनिश्चित करें। साथ ही राज्य की खूबियों को पहचान कर अपेक्षित प्रगति प्राप्ति हेतु प्रभावी रणनीति व कार्ययोजना का समावेश कर विजन तैयार करें। इसी परिप्रेक्ष्य में, छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा आगामी राज्य स्थापना दिवस दिनांक 01 नवम्बर 2024 को राज्य का विजन डॉक्यूमेंट ''अमृतकालः छत्तीसगढ विजन @2047'' जारी किये जाने हेतु संकल्पित है। उन्होंने कहा कि विजन डॉक्यूमेंट में राज्य हेतु संभावित विकास क्षेत्रों जैसे कि ईन्फ्रास्ट्रक्चर विकास, कृषि आधुनीकीकरण, शिक्षा व कौशल विकास,GYAN आधारित विकास, निवेश को प्रोत्साहन, खनिज संसाधनो का प्रभावी उपयोग, रिन्यूवेबल एनर्जी, कॉटेज इंडस्ट्री विकास, प्रभावी फिस्कल व टैक्स पॉलिसी व तकनीक का उपयोग, छोटे एवं लघु उद्योगों को प्रोत्साहन, फूड प्रोसेसिंग मिलेट्स, टूरिज्म विकास, स्वास्थ्य व पोषण, जनजाति विकास, ग्रामीण विकास, नगरीय विकास हेतु - रणनीति व कार्ययोजना का समावेश होगा। जिसके आधार पर संबंधित विभाग अपने-अपने सेक्टर में अपेक्षित प्रगति प्राप्त कर विकसित छत्तीसगढ़ की परिकल्पना में महती भूमिका सुनिश्चित करेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने राज्य नीति आयोग द्वारा बेस्ट प्रेक्टिस संकलन हेतु तैयार किये गये ऑनलाईन डिजिटल पोर्टल 'नवोन्मेष पोर्टल' का लोकार्पण किया। इस पोर्टल का उद्देश्य बेस्ट प्रेक्टिसेस का प्रभावी व एक स्थान पर संकलन किया जाना है। जिसे अन्य जिले व विभाग संज्ञान में लेते हुये अपने कार्य क्षेत्रों में भी लागू करने हेतु प्रेरित होंगे तथा योजनाओं, गतिविधियों अंतर्गत बेहतर परिणाम प्राप्त कर सकेंगे।

मध्यप्रदेश के सीएम डॉ. मोहन यादव का वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने किया स्वागत

रायपुर/नवप्रदेश। इस अवसर पर विधायक राजेश मूणत, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आज यहां राजधानी रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पहुंचने पर छत्तीसगढ़ के वित्तमंत्री ओ.पी.चौधरी ने उनका आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक राजेश मूणत, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

महतारी वंदन योजना : 68.53 लाख महिलाओं के खातों में हुआ 636.44 करोड़ रूपए का भुगतान

रायपुर/नवप्रदेश। महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की 68.53 लाख महिलाओं के खातों में 636.44 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार योजना की शेष महिला हितग्राहियों के खातों में राशि का अंतरण प्रक्रियाधीन है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 मार्च को छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना की शुरूआत की गई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य में महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को एक-एक हजार रूपए डीबीटी के माध्यम से अंतरित किया गया। योजना के तहत एक-एक हजार रूपए प्रतिमाह के मान से साल में 12 हजार रूपए महिलाओं के बैंक खातों में अंतरित किए जाएंगे।

अमित चिमनानी की किताब 'मोदी मैजिक' का मांडविया ने किया विमोचन

- **आर्थिक मामलों के जानकार, छत्तीसगढ़ महालेखाकार के पूर्व सलाहकार व प्रदेश भाजपा के मीडिया प्रभारी हैं लेखक**

नई दिल्ली/रायपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने आर्थिक मामलों के जानकार, छत्तीसगढ़ महालेखाकार के पूर्व सलाहकार एवं प्रदेश भाजपा के मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी की किताब 'मोदी मैजिकः बदहाल से बेमिसाल भारत की कहानी आंकड़ों की जुबानी' का मंगलवार को यहां विमोचन किया। विमोचन कार्यक्रम में मंत्री मांडविया ने कहा, आंकड़ों के साथ सरकारों के कार्यों को प्रस्तुत करना निश्चित ही सराहनीय कार्य है। अमित चिमनानी की किताब मोदी मैजिक कई क्षेत्रों की तथ्यात्मक जानकारी दे रही है इससे सभी को सरकारों के कार्यों को समझने में आसानी होगी। अमित चिमनानी जी को पुनः इस कार्य के लिए बधाई देता हूं। इस मौके पर चिमनानी ने बताया कि वह पिछले कई महीनों से इस किताब के पीछे काम कर रहे थे। यह किताब आने वाले 50 वर्षों के लिए भी एक रेफरल किताब का काम करेगी, क्योंकि इस किताब में दो सरकारों संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के 10-10 सालो के कार्यकाल की आंकड़ों के आधार पर तुलना है।

नामी हस्तियों का एक्सपर्ट कमेंट इस किताब में

इस किताब की एक और खास बात यह भी है कि लगभग हर विषय के बाद उस क्षेत्र से जुड़ी हुई नामी हस्ती ने अपना एक्सपर्ट कमेंट इस किताब में दिया है जिसमें आध्यात्मिक गुरु, कई राष्ट्रीय अर्थशास्त्री, टैक्स एक्सपर्ट्स सीए संगठन, टैक्स संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष,पूर्व अध्यक्ष, यहां तक की अंतरराष्ट्रीय व्यापार संघ से जुड़े लोगों के भी कमेंट इस किताब में शामिल है।

आईपीएस अमरेश मिश्रा को एसीबी-ईओडब्लू का अतिरिक्त प्रभार

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन द्वारा भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी अमरेश मिश्रा महानिरीक्षक रायपुर को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ पुलिस महानिरीक्षक, छत्तीसगढ़ राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण एवं एंटी करप्शन ब्यूरो, रायपुर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया। यह आदेश राज्य शासन के द्वारा बीती रात्रि 1:00 बजे जारी किया गया है। प्रथम अवसर है कि इस प्रकार का कार्यभार दिया गया है। इसके पूर्व तक आईजी के साथ इंटेलिजेंस का प्रभाव दिया जाता रहा है। इसके साथ ही पूर्व डीजी डीएम अवस्थी की सेवाएं समाप्त कर दी गई है। इसके पूर्व कांग्रेस सरकार के द्वारा उन्हें ओएसडी बनाया था।

एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल में इंटर-हॉस्पिटल क्विज कंपीटीशन का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। विश्व किडनी सप्ताह के अवसर पररायपुर के एमएमआईनारायणा हॉस्पिटल ने इंटर-हॉस्पिटल क्विज कंपीटीशन का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न अस्पतालों से 14 टीमों ने भाग लिया, जिसका उद्देश्य किडनी की देखभाल औरसमय पर उपचार के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। इस मनोहर एवं जानकारीपूर्ण क्विज कंपीटीशन मे डॉ. सुनील धर्मानी (नेफ्रोलॉजी), डॉ. राजेंद्र परघनिया (इंटरनल मेडिसिन), डॉ. प्रदीप शर्मा (क्रिटिकल केयर), डॉ. मुकेश शर्मा (इंटरनल मेडिसिन), डॉ. अजय मिश्रा (इमर्जेंसी), और डॉ. तरुण मिश्रा (एंडोक्रिनोलॉजी) ने किडनी स्वास्थ्य के महत्व को बताया । कंपीटीशन के माध्यम से किडनी से संबधित बीमारी के लक्षण, निवारण एवंस्वस्थ जीवनशैली को अपनानेऔर नियमित जांच के महत्व को बताने का एक अद्वितीय मंच प्रदान किया।

कार्यक्र म ने चिकित्सा समुदाय से भरपूर समर्थन प्राप्त किया, जिसमें डॉ. फेरोज मेमन (इंटरनल मेडिसिन), डॉ. आर.जी. धृतलहरे (इंटरनल मेडिसिन) उपस्थित थे। क्विज़ में, प्रथम स्थान बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसके डॉ. औम बापट और डॉ. सत्यसीशप्रतिनिधि थे,द्वितीयस्थान एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल ने हासिल की, जिसमें डॉ. रिशाभ ढोल और डॉ।. अमित तेकेश्वर तुर्कर प्रतिनिधि थे। तृत्यस्थान मेकहरा हॉस्पिटल ने हासिल किया, जिसमें डॉ। रिचा भारद्वाज और डॉ। आयुषी गोयल प्रतिनिधि थे, एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल ने उनकी उपलब्धियों की पहचान करते हुए उन्हें बधाई एवं पारितोषिकदेकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम मे उपस्थित सभी अस्पताल बालाजी हॉस्पिटल, आर.के.सी.एच हॉस्पिटल, एम्स रायपुर, सी.आई.एम.एस बिलासपुर, एस.एस.आई.एम.एस हॉस्पिटल, आर.आई.एम.एस हॉस्पिटल, मेकाहरा हॉस्पिटल एवं जे.एल.एन हॉस्पिटल को एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल धन्यवाद देता है । इंटर-हॉस्पिटल क्विज कंपीटीशन ने समुदाय में किडनी स्वास्थ्य को प्रमोट करने के लिए जागरूकता और सहयोग के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की गई।

सीएए लागू करने के लिए सीएम साय ने पीएम मोदी और गृह मंत्री शाह को दी शुभकामनाएं

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सीएए लागू करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) की अधिसूचना के तहत अब तीन पड़ोसी देशों के अल्पसंख्यकों को भारत की नागरिकता मिल सकेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दृढ़ संकल्प से अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश से आये अल्पसंख्यकों की बड़ी बाधा दूर हुई। सीएए के लागू होने से इन तीनों देशों में उत्पीड़न का शिकार हुए हमारे भाई-बहनों को संबल मिलेगा। उन्हें नागरिकता का लाभ मिलेगा और वे सारी सुविधाएं हासिल कर सकेंगे जो भारत के नागरिक को मिलती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं उन लोगों के साहस को नमन करता हूँ जिन्होंने धार्मिक उत्पीड़न के बावजूद अपना धर्म नहीं बदला। नागरिकता नियमों की वजह से उन्हें भारत में शरण लेने के बावजूद नागरिकता मिलने में दिक्कत आ रही थी। मोदी जी की सरकार ने उनकी पीड़ा को संवेदनशीलता से समझा और सीएए अर्थात सिटीजनशिप एमेंडमेंट एक्ट लेकर आये। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भी बड़ी संख्या में लोग 2014 से पूर्व धार्मिक उत्पीड़न का शिकार होकर बसे हैं।

मुगलों के राज को चुनौती देने वाले वीर थे संभाजी महाराज : काले

रायपुर/नवप्रदेश। छत्रपति शिवाजी महाराज के बड़े बेटे छत्रपति संभाजी महाराज मुगल साम्राज्य के विस्तार में सबसे बड़े बाधक थे। सन् 1682 से 1688 के बीच दक्कन पर कब्जा करने के लिए औरंगज़ेब ने रामशेज किले पर कई बार हमला किया लेकिन हर बार उसे दबे पांव लौटना पड़ा था। सबसे पहले जब औरंगजेब ने मध्य प्रदेश के बुरहानपुर में दक्कन में प्रवेश के लिए हमले की योजना बनाई, तो इसकी भनक संभाजी को लग गई और उन्होंने औरंगजेब पर पहले ही हमला कर दिया और रामशेज किले पर कब्जा कर लिया। यह मुगलों के लिए बड़ा झटका था। महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने सोमवार को छत्रपति संभाजी महाराज की पुण्यतिथि कार्यक्रम में इस आशय के विचार व्यक्त किए। चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल में आयोजित इस कार्यक्रम में काले ने कहा कि संभाजी महाराज जितने मुगलों को खटकते थे, उतने ही पुर्तगालियों की आंखों के भी कांटा थे।क्योंकि गोवा में पुर्तगालियों की दमनकारी नीतियों के खिलाफ संभाजी महाराज की सेना बेहद आक्रामक थी। उन पर लगातार छापामार युद्ध करके उन्हें कमजोर कर रही थी। काले ने कहा कि यही वजह था कि एक समय में पुर्तगालियों ने मुगलों से हाथ मिला लिया था। महाराष्ट्र नाट्य मंडल के निर्देशक अनिल कालेले ने कहा कि छत्रपति संभाजी महाराज की सबसे बड़ी ताकत उनके सेनापति और प्रिय मित्र हंबीराव मोहिते थे। साल 1687 में वाई की लड़ाई में सेनापति मोहिते मारे गए।

श्रवण क्षमता में कमी को न करें नजरअंदाज

- **एम्स के ईएनटी विशेषज्ञों ने बलौदाबाजार में कैंप आयोजित कर ग्रामीणों का किया उपचार**

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के ईएनटी विभाग के विशेषज्ञों ने बलौदा बाजार के छेरकापुर ग्राम में श्रवण जांच शिविर आयोजित कर 300 से अधिक रोगियों का चेकअप किया। इसमें 100 से अधिक रोगियों को कान, नाक और गले संबंधी उपचार प्रदान किया गया। गंभीर रोगियों को अग्रिम जांच और उपचार के लिए एम्स में रेफर किया गया।

विभागाध्यक्ष डॉ. रेनू राजगुरु के निर्देशन में आयोजित शिविर में ग्रामीणों को अधिक उम्र की वजह से श्रवण क्षमता में आ रही कमी को नजर अंदाज न करके इसका समय पर इलाज कराने के लिए कहा गया। इसके साथ ही ग्रामीणों को जन्म से बहरापन की समस्या के बारे में जागरूक करते हुए कॉकलियर इंप्लांट और स्पीच थैरेपी के बारे में बताया गया। सभी जांच एम्स के ईएनटी विभाग की साउंड प्रूफ बस में की गई। डॉ. सतीश सातपुते ने गंभीर रोगियों का चेकअप कर शेष उपचार के लिए एम्स रेफर किया। इस अवसर पर ऑडियोलॉजिस्ट शशांक नेमा और उनकी टीम ने भी सहयोग प्रदान किया।

ब्राह्मण समाज का परिचय सम्मेलन और सम्मान समारोह आयोजित

रायपुर/नवप्रदेश। जिला दुर्ग में युवक-युवती परित्यक्ता, कात्यायनी परिचय सम्मेलन व सम्मान समारोह भगवान परशुराम के पूजा अर्चना व द्वीप प्रज्वलित कर पद्मसम्माननीय अनुज शर्मा विधायक धरसिंवा व सम्मा. गजेन्द्र यादव विधायक दुर्ग शहर, कैलाशधर दीवान सीएम्डी, कमलनारायण शर्मा, अध्यक्ष सरयूपारीन, ब्राह्मण समाज,प्रवीण तिवारी अध्यक्ष आर सी एस कालेज दुर्ग,भारती किरण शर्मा , अध्यक्ष, निशा तिवारी अध्यक्ष ना.प्र.के आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित हुआ परिचय सम्मेलन में महिला पुरुष मिलाकर 240 लोग सम्मिलित हुए आज के कार्यक्रम में 550 की संख्या में अलग-अलग जिलों से आए विप्रजनों की उपस्थिति कार्यक्रम के सफलता में चार चांद लगा दिया। डॉ हंसा शुक्ला, आरती दीवान,ओम उपाध्याय, दीपाली पाण्डेय, गार्गी शुक्ला, डॉ सीपी दुबे, डॉ आकांक्षा दुबे, श्वेता मिश्रा, स्वप्निल कर्महे,सरला शर्मा, शीला शर्मा,माया शर्मा, श्रेया मिश्रा, निशा आनंद तिवारी,सुमन पाण्डेय 15 लोगो का शिक्षा, वीरता, साहित्य, लेखक, कविता, जर्नलिज्म, गोल्ड मेडलिस्ट, क्षेत्र में उत्कृष्ट स्थान रखने वाले मातृशक्ति व विप्रवरों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में तुलिका तिवारी जिला अध्यक्ष ना प्र,मंयक शर्मा जिलाध्यक्ष दुर्ग, प्रदेश पदाधिकारी भारती तिवारी, ममता तिवारी,आशा शुक्ला,अजय शुक्ला , मुकेश शर्मा, जिला पदाधिकारी दुर्गेश नंदिनी दुबे,आरती शर्मा, आरती शुक्ला, ज्योति द्विवेदी, पूनम शर्मा, अनिता शर्मा,शिखा मिश्रा,सविता शर्मा, संगीता उपाध्याय, गीतांजलि तिवारी,इंदू दुबे,मंजूला तिवारी, मनोरमा पाण्डेय, संध्या तिवारी, सुमन पाण्डेय, सुप्रिया तिवारी, विद्या पाण्डेय, मोनिका दुबे,देविका दुबे, रानी दुबे ,अनिता पाण्डेय, रानी उपाध्याय, कल्पना जोशी, नीतू शर्मा, श्यामा चौबे व समस्त दुर्ग पदाधिकारियों ने अतुलनीय योगदान से कार्यक्रम सफल हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश पदाधिकारी विजय लक्ष्मी शर्मा,, डॉ सरिता दुबे,प्रीति शुक्ला,सरिता तरूण शर्मा, सुनीता मिश्रा,श ाजिन्ता शुक्ला, मेघराज तिवारी,रश्मि शर्मा, वन्दना तिवारी बिलासपुर, वन्दना तिवारी राजनांदगांव, श्वेता शुक्ला, कमलेश शर्मा, मुकेश शर्मा, ईश्वर प्रसाद शर्मा,पं.राजू महराज, पूर्णानंद महराज,गौरव दुबे, प्रकाश दुबे, हितेश तिवारी, सौरभ पाण्डेय, हेमलता शुक्ला, रानी दुबे, अलका दीवान, कृतार्थ शर्मा, जगन्नाथ तिवारी, राहुल पंडित, बद्रीनाथ तिवारी, सुषमा शुक्ला,सुहानी शर्मा संतोष उपाध्याय, बबलू उपाध्याय, तोषानंद शुक्ला,सतीश शर्मा, अनुरमा शुक्ला व अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता व विप्रजनों की उपस्थिति रही।

सुविचार

जो अच्छा लगता है उसे गौर से मत देखो, हो सकता है उसमें कोई बुराई दिख जाए। जो बुरा लगता है उसे जरूर गौर से देखो, मुमकिन है कोई अच्छाई नजर आ जाए। - अज्ञात

संपादकीय

सीएए का विरोध समझ से परे

केन्द्र सरकार ने आखिरकार सीएए लागू करने की घोषणा कर दी नागरिकता संसोधन कानून को पहले ही संसद ने पारित कर दिया था जिस समय सीएए संसद में आया था उस समय भी विपक्षी पार्टियों ने इसका विरोध किया था किन्तु संसद के दोनों सदनो में इसे पारित कर दिया गया था। अब गृह मंत्री अमित शाह ने इसे लागू करने की घोषणा कर दी है। गौरतलब है कि 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी ने नागरिकता संसोधन कानून को अपने चुनावी घोषणा पत्र में शामिल किया था अब इसके लिए अधिसूचना जारी होने के बाद भाजपा का एक और चुनावी वादा पूरा हो गया है। इस कानून के लागू होने के बाद अब पड़ौसी देश पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में प्रताड़ित होने वाले हिन्दु, बौध, जैन, सिख और ईसाई समुदाय के लोागों को भारत की नागकिता मिलने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। ऐसे लोग जो 2014 से पहले भारत आ चुके है वे ऑनलाइन आवेदन करके और निर्धारित प्रक्रिया पूरी करके भारत की नागरिकता प्राप्त कर सकेंगे। निश्चित रूप से सीएए लागू होने से पाकिस्तान बांग्लादेश और अफगानिस्तान में धर्म के नाम पर प्रताड़ित होने वाले हिन्दु अल्पसंख्यको भारी राहत मिलेगी। यह कानून वैसे तो बहुत पहले लागू हो जाना चाहिए था लेकिन पूर्व वर्ती सरकारों ने इस कानून को लागू करने में कोई दिलचस्पी नही दिखाई थी। किन्तु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने दृढ़ ईच्छा-शक्ति का परिचय दिया और इस बहुप्रतीक्षित कानून को लागू कर दिया। अब कई विपक्षी पार्टियां सीएए के विरोध में उतर आई है। प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने इस कानून की टाइमिंग पर सवाल उठाया है कांग्रेस नेता तारीक अनवर ने कहा है कि भाजपा के पास कोई मुद्दा नही है इसलिए सीएए लागू कर दिया गया है आम आदमी पार्टी के संयोजक और नई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने तो इसे गंदी राजनीति बताया है। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि हमें भेदभाव मंजूर नहीं है इसलिए हम सीएए को नामंजूर करते है। केरल के मुख्यमंत्री और माकपा नेता विजयन ने भी सीएए को विभाजनकारी बताते हुए इसका विरोध किया है। उत्तप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि दूसरे देश के लोगो को भारत की नागरिकता देने की क्या जरूरत है असदुद्दीन ओवैसी ने तो इस कानून का विरोध करते हुए फिर एक बार भड़काऊ बयान दिया है और लोगो से सीएए के विरोध में सड़को पर उतरने का आव्हान किया है। विपक्षी नेताओं के इन बयानों को मद्देनजर रखकर देश के सभी संवेदनशील इलाकों में सरकार ने अलर्ट जारी किया था और शाहिन बाग में तो पुलिस ने फ्लैग मार्च भी किया था। समझ में नहीं आता कि विपक्षी पार्टियों के नेता आखिर सीएए का विरोध क्यों कर रहें है। इस कानून के बारे में विपक्ष के कुछ नेता यह गलत बयानी भी कर रहे है कि इस कानून के लागू होने से भारत में रहने वाले अल्पसंख्यकों के साथ अन्याय होगा जबकि हकीकत यह है कि इस कानून के लागू होने से किसी की नागरिकता नही छिनी जायेगी। गृह मंत्री अमित शाह ने भी अल्पसंख्यकों को यह भरोसा दिलाया है कि इस कानून से किसी की भी नागरिकता खतरे में नहीं पड़ेगी। इसके बावजूद विपक्षी पार्टियों के कई नेता नागरिकता संसोधन कानून को लेकर लोगों में भ्रम फैला रहे है। बहरहाल सीएए लागू होने से वर्षो पूर्व पड़ौसी देशो से प्रताड़ित होकर भारत में शरणार्थी बने हिन्दुओं में हर्ष ही लहर दौड़ गई है। बंगाल में तो बंग्लादेश से आये शरणार्थियों ने जश्न मनाकर अपनी खुशी का इजहार किया वहीं राजस्थान में वर्षो पूर्व पाकिस्तान से आये सिंधी समाज के शरणार्थियों ने भी सीएए लागू होन पर हर्ष व्यक्त किया और मोदी सरकार के प्रति अभार जताया। जहां तक ममता बनर्जी और औवैसी के विरोध का प्रश्न है तो वे इस कानून को लेकर सिर्फ इसलिए हौवा खड़ा कर रहे है क्योंकि सीएए लागू होने से उनकी राजनीतिक दुकानदारी बंद होने का खतरा पैदा हो गया है। रही बात पाकिस्तान के मुसलमानों को भी भारत की नागरिकता देने की तो इसके लिए भी पहले से ही प्रावधान है पूर्व में पाकिस्तानी गायक अदनान शामी को भारत की नागरिकता दी गई थी और हाल ही में पाकिस्तान से भारत आई सीमा हैदर को भी भारत की नागरिकता देने पर विचार चल रहा है। गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट किया है कि पाकिस्तान बंग्लादेश और अफगानिस्तान से भी यदि कोई मुसलमान भारत की नागरिकता लेना के लिए अवेदन करेगा तो उस पर भी सरकार विचार करेगी। इसके बावजूद सीएए का विरोध होना वाकई समझ से परे है। बेहतर होगा कि सीएए को लेकर विपक्षी नेता व्यर्थ का बवाल खड़ा न करे और इसे लेकर भ्रम फैलान तथा भड़काऊ बयानबाजी करना बंद करे यदि उन्हें इसमें कोई दिक्कत है तो वे सरकार के इस फैसाले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटा सकते है। सरकार को भी चाहिए की वह नागरिकता संसोधन कानून को लेकर विपक्षी नेताओं के संदेह को दूर करे और सीएए को लेकर जो लोग अफवाहे उड़ा रहे है या भ्रम फैला रहे है उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करें ताकि सीएए को लेकर देश में माहौल न बिगड़ पाये।

नब्बे दिनों की विष्णु सरकार में सुशासन की दिखी लालिमा

एल.डी.मानिकपुरी, सहायक जनसम्पर्क अधिकारी, कोरिया)

मातृ शक्ति का किया वंदन

डबल इंजन वाली विष्णु देव सरकार ने मोदी की गारंटी पर मुहर लगाते हुए महतारी वन्दन योजना के तहत प्रदेश के 70 लाख से अधिक विवाहित महिलाओं के खाते में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने बाबा विश्वनाथ की धरती काशी से शुभारंभ किए और प्रथम किस्त की राशि करीब 700 करोड़ रुपए इन महिलाओं के खाते में अंतरित हुई। विष्णुदेव साय सरकार ने एक अहम फैसले लेते हुए छत्तीसगढ़ आबकारी नीति वित्तीय वर्ष 2024-25 का अनुमोदन किया है। साथ ही प्रदेश की आधी आबादी यानी माताओं एवं बहनों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया है कि कोई भी नई मदिरा दुकान नहीं खोली जाएगी। संवेदनशील मुख्यमंत्री श्री साय ने लोकतंत्र सेनानियों (मीसाबंदियों) की भावनाओं का सम्मान करते हुए 430 लोकतंत्र सेनानियों-आश्रितों को सम्मान निधि देने का निर्णय लिया। सचमुच 13 दिसम्बर 2023 छत्तीसगढ़ के इतिहास में एक ऐसे नाम दर्ज हुए हैं जो बरसो तक याद रखी जाएगी। महज 90 दिनों में विष्णु के सुशासन की लालिमा प्रदेशवासियों को देखने को मिली रही है।

बगिया के विष्णु - बिखेर रहे हैं खुशबू

जशपुर जिले के ग्राम बगिया के विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री पद की शपथ 13 दिसंबर 2023 को ली थी। आदिवासी सरगुजा संभाग, जशपुर जिले के यह पहले व्यक्ति है, जो छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बने। बगिया से निकले इस लाड़ले विष्णु देव ने महज नब्बे दिनों में अपने अडिग निर्णय से तीन करोड़ से अधिक प्रदेशवासियों के जीवन में एक खुशनुमा खुशहाली बिखेरने में सफलता अर्जित की है।

ईमानदार प्रयास नया मिसाल

वैसे तो किसी भी सरकार के लिए तीन माह का कार्यकाल बहुत ही कम होते हैं। लेकिन मुख्यमंत्री श्री विष्णु के मन में कुछ नया करने की इच्छा शक्ति, जनसरोकार के लिए योजना बनाने की जुनून और ईमानदार प्रयास ने महज तीन माह, एक मिसाल बना और एक नया रिकॉर्ड कायम की।

गरीबों के चेहरे में खुशियां

मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद ग्रामीणों के हित में निर्णय लिए। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत प्रदेश के 18 लाख से अधिक आवासहीनों को पक्का मकान देने के निर्णय ने इन लाखों गरीबों के चेहरे में खुशियां बिखेर दीं। प्रदेश के करीब 68 लाख अंत्योदय एवं प्राथमिकता राशनकार्डधारी परिवारों को अगले पांच वर्ष तक निःशुल्क खाद्यान्न देने के फैसले से इन परिवारों को भरपेट भोजन भी मिलेगा।

युवाओं के भविष्य सुरक्षित

प्रदेश के युवाओं के भविष्य को सुरक्षा प्रदान करते हुए छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा-2021 की शिकायतों की जांच सीबीआई से जांच कराने व यूपीएससी की तर्ज पर परीक्षा प्रणाली लागू करने जैसे महत्वपूर्ण निर्णय लिए। बेरोजगारों के हित में फैसला लेते हुए शासकीय सेवा में भर्ती हेतु स्थानीय निवासियों को अधिकतम आयु सीमा में दिसंबर 2028 तक छूट दी गई है।

किसानों के पीड़ा को किया दूर

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव दूरस्थ आदिवासी अंचल से होने के साथ एक मंजे हुए किसान पुत्र भी हैं, इसीलिए किसानों की पीड़ा को वे बेहतर समझते हैं। पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के अवसर पर राज्य के किसानों को दो साल के बकाया धान बोनस के भुगतान की गारंटी को पूरा करते हुए 13 लाख किसानों को 3 हजार 716 करोड़ रूपए का भुगतान की गई।

सबसे बड़ी राशि किसानों के खातों में

अपने वादे के अनुरूप किसानों के हित में खरीफ वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर प्रदेश के किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी की गई, 24 लाख 72 हजार किसानों से 144.92 लाख मीट्रिक टन रिकॉर्ड धान खरीदी की गई और अन्नदाताओं को 31 हजार 914 करोड़ रूपए का भुगतान भी किया गया तो 12 मार्च को ''कृषक उन्नति योजना'' के तहत समर्थन मूल्य की अंतर राशि 13 हजार 320 करोड़ रूपए अन्नदाताओं के खाते में प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव ने डीबीटी के माध्यम से पंहुचाने का साहसिक कार्य किए हैं।

आदिवासियों के हित में बड़ा निर्णय

प्रदेश के लाखों आदिवासी भाई-बहनों को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए तेंदूपत्ता संग्राहकों को संग्रहण पारिश्रमिक दर 4 हजार रूपए प्रतिमानक बोरा से बढ़ाकर 5 हजार 500 रूपए किया गया साथ ही तेंदूपत्ता संग्राहक सामाजिक सुरक्षा हेतु नवीन योजना संचालित किए जाने का निर्णय भी लिए हैं।

आस्था-विश्वास व भावनाओं का रखा ध्यान

प्रदेशवासियों के विश्वास व आस्था की भावनाओं को सम्मान देते हुए विष्णु सरकार ने रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना शुरू की। इस योजना के तहत प्रदेश के 18 से 75 आयु वर्ग के पात्र हितग्राहियों को अयोध्या धाम दर्शन के लिए विशेष ट्रेन शुरू की है, वहीं छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर नगरी राजिम के वैभव को फिर से स्थापित करने के लिए राजिम कुंभ (कल्प) की शुरूआत भी की।

आज का इतिहास

1759 हेली के धूमकेतु की 27वीं परिक्रमा के पेरिलीशन पैसेज को लेख्यांकित किया गया। 1897 सैन डिएगो स्टेट यूनिवर्सिटी की स्थापना की गयी। 1944 इटली और सोवियत संघ ने एक दूसरे के साथ राजनयिक संबंध दुबारा बहाल किए। 1963 खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये अर्जुन पुरस्कार की घोषणा हुई। 1988 दुनिया की सबसे लंबी और गहरी सुरंग सीकन टनल, जापान के हाकोडेट और अओमोरी शहरों के बीच खोली गई। 1996 स्कॉटलैंड के डनब्लेन के स्कूल में एक बंदूकधारी ने घुसकर गोलियों की बौछार कर दी जिसमें 16 बच्चे और उनके शिक्षक की मौत हो गई। 1996 थॉमस हैमिल्टन ने 16 किंडरगार्टन, उनके शिक्षक और खुद को मार डाला। 1999 शेख़ हमाज बिन ईसा अल ख़लीफ़ा बहरीन के नये शासक बने। 2002 राबर्ट मुगावे पुनः जिम्बाब्वे के राष्ट्रपति निर्वाचित हुए। 2008 नासा का अंतरिक्ष यान एंडेवर सकुशल अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुँचा। 2011 बिजली संयंत्र से परमाणु संदूषण के डर के कारण, 200,000 से अधिक लोगों को जापान से निकाला गया था।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

दुनिया की पहचान है औरत

दुनिया की पहचान है औरत; दुनिया पर एहसान है औरत; हर घर की जान है औरत; बेटी, माँ, बहन, भाभी बनकर, घर-घर की शान है औरत; ना समझो इसको तुम कमज़ोर कभी, ये है रिश्तों की डोर; मर्यादा और सम्मान है औरत।

गुरमीत कौर धनई

अखबार एक नशा है

अखबार एक नशा है हर कोई सुबह-सुबह फँसा है सारे विटामिन लिये है प्रोटीन,स्टार्च,आयरन,वसा है. देश-विदेश की खबरें लिए चाय की चुस्की के संग बीवी की डाँट के बावजूद इसको पढ़ने का अलग ही मज़ा है।

जे डी कुदाल

खास पाती | छुपा दर्द को मुस्कुराती है नारी

छुपा दर्द को मुस्कुराती है नारी समर्पण से घर 'घर बनाती है नारी। विदा हो के बाबुल के घर से जो आए पिया को है शिव रूप अंखियों बसाए यूँ शिव रूप शक्ति को पाती है नारी समर्पण से घर 'घर बनाती है नारी। भुला कर है खुद को जिए जा रही है वो अपमान का विष पिए जा रही है कि ममता सभी पर लुटाती है नारी समर्पण से घर 'घर बनाती है नारी। है आधार सृष्टि सृजन का वो फिर भी खिलौना बनी है स्वजन का वो फिर भी न अधिकार अपना जताती है नारी समर्पण से घर 'घर बनाती है नारी। समय है तनुज जाग जाओ जरा तुम है देवी न उसको लजाओ जरा तुम सुनो जननी दुर्गा कहाती है नारी समर्पण से घर 'घर बनाती है नारी। छुपा दर्द को मुस्कुराती है नारी समर्पण से घर 'घर बनाती है नारी।

सतीश मैथिल तनुज

उसके कोमल हृदय के अंदर मेरा हृदय

उसके कोमल हृदय के अंदर मेरा हृदय बसा हुआ है। आँखों की गहराई में उसकी प्रेम का सार भरा हुआ है। नये प्रेम की परिभाषा देती। मीलों का फासला तय करके मेरे हृदय द्वार पे दस्तक वो देती है। पुलकित करती मेरा उपवन अभिसार करुं या श्रृंगार करू बस जाऊं मै उसके चितवन।

सरिता शैल

शरण में जो भी जाते हैं प्रभु

शरण में जो भी जाते हैं प्रभु उपकार करते हैं करो निज भावना अर्पण तभी स्वीकार करते हैं नही उनसे छिपा कुछ भी कृपा रखते सदा हमपर वो पढ़ते कामना मन की स्वपन साकार करते हैं।

रवि पांडेय संयम

सूरत बदल जाती है सीरत बदल जाती है

सूरत बदल जाती है सीरत बदल जाती है ।। बटुए में हों पैसे तो जीनत बदल जाती है ।। अगर कोई हाल-चाल पूछनेवाला हो जिंदा। बीमार आदमी की तबीयत बदल जाती है ।। कहते हैं लक्ष्मी के रुप में बहुत खिंचाव है। तिजोरी खुली हो तो नीयत बदल जाती है ।। अब अगले जन्म का पाप-पुण्य है ढेंगे पर। पलक झपकते ही वसीयत बदल जाती है ।। बहुत आसान होता है औरों को ज्ञान देना। बात जब अपनी हो नसीहत बदल जाती है ।। चुनावी रजाई से महंगाई डायन जब झांके। रातों-रात सामान की कीमत बदल जाती है ।। वैसे आदमी एक सामाजिक प्राणी है वंदन। फायदा देखकर आदमीयत बदल जाती है ।।

मनीष सिंह वंदन

जी हाँ मैं स्त्री हूँ इस समस्त सृष्टि की समष्टि

जी हाँ..मैं स्त्री हूँ.. इस समस्त सृष्टि की समष्टि हूँ मैं स्त्री. अपने त्र पर....धारती हूँ त्रिशूल....महादेव का....अपने....आधे स् से...साधती हूँ तपस्या...महादेव की....अपनी....त्र की मात्रा....की ई से....बनाती हूँ ईश्वर....महादेव को....मेरा अस्तित्व....समाप्त होते ही....हो जाएंगे....अस्तित्वहीन.....महादेव भी....

अलका अग्रवाल

वो हर रोज पूछता था- कैसी है तू?

वो हर रोज पूछता था- कैसी है तू? वो हर रोज कहती ठीक हूँ कभी कभी कहती अच्छी हूँ मैं एक रोज कोई जवाब नही आया कभी नही आया फिर जवाब वो नही थी अब वो अगर अपना था तो जाना क्यों नही ? समझा क्यों नही? सही है ना?

प्रीति श्रीवास्तव

प्रेरक प्रसंग

अभिमानी की हार

अटलांटा को जूपिटर ने आशीर्वाद दिया था, तुझसे तेज कोई भी न दौड़ सकेगा, इसलिए उसने अहंकारवश यह घोषणा कर दी, जो उसे दौड़ में परास्त करेगा, वह उसी से विवाह करेगी। बहुत-से लोग आए पर वे अटलांटा को दौड़ में हरा न सके। एक मनुष्य ने जूपिटर (भगवान) से प्रार्थना की, हे प्रभु! मुझे अटलांटा से प्रेम है, किंतु उसकी तरह दौडने की शक्ति नहीं। मुझे वह शक्ति दो प्रभो ! मूर्ति बोली- पुत्र! यह वरदान तो अटलांटा को ही मिला है, पर हाँ एक उपाय है- अहंकारी व्यक्ति को विवेक नहीं होता, तुम दौड़ के रास्ते में कुछ स्वर्ण मुद्राएँ बिखेर देना, फिर जीत तुम्हारी होगी। उस व्यक्ति ने ऐसा ही किया। अटलांटा दौड़ी तो पर सिक्कों के लालच में बार-बार रुकी और वह आदमी आगे निकल गया। उसने अटलांटा को भी पा लिया और स्वर्ण मुद्राओं को भी।

QUIZ TIME

1) भारत में सिरप के रूप में उपलब्ध पहली कीमो दवा का नाम क्या है?

2) प्रति वर्ष राष्ट्रीय पक्षी दिवस कब मनाया जाता है?

3) 69 वां फ़िल्मफेयर पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ फ़िल्म पुरस्कार किस फ़िल्म को दिया गया?

4) वृक्षों एवं झाड़ियों की खेती करना क्या कहते है?

5) किसकी झांकी ने गणतंत्र दिवस परेड 2024 में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) प्रीवलियम (2) 5 जनवरी (3) 12वीं फेल (4) आर्बोरीकल्चर (5) संस्कृति मंत्रालय

आज का पंचांग

सूर्योदय : 06:43, सूर्यास्त : 06:30, चन्द्रोदय : 07:41, चन्द्रास्तः :20:47, **अयन : उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय)** ऋतुः : वसंत, शक सम्वतः : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वतः : 2080 (पिंगल), मास : फाल्गुन, पक्ष : शुक्ल, तिथि : चतुर्थी, नक्षत्र : अश्विनी, योग : ब्रह्म, प्रथम करण : कौलव (07:13 तक), द्वितीय करण : तैतिल (17:34 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : कुम्भ, चंद्र : मेष (20:29 से), मंगल : मकर (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मीन (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : कुम्भ (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (अस्त, पश्चिम, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:03 से 12:50, अमृत काल : 18:21 से 19:46, सर्वार्थसिद्धि योग : 20:29 से 30:29, अमृतसिद्धि योग : 20:29 से 30:29, रवियोग : 20:29 से 30:29, विजय मुहूर्त : 14:26 से 15:13, गोधूलि मुहूर्त : 18:21 से 18:45, सायाह्न सन्ध्या : 18:23 से 19:36 ,निशिता मुहूर्त : 24:02 से 24:50, राहुकाल : 12:00 से 13:30, राहुवास : पश्चिम, यमगण्ड : 09:28 से 10:57।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज दिन के पूर्वार्ध में आप भविष्य को लेकर चिंतित रहेंगे मानसिक चंचलता सही निर्णय नही लेने देगी।

वृषः आज का दिन आपके लिये शुभ रहेगा। पारिवारिक एवं सामाजिक मामलों में निष्पक्ष फैसले लेंगे जिससे आपकी छवि सम्मानजनक बनेगी।

मिथुनः आपके लिए आज का दिन परिश्रम साध्य रहेगा। महिलाये अपना काम।किसी ओर के ऊपर छोड़कर पछताएगी।

कर्कः आज के दिन आप धार्मिक कार्यो एवं गूढ विषयो के प्रति रुचि लेंगे तंत्र-मंत्र टोटको के प्रयोग भी कर सकते है।

सिंहः आज का दिन आपके लिए विपरीत फलदायी रहेगा। आज आप सोचेंगे कुछ परन्तु होगा उससे उल्टा।

कन्याः आज का दिन आपके लिए विजय दिलाने वाला रहेगा। आज आपकी वाणी में प्रखरता रहेगी आप जिस कार्यो को करेंगे उसे आसानी से पूर्ण कर लेंगे।

तुलाः आज के दिन आपको अधिक भाग दौड़ करनी पड़ेगी। लेकिन आज अपनी महात्त्वकांक्षाओ को पूर्ति होने पर प्रसन्न भी रहेंगे।

वृश्चिकः आज के दिन आपको अपने बुद्धि विवेक से काम लेना होगा तभी सोची हुई योजनाओ को किसी निष्कर्ष पर पहुचा सकेंगे।

धनुः आज का लगभग सारा दिन ही अशांति से भरा रहेगा। दिन का आरंभ परिवार में कलह से होगा आज आपका व्यवहार एवं भाषा बैठे बिठाये झगड़ा मोल लेगी।

मकरः दिन के पहले भाग में आप अपनी सोची हुई योजनाए पूर्ण कर सकते है अगर आलस्य या लापरवाही करी तो हाथ आये लाभ से वंचित भी हो सकते है।

कुंभः आज के दिन आपको अन्य दिनों की अपेक्षा ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। आज आप शीघ्र ही अपने कार्यो में जुट जाएंगे।

मीनः आज दिन के आरंभिक भाग में आपको किसी से शुभ समचार मिलेगा परिवार में मांगलिक कार्यक्रम की रूपरेखा बनाएंगे।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -361

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

ऊपर से नीचे

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 360 का हल

खा	म	खां			इं			
स	ह		ब	र	सा	त		प
	क	हा	नी		न	क	च	ढ़ा
त			स्ब			ली		ई
क	या	म	त		क	फ	न	
दी		र्दा		बा	बू		ह	वा
र	ह	ना		ल	त	खो	र	
	वा		नौ	क	र			सा
भा	ई		का			बा	द	ल

■ न्यूज गैलरी

निगम क्षेत्र में गुमठी संचालित मालिकों पर होगी कार्यवाही

अनुज्ञप्ति शुल्क एवं समेकित कर जल्द जमा करें

भिलाई/नवप्रदेश। पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्वावलंबन योजनांतर्गत विभिन्न स्थलों पर आबंटित गुमटी के आबंटितो नियमित रूप से अनुज्ञप्ति शुल्क एवं समेकित कर जमा नहीं करने के कारण शेष राशि जमा करने हेतु सूचना पत्र जारी किया गया है 28.03.2024 तक अपना बकाया राशि मुख्य कार्यालय के कक्ष क्रं. 16 में स्वयं उपस्थित होकर बकाया राशि जमा करें अन्यथा आपके आबंटन को निरस्त करने का कार्यवाही की जावेगी। जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी आबंटितो की होगी।

मृतक के परिजनों को मिली 8 लाख की आर्थिक सहायता

दुर्ग/नवप्रदेश। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने दुर्घटना में मृतक के परिजनों को 8 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड नं. 3 लक्ष्मी पारा नंदनी जामुल भिलाई-3 जिला दुर्ग निवासी श्री कौशल निषाद की विगत 30 मई 2021 को सांप काटने से मृत्यु हो गयी थी। इसी प्रकार ग्राम खोरपा भाठापारा तहसील पाटन जिला दुर्ग निवासी श्री आदित्य वर्मा की विगत 05 नवम्बर 2023 को खदान गड्ढे के पानी में डूबने से मृत्यु हो गयी थी। कलेक्टर द्वारा शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप स्व. कौशल निषाद की पत्नि श्रीमती झमिता निषाद को एवं स्व. आदित्य वर्मा के पिता श्री अंगद वर्मा को 4-4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में कौशल परीक्षा 14 को

दुर्ग/नवप्रदेश। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, दुर्ग नोडल के अंतर्गत दुर्ग जिले में स्थित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं हेतु व्यवसाय-स्टेनोग्राफर एवं सेक्रेट्रियल असिस्टेंट (हिन्दी/अंग्रेजी) एवं सेक्रेट्रियल प्रेक्टिस के लिए मेहमान प्रवक्ताओं के पात्र अभ्यर्थियों की गति कौशल परीक्षा लिया जाना है। उक्त कौशल परीक्षा आयोजन 14 मार्च 2024 को सुबह 11 बजे निर्धारित किया गया है। उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने वाले पात्र अभ्यर्थियों की सूची जिले की वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

महिला समूह सम्मान समारोह आज

भिलाई/नवप्रदेश। श्री चतुर्भुज मेमोरियल फाउंडेशन एवं बी.एस.पी ऑफिसर्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में महिला समूह समारोह का आयोजन बुधवार 13 मार्च को शाम पांच बजे प्रगति भवन,ऑफिसर्स एसोसिएशन सिविक सेंटर के सभागार में किया गया है। एक चयन समिति के द्वारा भिलाई परिक्षेत्र के ऐसे चुनिंदा महिला समूहों का चुनाव सम्मान हेतु किया गया है जिन्होंने अपनी रचनात्मक गतिविधियों से सिर्फ अपने शहर को ही नहीं, समूचे राज्य को गौरवान्वित किया है। समारोह का आयोजन श्री चतुर्भुज मेमोरियल फाउंडेशन के बारहवें स्थापना दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के संयुक्त अवसर पर किया जा रहा है।

विषम परिस्थिति में भी हंसकर चलना यादव समाज की पहचान: मोहन यादव

■ यादव सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में पहुंचे मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने किया राउत नृत्य

■ यादव समाज गौरव से किए गए सम्मानित

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। विषम परिस्थिति में भी हंसकर चलना यादव समाज की पहचान है युवाओं को भगवत गीता पढ़ना चाहिए इससे जीवन में विषम परिस्थितियों में भी हंसते हुए कार्य करने की सिख मिलती है। उक्त बाते मध्यप्रदेश के मुख्य मंत्री मोहन यादव ने मानस भवन में आयोजित यादव सम्मेलन एवं सम्मान समारोह के दौरान व्यक्त की मंच पर पहुंचने के पूर्व यादव समाज के राउत नाच कलादल को स्वागत में नृत्य करते देख उन्होंने थिरकते हुए राउत नृत्य किया इस दौरान श्री यादव को समाज के लोगों ने यादव गौरव सम्मान से सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री श्री यादव ने कहा कि समाज को शिक्षा का महत्व समझना चाहिए समाज के सभी लोगो का शिक्षित होना जरूरी है। मोदी सरकार की कुशल नीति और बेहतर नेतृत्व में देश के निचले तबके के लोग भी आगे बढ़ रहे है। मजबूत लोकतंत्र के लिए सभी समाज को एकजुट रहना जरूरी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विधायक गजेंद्र यादव ने कहा कि यादव समाज स्वाभिमानी समाज है। समाज ने अपनी संस्कृति और विरासत को संभाल कर रखा है। उन्होंने समाज के सभी क्षेत्रों में यादव समाज को आगे बढ़कर कार्य करने प्रेरित किये। समारोह में विशिष्ट रूप से मौजूद सांसद विजय बघेल, राजनांदगाव पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, पूर्व मंत्री व विधायक राजेश मुणत, यादव समाज के संरक्षक बिसरा राम यादव, माया बेलचंदन, संतोष पाण्डेय, राकेश यादव, भूपेंद्र सावन्त्री सहित सभी अतिथियों का समाज के युवाओ ने भगवा रंग की पगड़ी बांधकर स्वागत अभिनन्दन किया। मुख्यमंत्री मोहन यादव को अपने बीच पाकर यादव समाज के लोग काफी उत्साहित नजर आए, समाज की ओर से मुख्यमंत्री श्री यादव का हेलीपेड स्थल पर बड़ी आत्मीयता से स्वागत किया।

महिलाओ ने हेलिपेड से मंच तक पुष्प वर्षा की तो पुरुष वर्ग ने राउत नाच करते हुए अतिथि को कार्यक्रम स्थल तक लेकर आए इस दौरान मुख्यमंत्री श्री यादव द्वारा समाज के आराध्य श्रीकृष्ण के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के बाद जय यादव जय माधव के जयघोष लगाकर कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। समारोह में यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष गुलेन्द्र यादव, कोसरिया समाज अध्यक्ष बोधन यादव, प्रीतम, रामचंद्र, शंकर, कोमल, युवराज, नरेंद्र यादव, मेघनाथ, द्वारका, नन्दझारोखा, गोविंदालखन, कमलेश, आशीष, अभिषेक, अर्चना यादव, हरीश यादव ,वसुंधरा, सरोज, प्रेमलाल, संजय, रोमशंकर सहित बड़ी संख्या यादव समाज लोग उपस्थित रहे। मंच संचालन वीरेन्द्र यदु व खिलेन्द्र यादव ने किया।

जीवन जीने के गुर सिखाएंगे जैन धर्म गुरु ऋषभ सागर

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। उपाध्याय प्रवर परम पूज्य श्री महेंद्र सागर जी एवं मनीष सागर जी महाराज के शिष्य ऋषभ सागर जी दुर्ग नगर के ऋषभ नगर स्थित नवकार भवन में बच्चों के पालकों को जीवन में तालमेल बैठे हुए बच्चों को कैसे संस्कारवान, ज्ञानवान और अन्य जीवन जीने के तरीके सीखने जा रहे हैं जो कल 13 मार्च से 17 मार्च तक नवकार भवन दुर्ग में आयोजित होने वाला है जिसमें दी गई लिंक में अपना रजिस्ट्रेशन करा कर इस पांच दिवसीय शिविर में भाग लिया जा सकता है। बच्चों के माता-पिता को एवं गार्जियन को बच्चों के साथ कैसे तालमेल बैठाकर जीवन के हर मार्ग में कैसे सफल हो इन विषयों पर यह पांच दिवसी शिविर आधारित रहेगा। श्री ऋषभ सागर जी महाराज इसके पूर्व भी कई अन्य रोचक विषयों पर अपना प्रेरक मार्गदर्शन धर्म सभा में दे चुके हैं चुके हैं । आयोजित होने वाले यह शिविर इन विषयों पर आधारित होंगे।

शिविर के विषय

अपने बच्चों के लिए समय कैसे निकाले ?, अपने बच्चों को कितनी सुविधा दें ?कब दे ? क्यों दें ?, क्रोध से कैसे बचें?, अच्छा व्यवहार व अच्छी आदतें कैसे सीखें?, अपने बच्चों को कैसे प्रेरित करें?, अपने बच्चों का अच्छा ट्रेनर कैसे बने?, पनिशमेंट का सही तरीका क्या है?

श्री श्वेतांबर मूर्ति पूजक संघ के बैनर तले इस पांच दिवसीय शिविर मैं लगभग 275 लोगों ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया है आयोजन प्रतिदिन प्रातः 9:00 बजे से 10:00 बजे तक नवकार भवन में आयोजित है मूर्ति पूजक संघ के पदाधिकारी ने पालकों से इस शिविर में भाग लेकर अपनी सोच का दायरा बढ़ाने का आह्वान किया है

शिवनाथ नदी में छलांग लगाई युवती को मछुवारों ने बचाया

■ युवती को बचाने में लोगों की जागरूकता भी बनी मददगार

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। शिवनाथ नदी के पुराने पुल से नदी में छलांग लगाकर मंगलवार की सुबह एक युवती ने खुदकुशी का प्रयास किया। जिसे मौके पर मौजूद राहगीरों की जागरूकता और स्थानीय मछुवारों के साहस से सुरक्षित बचा लिया गया।

करीब 25 से 30 वर्षीय यह युवती केलाबाड़ी वार्ड की निवासी बताई गई है। उसने यह आत्मघाती कदम किस वजह से उठाने का प्रयास किया, फिलहाल इसका खुलासा नहीं हो पाया है। पुलगांव पुलिस की सूचना पर शिवनाथ नदी पहुंचे युवती के परिजनों ने युवती को समझा बुझाकर अपने साथ घर वापस ले गए। युवती को नदी से सुरक्षित बाहर निकलने में स्थानीय मछुवारे प्रभु निषाद और बंशीलाल ढीमर ने अपने साहस का परिचय दिया। जिनके कार्यों को लोगों की प्रशंसा मिल रही है। यहां यह बताना भी लाजिमी होगा कि मोटरसाइकिल से अंजोरा की ओर जा रहे विद्युत नगर निवासी शरद उईके और सुभाषनगर कसारीडीह निवासी प्रवीण साहू की जागरूकता और सक्रियता भी युवती को बचाने में मददगार साबित हुई है। उन्होंने जैसे ही युवती को नदी में डूबते देखा, वैसे ही बचाव बचाव के आवाज के साथ शोर मचाना शुरू कर दिया। तब तक स्थानीय मछुवारों की युवती पर नजर नहीं पड़ी थी, शोर सुनकर मछुवारों ने फुर्ती दिखाई और युवती तक पहुंचकर उसे नदी से सुरक्षित बाहर निकालकर अपने साहस का परिचय दिया।

बचपन के साथियों ने पुरानी यादों को किया ताजा

■ बीएसपी स्कूल नंबर - 2 के पूर्व छात्र-छात्राओं का रियूनियन हुआ

■ सबने कहा ऐसे ही मिलते रहें... फिर जिंदगी ना मिलेगी दोबारा

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा संचालित हायर सेकेंडरी स्कूल नंबर - 2 सेक्टर - 6 के पूर्व छात्र-छात्राओं के 1989 बैच का रियूनियन रविवार को मैत्रीबाग में हुआ । भिलाई के अलावा देश के अन्य प्रदेशों से आए पूर्व छात्र-छात्राओं ने एक दूसरे से मिलकर अपनी बातें कहीं। रियूनियन के पूर्व सभी ने सेक्टर - 6 नंबर -2 स्कूल जाकर अपनी यादों को ताज किया। वहां पर पढ़ाने वाले शिक्षकों को भी याद किया । रियूनियन में पहुंचे छात्र-छात्राओं ने पहले अपना-अपना परिचय दिया और वह कहां पर रहते हैं और क्या काम करते हैं इसकी भी जानकारी दी। सबने कहा ऐसे ही मिलते रहे... फिर जिंदगी ना मिलेगी दोबारा। मैत्रीबाग में आयोजित कार्यक्रम के दौरान संगीत कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था। जिसमें सभी पूर्व छात्र छात्राओं ने चढ़कर हिस्सा लिया। देर शाम तक चले विभिन्न प्रतियोगिताओं के अलावा वर्षों बाद सभी ने मैत्रीबाग जू में जाकर वहां पर भी अपने बचपन की यादों को ताजा कर कहा कि जब वे छोटे-छोटे बच्चे थे । तब अपने माता-पिता के साथ मैत्रीबाग जाया करते थे।

मोदी की गारंटी हो रही पूरी, किसानों को मिली अंतर की राशि

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। मोदी की एक और गारंटी पूरी हुई, विधानसभा चुनाव में किसानों से 3100? प्रति क्विंटल धान खरीदने का वादा किये थे जिसे आज डबल इंजन की सरकार ने पूरा कर अपना वादा निभाया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बटन दबाकर 24.72 लाख से अधिक किसानों के खाते में धान के अंतर की राशि हस्तांतरित किये। विवेकानंद सभागार में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक गजेंद्र यादव ने कहा की प्रदेश के किसान उन्नत और खुशहाल हो यही भाजपा का ध्येय है। डबल इंजन की सरकार समाज में प्रदेश के किसानों का विशेष ध्यान रखते गया है। छत्तीसगढ़ में कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों के खाते में आज अंतर की राशि सीधे खाते में भेजकर भाजपा सरकार ने विधानसभा चुनाव में किये वादे को पूरा किया है। छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय की सरकार ने किसानों को बड़ी सौगात दी है।

बीमार व्यक्ति से अच्छा व्यवहार एक थैरेपी है, विधायक : ललित

नव प्रदेश संवाददाता

रिसाली। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि अस्पताल पहुंचे बीमार व्यक्ति से अच्छा व्यवहार करे। यह व्यवहार एक थैरपी की तरह कार्य करता है। इसके बाद डॉक्टर दवाई दे। आप देखेंगे कि अल्प समय में ही आप के व्यवहार से 80 और 20 प्रतिशत दवा से ठीक हो जाएगा। उक्त बातें दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कही। उनकी अध्यक्षता में निकुम, रिसाली और उतई सामुदायीक अस्पतालों में गठित जीवनदीप समिति की सामान्य सभा हुई। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित ने कहा कि कार्यक्षेत्र में अनुशासन हिनता बर्दास्त नहीं करेंगे। अगर शिकायत मिलती है तो वे कड़ा रूख अपनाएंगे। चाहे वह रिश्तेदार क्यू न हो। विधायक ने कहा कि ऐसा कोई व्यवहार न करे जिसमें आप को झूठ का सहारा लेना पड़े। गलती हुई तो उसे स्वीकार करें। उन्होंने दो टूक कहा कि चिकित्सा अधिकारी व कर्मचारियों का काम सेवा करना हैं, अधिकारी कर्मचारी की समस्या के लिए वे बैठे है। जीवनदीप समिति की बैठक में रिसाली मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेण्डे, अंजोरा मंडल अध्यक्ष गिरीश साव, उतई मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल जी उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत डॉ. देवेन्द्र किशोर बेलचंदन, डॉ. मनीषा ठाकुर, डॉ. नरेन्द्र गोयल, राजेन्द्र वर्मा राजेन्द्र डहरे, विक्रम रामटेके ने किया।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा पत्र

पक्षकार का नाम - श्री मनोज राजपूत
रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट रजि.नं. 202403100400145

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि श्री मनोज राजपूत आ. जवाहर सिंह राजपूत निवासी नेहरू नगर भिलाई जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा (क्षेत्रफल)	प्रयोजन
सिकोला प.ह.न 17 तह. व जिला दुर्ग	13/5	0.1040हे. 11194 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति-दावा तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 07.03.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा पत्र

पक्षकार का नाम- मनोज राजपूत ले आउट्स प्रा.लि. मनोज राजपूत
रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट रजि.नं. 202403100400148

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि मनोज राजपूत ले आउट्स प्रा.लि.- मनोज राजपूत आ. स्व. जवाहर सिंह राजपूत निवासी नेहरू नगर भिलाई जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा (क्षेत्रफल)	प्रयोजन
सिकोला प.ह.न 17 तह. व जिला दुर्ग	18/45	0.0368हे. 3961 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति-दावा तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 07.03.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा पत्र

पक्षकार का नाम - श्री अश्विनी कुमार तिवारी
रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट रजि.नं. 202403100400149

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री अश्विनी कुमार तिवारी आ. स्व. रामभाउ तिवारी निवासी शंकर नगर दुर्ग जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा (क्षेत्रफल)	प्रयोजन
ग्राम-करहीडीह प.ह.न 15 तह. व जिला दुर्ग	184/20	0.0185हे. 2000 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति-दावा तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 07.03.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा पत्र

पक्षकार का नाम - श्री रामफल यादव
रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट रजि.नं. 202403100400146

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री रामफल यादव आ. श्री प्रहलाद यादव निवासी चिखली दुर्ग जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा (क्षेत्रफल)	प्रयोजन
ग्राम-सिकोला प.ह.न 17 तह. व जिला दुर्ग	24/49	0.0137हे. 1480 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति-दावा तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 07.03.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा पत्र

पक्षकार का नाम - श्री आकाश ताम्रकार
रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट रजि.नं. 202403100400147

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री आकाश ताम्रकार आ. श्री घनश्याम दास ताम्रकार दुर्ग जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा (क्षेत्रफल)	प्रयोजन
ग्राम-सिकोला प.ह.न 17 तह. व जिला दुर्ग	24/50	0.0092हे. 1000 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति-दावा तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 07.03.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 2

मामले की श्रेणी- राजस्व
संदर्भ- जिला दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.नं. 00016 उरला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी 202324430107200047

ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.नं. 00016 के अंतर्गत ग्राम उरला के वर्तमान भूमिस्वामी ममता शर्मा पिता/पति अनिल शर्मा पता-आमदी राम मंदिर स्टेशन रोड के पास दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 665/17 (0.0190) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता राजीव मल्लिक पिता/पति ब्रजेश्वर मल्लिक पता- 20/ए वार्ड नं. 59 साकेत कालोनी कातुलबोर्ड दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 01/04/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 2 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आमुख्त्यारनामा के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09/03/2024 को जारी किया जाता है।

सील — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार धमधा, जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202402100800103
ब/121 वर्ष 2024-25
ग्राम- भाठाकोकड़ी प.ह.नं. 08

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सोमित निषाद पिता ठाकुरराम निषाद निवासी ग्राम भाठाकोकड़ी प.ह.नं. 08 तहसील धमधा, जिला दुर्ग द्वारा अपने दादी ढुलेना बाई पति पुरूराम की दिनांक 08/05/2010 को स्थान ग्राम भाठाकोकड़ी में मृत्यु हो गया है। मृत्यु का पंजीयन किसी भी स्थान या जिले में पंजीयन नहीं होने से संबंधित विभाग में मृत्यु का पंजीयन करने स्थानीय रजिस्ट्रार (जन्म/मृत्यु) को जन्म मृत्यु रजिस्ट्रीकरण म.प्र. (सह पठित छ.ग. राज्य) नियम 1973 के नियम 10 (3) के अंतर्गत निर्देश/आदेश देने हेतु आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, सरपंच प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति आवेदन में संलग्न कर इस न्यायालय में पेश किया गया है।

यदि जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त संबंध में कोई आपत्ति/दावा हो तो स्वयं अथवा विधिक अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 15/03/2024 को लिखित में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 01/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुहर से जारी किया गया है।
जारी दिनांक 01/03/2024
पेशी दिनांक 15/03/2024

सील — तहसीलदार धमधा (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार धमधा, जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202402100800060
ब/121 वर्ष 2024-25
ग्राम- भाठाकोकड़ी प.ह.नं. 08

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक याद राम वर्मा आ. जीवराखन वर्मा निवासी ग्राम भाठाकोकड़ी तहसील धमधा जिला दुर्ग द्वारा अपने दादा डोमार पिता कंवली का दिनांक 17/03/1979 को स्थान ग्राम भाठाकोकड़ी में मृत्यु हो गया है। मृत्यु का पंजीयन किसी भी स्थान या जिले में पंजीयन नहीं होने से संबंधित विभाग में मृत्यु का पंजीयन करने स्थानीय रजिस्ट्रार (जन्म/मृत्यु) को जन्म मृत्यु रजिस्ट्रीकरण म.प्र. (सह पठित छ.ग. राज्य) नियम 1973 के नियम 10 (3) के अंतर्गत निर्देश/आदेश देने हेतु आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, सरपंच प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति आवेदन में संलग्न कर इस न्यायालय में पेश किया गया है।

यदि जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त संबंध में कोई आपत्ति/दावा हो तो स्वयं अथवा विधिक अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 13/03/2024 को लिखित में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 04/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुहर से जारी किया गया है।
जारी दिनांक 04/03/2024
पेशी दिनांक 13/03/2024

सील — तहसीलदार धमधा (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

प.नं. 202403100400182
अ-2/2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका ज्योति सेन आ./पति ईश्वर लाल सेन निवासी बोहारडीह तह. पाटन द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.नं. 53 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 813/11 रकबा 0.0150 हे. 1673 वर्गफीट (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.सा. सं. की धारा 59 (2) के तहत पुर्ननिर्धारण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 11/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

प.नं. 202403100400185
अ-2/2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका प्रीति साहू आ./पति धनेश्वर सिंह साहू निवासी- सेक्टर 10 भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.नं. 53 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 1005/3 रकबा 0.020 हे. 2202 वर्गफीट (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.सा. सं. की धारा 59 (2) के तहत पुर्ननिर्धारण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 11/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई-3 के न्यायालय में मामला क्रमांक 202306104300132

विषय अ-6-अ मामले की श्रेणी राजस्व सन 2022-23
कुगदा प.ह.नं. 00013 (हे.)
पक्षकारों का विवरण
आवेदक पक्षकार- मनवीर कौर,
अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

आवेदिका श्रीमती मनवीर कौर पति गुरदीप सिंह निवासी ग्राम गोविंद नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि मौजा ग्राम कुगदा प.ह.नं. 11, रा.नि.मं. कुम्हारी तहसील भिलाई-03 जिला दुर्ग (छ.ग.) स्थित भूमि ख.नं. 277/2, 277/3 रकबा 0.235, 0.186 हे. भूमि पर आवेदिका के नाम पर दर्ज थी जो वर्तमान राजस्व अभिलेख में त्रुटिवश ख.नं. 277/2, 277/3 आवेदिका के नाम पर दर्ज नहीं है जिसे सुधार करने हेतु आवेदन किया गया है।

अतः उक्त प्रकरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को उजर दावा आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित रूप से नियत दिनांक 14/03/2024 तक इस न्यायालय में दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20/02/2024 को जारी किया जाता है।

सील — नायब तहसीलदार पाटन 2 तहसील पाटन

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

पं.नं. 202403100400177/
अ-2/2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका निमिता मित्तल आ./पति अरूण कुमार मित्तल निवासी- कादम्बरी नगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उरला प.ह.नं. 17/7 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं 659/19 रकबा 0.029 हे. 3150 वर्गफीट (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके सबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वंय अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 11/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग

पं.नं. 202403100400176/
अ-2/2023-24

उद्घोषणा

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका निमिता मित्तल आ./पति अरूण कुमार मित्तल निवासी - कादम्बरी नगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उरला प.ह.नं. 17/7 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं 633/69, 633/70 रकबा 0.014 हे. 1500 वर्गफीट (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके सबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वंय अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 11/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-20(3) वर्ष 2023-24
ई/सी 202403103800007

आवेदक इतवारी दास आ. चन्दर दास निवासी सिंकोला बस्ती वार्ड नं. 15 दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट क्र. 71 ए भूखंड क्र. 105/2 क्षेत्रफल 95 वर्गमीटर भूमि धारक चन्दरदास आ. हरिराम सतनामी नि. सिंकोला बस्ती के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक द्वारा उक्त भूखंड का टु. क्षेत्रफल 24.45 वर्गमीटर भूमि आवेदक इतवारी दास आ. चन्दर दास उक्त पंजीकृत उपहार पत्र के आधार पर दिनांक 01.03.2024 को निष्पादित किया है। आवेदक द्वारा उक्त पंजीकृत उपहार पत्र के आधार पर प्रश्नाधीन उपहार में प्राप्त भूखंड से उपहारकर्ता का नाम विलोपित कर स्वयं का नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 28.03.2024 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भूखंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.03.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील — नजूल जांच अधिकारी दुर्ग

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-20(3) वर्ष 2023-24
ई/सी 202403103800008

आवेदक दुखुराम आ. चन्दर दास निवासी सिकोली बस्ती वार्ड नं. 15 दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किय है कि दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट क्र. 71 ए भूखंड क्र. 105/2 क्षेत्रफल 95 वर्गमीटर भूमि धारक चन्दरदास आ. हरिराम सतनामी नि. सिकोलीबस्ती के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक द्वारा उक्त भूखंड का टु. क्षेत्रफल 42.66 वर्गमीटर भूमि आवेदक दुखुराम आ. चन्दरदास के पक्ष में पंजीकृत उपहार पत्र दिनांक 01.03.2024 को निष्पादित किया है। आवेदक द्वारा पंजीकृत उपहार पत्र के आधार पर प्रश्नाधीन उपहार में प्राप्त भूखंड से उपहारकर्ता का नाम विलोपित कर स्वयं का नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 28.03.2024 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भूखंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.03.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील — नजूल जांच अधिकारी दुर्ग

आम-सूचना

मैं अपने पक्षकार कविता यादव पति श्री रामकिशोर यादव निवासी क्वाटर नंबर 1 इ, स्ट्रीट नंबर 26 जोन -01, सेक्टर -11, खुर्सीपार, भिलाई छ.ग. की ओर से प्रदत्त एवं अधिकार अनुसार सर्व साधारण को सूचित करता किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा मौजा कोहका, प. ह.नं. 19, रा.नि.मं. कोहका, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) में स्थित जमीन जिसका असरा नं. 2584/125 रकबा क्र. 1500 वर्गफीट प्लाट नं. 21, नाप 30×50= 1500 वर्गफीट, सीमा उत्तर में विक्रेता की बचत जमीन प्लाट नं. 22, दक्षिण में रास्ता, पूर्व में प्लाट नं. 20 खुशबु सिंह का प्लाट, पश्चिम में 25 फीट का रोड स्थित मकान जो की सुरेश कोठारी, पिता श्री आसकरण कोठारी, निवासी- पद्मनाभपुर, दुर्ग तह. व दुर्ग (छ.ग.) के स्वत्व एवं अधिपत्य की में दर्ज है जिसे मेरे पक्षकार द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा किया जा रहा है खरीदने का सौदा पक्का कर उसे बयाना दे दिया है, जिसके साक्ष्य स्वरूप मेरे पक्षकार एवं उक्त विक्रेता के मध्य विक्रय अनुबंध निष्पादित हुआ है। मेरा पक्षकार उक्त विक्रेता को विक्रय मूल्य की शेष राशि अदा कर उससे अपने हक में उपरोक्त अनुबंधशुदा भूमि के विक्रय विलेख की लिखापढ़ी वो रजिस्ट्री करवाना चाहता है। यदि उपरोक्त अनुबंधशुदा भूमि पर अथवा उसके किसी भी भाग पर किसी भी दीगर का, किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व, हक, हिस्सा, हित, अधिकार या दावा हो अथवा किसी भी को उपरोक्त सौदे पर किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति या उजर हो एवं जिस किसी जन सामान्य किसी व्यक्ति, बैंक, फर्म, संस्था, साहूकार का कोई ऋण बकाया हो या कोई आपत्ति उजर या दावा हो तो वे इस सूचना प्रकाशन तिथि से दस दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति मय वैध दस्तावेजी प्रमाण मेरे कार्यालय में मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा वाद म्याद मेरा पक्षकार उपरोक्त विक्रेता से अपने हक में उपरोक्त अनुबंधशुदा भूमि के विक्रय विलेख की लिखापढ़ी वो रजिस्ट्री करा लेगा और तत्पश्चात प्रस्तुत समस्त दावे वो आपत्तियां पूर्णतः शून्य एवं अवैध होगी तथा मेरे पक्षकार पर किसी भी प्रकार से बंधनकारी वो बाध्यकारी नहीं होगी। तथा मेरा पक्षकार उपरोक्त भूमि का बिक्री पंजीयन अपने नाम पर कराने में स्वतंत्र होगा।

सो सुचना से अवगत होवे

भुनेश्वर कुमार रजक
अधिवक्ता, दुर्ग (छ.ग.)
मो.: 9340169465

न्यूज गैलरी

बेलर क्षेत्र की समस्याओं से सीएम को कराया अवगत

नगरी/नवप्रदेश/12 मार्च। बेलर ब्लाक के क्षेत्र की समस्याओ को लेकर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को अवगत कराया। भाजपा मंडल बेलर गाँव के महामंत्री मनोहर मानिकपुरी, अमर सिँह पटेल पूर्व मंडल अध्यक्ष नगरी, रोजवेल्ट सांडे और गुलशन साहू ने राजधानी पहुंचकर सीएम से मुलाकात कर उन्हें बेलर क्षेत्र की समस्या से अवगत कराते हुए महतारी वंदन योजना की राशि अंतर पर शुभकामनों दी।

मृतक के परिजनों को कलेक्टर ने दी 12 लाख की आर्थिक स्वीकृति

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के 3 प्रकरण में मृतक के परिजनों को 12 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गरियाबंद तहसील के ग्राम नरहगांव के तुषार कुमार ध्रुव की 06 अगस्त 2023 को तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने से मृतक के निकटतम परिजन तुलेश्वर राम को 4 लाख रूपये तथा ग्राम नहरगांव निवासी 8 वर्षीय मोक्ष कुमार ठाकुर की 06 अगस्त 2023 को तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने से उनके निकटतम परिजन गोविंद ध्रुव को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार ग्राम भिलाई निवासी 13 वर्षीय हेमंत कुमार की 26 अप्रैल 2023 को आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु हो जाने के कारण उनके निकटतम परिजन योगेश निषाद को 4 लाख रूपये आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

कृषि उपज मंडी में कृषक सम्मेलन

भाटापारा/नवप्रदेश/12 मार्च। मोदी के गारंटी के तहत प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में कृषक उन्नति योजना के तहत प्रदेश के 24.72 लाख किसानों को अंतर की राशि जारी की गई जिसका वर्चुअल कार्यक्रम भाटापारा के मंडी प्रांगण में आयोजित किया गया जिसमे इंजिनियर के के देवांगन सदस्य प्रदेश भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा शामिल हुए देवांगन ने वहां आए क्षेत्र के किसान भाईयों को बधाई दिया, ।सभी ने मोदी की गारेंटी पर भरोसा जताते हुए प्रदेश के मुख्य मंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया।

कृषक उन्नति योजना से जिले के 78 हजार से अधिक किसान हुए लाभान्वित

■ **443 करोड़ 47 लाख 99 हजार रुपए का किया गया भुगतान**

गरियाबंद/नवप्रदेश/12 मार्च। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कृषक उन्नति योजनान्तर्गत किसानों को खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में 3100 रूपये प्रति क्विंटल की दर से धान का उपार्जन किया गया है। कृषक उन्नति योजना के तहत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में बालोद में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से राशि का हस्तांतरण किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम छुरा के सांस्कृतिक भवन में किया गया, जिसमें जिले के 78 हजार 516 किसानों से 48 लाख 36 हजार 204 क्विंटल धान उपार्जन किया गया है। कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों को आदान सहायता राशि प्रति एकड़ 19257 रूपये के मान से 443 करोड़ 47 लाख 99 हजार रूपये का भुगतान डीबीटी के माध्यम से मुख्यमंत्री के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल, जनपद अध्यक्ष श्रीमती तोकेश्वरी मांझी, श्रीमती केसरी ध्रुव, रितुराज, श्रीमती शांति नागेश, श्रीमती पुष्पलता सिंह, राजेश साहू सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद चुन्नीलाल साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने प्रदेशवासियों को जो गारंटी दिया था और यहां के यहां के लोगों ने विश्वास किया था, उसे आज पूरा किया है। उन्होंने कहा कि कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों को अदान सहायता राशि का भुगतान एकमुश्त मिल रहा है। यह बड़ी खुशी की बात है। किसानों को अपने उपार्जन का प्रति एकड़ 19 हजार 257 रूपये के मान से एकमुश्त आदान सहायता राशि मिलने से किसान इस राशि का उपयोग अपने विभिन्न कार्यों के लिए कर सकते हैं। उन्होंने किसानों से कहा कि खेती-किसानी में उत्पादन बढ़ाने एवं जैविक खेती करने की आवश्यकता है, इसलिए व्यवहारिक तरीके से खेती करे। खेतों में अनावश्यक रसायनिक उर्वरकों का छिड़काव न करे, न ही पराली खेतों पर जलाए। जैविक खेती करने के लिए किसानों को पशुपालन करने की भी आवश्यकता है। सांसद श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने किसानों के साथ-साथ देश के सभी वर्गों के आर्थिक सशक्तिकरण और उन्हें मजबूत करने की दिशा में कार्य कर रहे हैं और उसके लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर उनका क्रियान्वयन किया जा रहा हैं।

विधायक प्रतिनिधि बनने पर जीतू का समर्थकों ने किया अभिनंदन

भाटापारा/नवप्रदेश/12 मार्च। भाटापारा विधायक इंद्र साव के द्वारा निपनिया, करही मेकरी छेत्र से चन्द्रशेखर ठाकुर ऊर्फ जीतू ठाकुर को विधायक प्रतिनिधि बनाए जाने पर निपनिया क्षेत्र के कार्य कर्ताओं के द्वारा चन्द्रशेखर ठाकुर बधाई एवम शुभकामना देते हुए फूलो की माला से लाद दिया।इस अवसर पर उपस्थित निपनिया सरपंच कामता प्रसाद यादव ने जीतू ठाकुर की नियुक्ति के लिए विधायक इंद्र साव के प्रति आभार जताते हुए धन्यवाद दिया है।

विदित हो कि क्षेत्र के विधायक इंद्र साव ने लोगो की समस्याओं के त्वरित निदान और उन तक पहुंचने आने में किसी प्रकार की किसी को कोई परेशानी ना हो इस दृष्टि से उस क्षेत्र के जागरूक और जन हितैषी चंद्रशेखर ऊर्फजीतू ठाकुर को निपनिया क्षेत्र के लिए अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है।जीतू ठाकुर के प्रतिनिधि बनने की खबर निपनिया क्षेत्र में पहुंचते ही क्षेत्र के ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है और सरपंच कामता प्रसाद रावत,वरिष्ठ कांग्रेसी नेता दिनेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने जीतू ठाकुर का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी।

आचार्य श्री के 50वें दीक्षा दिवस अवसर पर विविध कार्यक्रम

नगरी/नवप्रदेश/12 मार्च। हुक्म गच्छ के नवम नक्षत्र आचार्य श्री रामेश के दीक्षा के 50 वें वर्ष पर विभिन्न धार्मिक , सामाजिक एवं बौद्धिक विकास के कार्यक्रम पूरे भारतवर्ष में निरंतर गतिमान है इसी कड़ी में संघ सेवा के लिए सामाजिक गतिविधियों के अंतर्गत नगर में स्वास्थ्य शिविर , रक्तदान शिविर , जीवदयानम अन्नदानम ऐसे ही अनेक कार्यक्रमों को हमेशा संचालित करती हुई संस्था निरंतर सेवारत है ।श्री साधुमार्गी जैन संघ नगरी में बहुत ही सफल आयोजन अन्नदान महादान का 10 मार्च 2024 को हुआ, महतारी वंदन के लिए दूर-दूर से आए हुए महतारियों को तथा प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा नगर में निकाली गई दर्शनीय व भव्य शोभायात्रा की भी सेवा का अवसर साधुमार्गी जैन संघ नगरी को प्राप्त हुआ । नगर के लोगों ने जो इस सेवा में हमें सहयोग प्रदान किया हम सभी के आभारी हैं । जरूरत के समय ऐसी व्यवस्थाओं के माध्यम से संघ का गौरव बढ़ जाता है।साथ ही साथ दान पेटी छत्तीसगढ़ उड़ीसा आंचल प्रमुख आदरणीय सुश्रावक संतोष जी खटोर एवं राजू जी बाफना रायपुर जिनका की भी विशेष सहयोग इस अन्नदानम कार्यक्रम मे रहा संघ आपका बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता है।

लगभग 3500 लोगों को ने इस कार्यक्रम के माध्यम से संस्था को सेवा का अवसर प्रदान किया। इस कार्यक्रम की व्यवस्था के लिए संघ के सभी सदस्यों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ । सभी सदस्यों का उत्साह देखते ही बना, विशेष मार्गदर्शन के रूप में श्री साधुमार्गी जैन संघ बीकानेर , श्री समता युवा संघ एवं समता महिला मंडल की केंद्रीय टीम के साथ श्री साधुमार्गी जैन संघ नगरी के अध्यक्ष खेमचंद चोपड़ा , महामंत्री कमलचंद नाहटा कोषअध्यक्ष राकेश गोलछा वरिष्ठ सदस्य जीवन लाल नाहटा , कमल रायसोनी , गौतम , निर्मल नाहटा शिखर , रुपेश , जयेश छाजेड़ , देवीचंद , नीलम चंद ढेलडिया , कांतिलाल , मोहन नाहटा , गौतम दुर्गा , सोहन मोहन गोलछा , रविंद्र , विनय , लोकेश , वर्धमान , समता युवा संघ अध्यक्ष विजय नाहटा , मंत्री संदीप रायसोनी , जसराज , जितेंद्र , उत्तम चोपड़ा , आशीष बम , वर्धमान , मनीष , गुलशन , यश , हर्ष , वीरम , काव्य , दक्ष , नयन नाहटा , मंत्र , अर्हम , हर्षित गोलछा , जिनेश , यश , चीकू चोपड़ा , सकलेचामहिला समिति से छोटीदेवी जी रायसोनी , कन्चन देवी इंदिरा देवी , उषा देवी नाहटा , धन्नीबाई गोलछा , ज्योति देवी , खुशी देवी छाजेड़ के साथ-साथ जैन समाज के सभी सदस्यों ने अपनी प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष अमूल्य सेवाएं प्रदान की हम सभी का आभार व्यक्त करते हैं ।

राजिम मेले में शिक्षा विभाग के स्टॉल में 108 किस्म के अनाज से बना मंदिर मॉडल रहा विशेष आकर्षण का केंद्र

गरियाबंद/नवप्रदेश/12 मार्च। राजिम कुंभ कल्प मेला में शिक्षा विभाग के प्रदर्शनी स्टॉल में फिंगेश्वर ब्लॉक अंतर्गत सेजेस राजिम के विज्ञान क्लब द्वारा बनाया गया 108 किस्म के अनाजों से निर्मित राजीव लोचन मंदिर मॉडल विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा।

जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद के दिशा निर्देशन में राजिम मेले में शिक्षा विभाग के कार्यों को प्रदर्शित करते स्टॉल लगाया गया था जिसमें डीएमसी खेल सिंह नायक के मार्गदर्शन में जिले के सभी विकासखंड द्वारा शिक्षा विभाग में संचालित कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया गया इसी तारतम्य में स्टॉल में फिंगेश्वर ब्लॉक के संकुल राजिम 1 के अंतर्गत सेजेस राजिम विद्यालय के विज्ञान क्लब द्वारा 108 किस्म के अनाजों से राजीव लोचन मंदिर, कुलेश्वर महादेव मंदिर? व लक्ष्मण झूला का बेहतरीन मॉडल बनाकर प्रदर्शित किया गया जो कि पूरे मेले के दरम्यान शिक्षा विभाग के स्टाल में प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहा,अन्न से बने इस विशेष मॉडल की विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी रामेंद्र जोशी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक टिकेंद्र यदु, संकुल समन्वयक सुभाष शर्मा ने भूरि भूरि प्रशंसा की। इस मॉडल का निर्माण व्याख्याता समीक्षा गायकवाड़ के मार्गदर्शन में विज्ञान क्लब के सदस्य छात्र छात्राओं द्वारा किया गया। मार्गदर्शक शिक्षिका समीक्षा गायकवाड़ ने बताया कि शिक्षा विभाग के स्टाल में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विभिन्न कौशलों का प्रयोग करते हुए एकीकृत शिक्षण को प्रदर्शित करते हुए मॉडल का निर्माण किया गया जिसमें विज्ञान क्लब के सदस्य छात्र छात्राओं द्वारा टीम बनाकर 108 प्रकार के धान,दलहन, तिलहन आदि का संकलन किया गया।

प्रथम पृष्ठ का शेष

अन्नदाताओं के खिले चेहरे- सीएम ...
आज के कार्यक्रम में 24 लाख 75 हजार से अधिक किसानों के खातों में राशि भेजी जा रही है। इनमें से 24 लाख 72 हजार से अधिक वे किसान हैं जिन्होंने इस साल धान बेचा था। इन्हें 13 हजार 289 करोड़ रुपए की अंतर की राशि दी जा रही है।
इसी तरह 02 हजार 829 धान बीज उत्पादक किसानों को भी बीज निगम के माध्यम से अंतर राशि, 31 करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में वर्चुअली जुड़ने पर मुख्यमंत्री साय ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ रमन सिंह का धन्यवाद किया।
हमारी सरकार ने किसान भाइयों से किए गए वादे के अनुरूप अटल जी के जन्म दिवस, सुशासन दिवस पर 2 साल के बकाया धान बोनस 3716 करोड़ रुपए का अंतरण भी किसान भाइयों के खातों में कर दिया है। 13 लाख से ज्यादा किसानों को बोनस का लाभ मिला है।

कल पीएम मोदी ने की ...
सीटें मांगी इसी को लेकर भाजपा से सहमति नहीं मिली और गठबंधन टूट गया जिसके बाद आज मुख्यमंत्री पद से मनोहर लाल खट्टर ने इस्तीफा दे दिया।
इस्तीफा देने की मानी जा रही ये वजह
जजपा ने लोकसभा चुनाव में हिसार से दो सीटें मांगी लेकिन भाजपा एक भी सीट देने के पक्ष में नहीं थी।

अब न्यायधानी से सीधी ...
बिलासपुर वासियों को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ के लिए खुशी की बात है। इस हवाई सेवा का लाभ पूरे छत्तीसगढ़ को मिलेगा। मुख्यमंत्री ने नई हवाई सेवा प्रारंभ करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से बधाई दी।

व6 आईएएस, 21 पीएससी...
शासन की ओर से जारी पीएससी अफसरों की लिस्ट में कई जिलों के डिप्टी, संयुक्त और अपर कलेक्टर बदले गए हैं।
बता दें कि छत्तीसगढ़ शासन ने सोमवार रात बड़े पैमाने पर पुलिस अफसरों के तबादले किए थे। इनमें 3 आईपीएस, राज्य पुलिस सेवा के 25 अफसर और 50 थाना प्रभारी शामिल हैं। सरकार ने रायपुर रेंज के आईजी अमरेश मिश्रा को एसीबी-ईओडब्ल्यू का नया चीफ बनाया है।

विधायक यादव की अग्रिम ...
से अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने के बाद विधायक यादव ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में याचिका दायर कर अग्रिम जमानत की मांग की थी। रायपुर के विशेष कोर्ट ने सुनवाई के बाद माना था कि घोटाले से इकट्ठा किए गए पैसे का इस्तेमाल उन्होंने विधानसभा चुनाव में किया है। विशेष अदालत ने इसे लेकर गंभीर टिप्पणी की थी।

कांग्रेस की दूसरी सूची में 13....
और उत्तराखंड के अल्मोड़ा (सुरक्षित) से प्रदीप टम्टा के नाम शामिल हैं।
इससे पहले कांग्रेस ने आठ मार्च को अपने 39 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी। भारतीय जनता पार्टी के दो बार सांसद रहे राहुल कासवान ने सोमवार को कांग्रेस का हाथ थाम लिया। वहीं पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव गरीब बनाम अमीर के आधार पर लड़ा जाएगा। वेणुगोपाल ने कहा, हमारी गारंटी युवाओं, किसानों, महिलाओं, अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के मुद्दों को संबोधित करता है। हमारा एजेंडा लोगों का एजेंडा है जबकि भाजपा का विभाजनकारी एजेंडा है।
ये है राज्यवार उम्मीदवारों की संख्या
पार्टी की दूसरी लिस्ट में जारी 43 प्रत्याशियों की घोषणा में असम के 12, गुजरात के 7, मध?य प्रदेश के 10 और राजस?थान के 10 उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। इस लिस्ट में दो पूर्व मुख्यमंत्रियों के बेटों को टिकट दी गई है। मध्य प्रदेश की छिंदवाड़ा सीट से वर्तमान सासंद नकुलनाथ पर कांग्रेस ने फिर भरोसा जताया है।
वर्गवार जारी प्रत्याशी
बता दें कि नई दिल्ली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक हुई थी, जिसमें 100 सीटों पर चर्चा की गई थी। सिंगल नामों पर चर्चा के बाद 43 सीटों पर प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी गई है। कांग्रेस द्वारा जारी 43 उम्मीदवारों की सूची में 13 प्रत्याशी ओबीसी वर्ग से है। 10 प्रत्याशी एससी समाज और 9 प्रत्याशी एसटी समाज, 10 जनरल और 1 मुस्लिम उम्मीदवार शामिल हैं।
कांग्रेस ने उत्तराखंड की 3 लोकसभा और दमन की एक सीट के लिए प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। कांग्रेस ने इससे पहले 8 मार्च को अपनी पहली सूची जारी की थी। इसमें राहुल गांधी, शशि थरूर सहित 39 प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की गई थी। इसमें छत्तीसगढ़ की रायपुर, दुर्ग, महासमुंद, राजनांदगांव, जांजगीर-चांपा और कोरबा सीट पर उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया गया था।

हमारे संगठन की ताकत ही ...
जीत दर्ज करेंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 400 पार के लक्ष्य में छत्तीसगढ़ का योगदान सभी 11 सीटों का, मतलब शत-प्रतिशत होगा।इससे पहले मुख्यमंत्री श्री यादव का एकात्म परिसर पहुँचने पर प्रदेश के मंत्री श्री अग्रवाल, लोकसभा क्लस्टर प्रभारी क्लस्टर प्रभारी राजेश मूणत, जिला अध्यक्ष जयंती पटेल सहित विधायकों और जिला पदाधिकारियों ने स्वागत किया।

निधन

श्रीमती उमा बाई साहू

गरियाबंद/नवप्रदेश। नगर के वार्ड नं 9 निवासी श्रीमती उमा बाई साहू (65 वर्ष) पति स्व श्री मनमोहन साहू का मंगलवार रात 1:30 बजे आक्समिक निधन हो गया। वे भारती जनरल स्टोर्स के प्रो हिरेंद्र साहू की माता जी थी। उनके निधन पर नगर के व्यापारी वर्ग एवम समाज के प्रबुद्धजनों ने दुख व्यक्त किया है। मंगलवार की उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 2
मामले की श्रेणी- राजस्व
संदर्भ- जिला दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.नं. 00042 कातुलबोड़ ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी 202324430103500026
ईश्तहार
तहसील दुर्ग के प.ह.नं. 00042 के अंतर्गत ग्राम कातुलबोड़ के वर्तमान भूमिस्वामी सर्वजीत सिंह पिता/पति कुन्दनसिंह पता-कादम्बरी नगर दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 3/688 (0.0084) में प्रस्तावित भूमि स्वामी/क्रेता इन्द्रपाल सिंह सोनी पिता/पति पिता स्व. सर्वजीत सिंह सोनी पता-कादम्बरी नगर दुर्ग के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 01/04/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 2 पर की जावेगी।
उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आमुख्यारनामा के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09/03/2024 को जारी किया जाता है।
सील — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग
उद्घोषणा
प.नं. 202403100400187
अ-2/2023-24
एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अशोक अग्रवाल आ./पति स्व. श्यामजी अग्रवाल निवासी वार्ड 42 आजाद चौक कसारीडीह दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम चिखली प.ह.नं. 11 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 315/82 रकबा 0.0100 हे. 1170 वर्गफीट (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.सा. सं. की धारा 59 (2) के तहत पुर्ननिर्धारण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।
अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह उद्घोषणा आज दिनांक 11/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।
सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
Email nagarnigamzone3@gmail.com
ईश्तहार
नामंतरण प्र.क्र. 9936 दिनांक 12.03.2024
वार्ड का नाम - 29 - गुरु गोविंद सिंह वार्ड
एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 29 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR334C00178 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MEHATRIN BAI BAGHEL पिता/पति श्री/श्रीमती MANIK RAM BAGHEL के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती HARISH KUMAR BAGHEL पिता/पति श्री/श्रीमती MANIKRAM BAGHEL ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिव्वानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत दानपत्र**/वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।
सूचना जारी करे
श्री विमल कुमार शर्मा (जोन कमिश्नर) जोन (3) नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा पत्र
पक्षकार का नाम - श्री खेलावन प्रसाद सोनी
रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट रजि.नं. 202403100400190
एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री खेलावन प्रसाद सोनी आ. स्व. हीरालाल सोनी निवासी ग्राम गेवधा तह. सिमगा बलौदाबाजार द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।
अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा (क्षेत्रफल)	प्रयोजन
ग्राम- दुर्ग प.ह.न 19 तह. व जिला दुर्ग	856/15	0.028 हे. 3000 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति-दावा तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह उद्घोषणा आज दिनांक 11.03.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।
मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)
मामला क्रमांक /23-24
ईश्तहार
एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक पूनेश पटेल साकिन बघेरा तहसील व जिला दुर्ग द्वारा अपने सन्तूराम पटेल की मृत्यु दिनांक 11/08/2001 को हो चुकी है। उक्त संबंध में मृत्यु प्रमाण पत्र चाहा गया है, जिसका कारण इस न्यायालय में विचाराधीन है।
अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 23/03/2024 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते हैं।
आज दिनांक 12/03/2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।
सील — कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला-दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
नया मुख्यालय भवन गांधी चौक, रायपुर फोन नं. 2535780, 90,
फैक्स 0771-2227395 mail ee.electrical.rmc.@gmail.com
निविदा आमंत्रण सूचना
क्रमांक/589/विद्युत/न.पा.नि./2024 — दिनांक 12/03/2024
नगर पालिक निगम, रायपुर विद्युत विभाग द्वारा निम्नांकित कार्य हेतु लो.नि.वि. एकल खिड़की प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत 'अ' वर्ग विद्युत ठेकेदारों/फर्मों से मुहरबंद निविदाएं दो लिफाफा पद्धति के माध्यम से स्पीड पोस्ट से दिनांक 05/04/2024 को संध्या 4.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, प्राप्त सभी निविदाएं उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के सम्मुख दिनांक 05.04.2024 को संध्या 05.00 बजे खोली जाएगी। कार्य हेतु निविदा प्रपत्र-अ निर्धारित राशि रु. 750.00 जमा कर दिनांक 03/04/2024 तक नगर पालिक निगम, विद्युत विभाग, मुख्यालय से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है। कार्य का विवरण- नगर पालिक निगम रायपुर अंतर्गत 03 नग 12 मीटर ऊंचाई के हाईमास्ट प्रदाय व स्थापना कार्य बाबत्। अनुमानित लागत राशि रु. 10,94,368.00 अमानत राशि रु. 11000.00।
कार्यपालन अभियंता (विद्युत) नगर पालिक निगम, रायपुर

न्यायालय तहसीलदार बिलाईगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक 202403320900001
विषय : नया साहूकारी लाइसेन्स मामले की श्रेणी- राजस्व सन 2023-24
पुरगांव प.ह.नं. 00010 (हे.)
पक्षकारों का विवरण
आवेदक पक्षकार - चन्द्रभाल सोनी,
अनावेदक पक्षकार- छ.ग. शासन
ईश्तहार
आवेदक चन्द्रभाल सोनी पिता रामकिशुन, जाति सोनार, साकिन पुरगांव तहसील बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.) द्वारा तहसील बिलाईगढ़ क्षेत्र में साहूकारी कार्य हेतु साहूकारी लायसेंस हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो प्रकरण नियत दिनांक 18.03.2024 के पूर्व तक प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें नियत दिनांक बाद प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04/03/2024 को जारी किया जाता है।
सील — तहसीलदार बिलाईगढ़

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) साजा जिला बेमेतरा (छ.ग.)
ईश्तहार
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका मोहनी बाई पति मनीराम साकिन ग्राम मुसवाडीह तहसील साजा जिला बेमेतरा के द्वारा ग्राम साजा प.ह.नं. 09 तहसील साजा जिला बेमेतरा स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 2266/53 रकबा 0.0088 हे./950 वर्गफीट भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तित करने हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है। जिसे संहिता की धारा 172 सहपठित धारा 5(2), (5) के तहत व्यपवर्तित किया जाना है।
अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को उजर दावा हो तो दिनांक 13/03/2024 तक स्वतः अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में शाम 5.00 बजे तक दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 26/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा सहित जारी किया गया।
सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) साजा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर
प्रथम निविदा ई-प्रोक्योरमेंट आमंत्रण सूचना (निर्माण प्रकोष्ठ)
Website- www.cgmsc.gov.in
Main portal- http://eproc.cgstate.gov.in क्र./15769/निर्माण/2024 — दिनांक 11/03/2024

स. क्र.	नि.आ.सू. क्र.	कार्य का नाम	राशि (रु. लाख)
1	9728	जिला कोरिया के स्थान बैकुण्ठपुर में आयुष पॉली क्लीनिक भवन का शेष निर्माण कार्य।	190.85
2.	9729	सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र झीट के कैम्पस में मॉडल रूरल हेल्थ रिसर्च यूनिट भवन में ई.टी.पी. का निर्माण कार्य (प्रपत्र-ब)	6.75

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर दिनांक 13/03/2024 से देखी जा सकती है। उपरोक्त कार्यों की निविदा लो.नि.वि. (2015) की दर से आमंत्रण की जा रही है, जिसकी अंतिम तिथि दिनांक 03/04/2024 तक है। निविदा में भाग लेने हेतु अमानत राशि, निविदा प्रक्रिया शुल्क एवं निविदा संबंधित सभी दस्तावेज आनलाईन स्वीकार की जावेगी।
संवाद-40017/1 — अधीक्षण अभियंता/लिंक अधिकारी

कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिलाईगढ़, जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)
Email- chcbilaigarhbb@gmail.com
क्र./स्था./2024/331 — बिलाईगढ़, दिनांक 11/03/2024
निविदा प्रपत्र एवं शर्तें

निविदा कार्य	वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए सामु. स्वा. केन्द्र बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.) में अंतःरोगी मरीजों/ प्रसूता महिलाओं हेतु सुबह शाम नाश्ता/दोपहर व रात्रि के समय भोजन के साथ दूध एवं मौसमी फल वितरण कार्य
निविदा प्रपत्र मूल्य	100 रुपए नगद देय एवं वापसी योग्य नहीं
निविदा फार्म की विक्रय की तिथि एवं समय	दिनांक 12/03/2024 सुबह 10.00 बजे से सायंकाल 05.00 बजे तक
निविदा फार्म जमा करने हेतु निर्धारित तिथि एवं समय	दिनांक 31/03/2024 सुबह 10.00 सायंकाल 03.00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि एवं समय	दिनांक 02/04/2024 सुबह 10.00 सायंकाल 03.00 बजे तक
निविदा धरोहर राशि	5000/- रुपए मात्र (पांच हजार रुपए मात्र)
निविदा प्राप्त करने एवं जमा करने हेतु निर्धारित स्थान	कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बिलाईगढ़

नीचे दिए समस्त बिन्दुओं का पूर्ण रूप से अध्ययन कर नियम एवं शर्तो का पालन कर निविदा पत्र की पूर्ति करें।
निविदादाता किसी भी स्थिति में जनहित को ध्यान में रखते हुए भोजन प्रदाय की व्यवस्था बंद नहीं करेंगे।
सामु. स्वा. केन्द्र बिलाईगढ़ जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. में अंतःरोगी मरीजों हेतु दोपहर व रात्रि के समय भोजन एवं प्रसूता महिलाओं हेतु सुबह शाम नाश्ता के साथ दोपहर व रात्रि के समय भोजन के साथ दुध मौसमी फल चिकित्सालय के द्वारा निर्धारित मीनू के अनुसार (मीनू संलग्न) छ.ग. शासन द्वारा निर्धारित राशि के अंतर्गत प्रति मरीज प्रतिदिन के की दर से चिकित्सालय में ही अपने स्वयं के संसाधनों से पकाकर तथा जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत प्रसूता महिला को निर्धारित मीनू के अनुसार प्रतिदिन भोजन प्रत्येक वार्ड में मरीजों के पलंग तक भोजन वितरित करने हेतु ऊपर दिए गए विवरण एवं सूचना अनुसार सीलबंद लिफाफा (निविदा) पंजीकृत/स्पीड डाक से निम्न शर्तों के सहित आमंत्रित किए जाते हैं।
1. पूर्व में विवादित संस्थाएं निविदा में भाग नहीं ले सकेंगे।
2. निविदाकर्ता द्वारा समस्त दस्तावेज एवं राशि 5000/- (पांच हजार रुपए) का डिमांड ड्राफ्ट निर्धारित शर्तों के साथ जमा करना होगा।
3. निविदादाता अपने संस्था का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक की स्वप्रमाणित छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। इनके बिना निविदा मान्य नहीं होगा।
4. आचार संहिता होने के स्थिति में निविदा खोलने की तिथि में फेरबदल की जा सकती है, जिसकी सूचना आचार संहिता समाप्त होने पश्चात सूचना पटल में जानकारी चस्पा की जावेगी।

खण्ड चिकित्सा अधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिलाईगढ़
जिला- सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर प्रथम तल, अग्रदूत बिल्डिंग, रजबंधा मैदान, रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-3526755,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

मंत्रालय के आदेशों को धता बता रहे अधीनस्थ अधिकारी

■ निलंबित शिक्षक को किया बहाल

गरियाबंद/नवप्रदेश/12 मार्च। शिक्षा विभाग भ्रष्टाचार का गढ़ है। इनके नए कारनामे सामने आते रहते हैं। उच्च अधिकारियों के आदेश को अधीनस्थ अधिकारी धता बता रहे हैं और अपने मन माफिक आदेश जारी कर रहे हैं। इससे सचिवालय के अधिकारी बेखबर हैं। खेलगढ़िया घोटाले में लिप्त पूर्व डीएमसी श्याम चंद्राकर को सरकार ने कुछ माह पूर्व निलंबित किया था। इनके निलंबन को रद्द कर संचालक लोक शिक्षण ने पुनः जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सहायक संचालक के पद पर संलग्न करते हुए बहाल कर दिया।

जब पता चला कि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय गरियाबंद में सहायक संचालक का पद रिक्त नहीं है, तो उसके बाद आनन फानन आदेश में संशोधन कर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सांख्यिकीय अधिकारी के पद पर संलग्न कर दिया गया। इसके बावजूद की सरकार के शिक्षा विभाग के मुख्य सचिव के आदेश अनुसार जिले के समस्त शिक्षकों को जो की अटैचमेंट के तहत कार्य कर रहे थे। उनको उनके मूल स्थान में भेजा गया है। शिक्षा सचिव के इस आदेश को पलीता लगाते हुए सहायक संचालक ने उक्त शिक्षक को स्कूल भेजने की बजाय गैर शिक्षक कार्य कराते हुए जिला शिक्षा कार्यालय में कार्य करने के आदेश दिए जो की उच्च अधिकारियों के आदेश की कैसे ठेंगा दिखाया जाता है यह दर्शाता है।

शिक्षा विभाग का आदेशः छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय समस्त संभागायुक्त छत्तीसगढ़, समस्त कलेक्टर छत्तीसगढ़, समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, छत्तीसगढ़ को पुलक भट्टाचार्य अवर सचिव स्कूल शिक्षा विभाग ने आदेशित किया कि गैर शैक्षणिक कार्यों में संलग्न शिक्षक संवर्ग के कर्मचारियों को उनके मूल पदस्थापना के लिए कार्यमुक्त किया जाए। शिक्षक संवर्ग के कर्मचारियों का संलग्नीकरण तत्काल समाप्त किया जाकर, उन्हें उनके मूल पदस्थापना शाला में अध्यापन कार्य के लिए कार्यमुक्त किया जाऐ। संलग्नीकरण समाप्त किए जाने संबंधी प्रमाण पत्र 7 दिवस के भीतर संचालक, लोक शिक्षण को अनिवार्यतः प्रेषित करें। इसका कड़ाई से पालन किया जाना सुनिश्चित किया जाए। उपरोक्त आदेश के बावजूद व्याख्याता श्याम चंद्राकर को येन केन प्रकारेण जिला कार्यालय में संलग्न कर दिया गया।

उच्च कार्यालय द्वारा एक व्याख्याता को बेजा लाभ दिलाने अपने ही आदेश को पलट रही है। केवल यहीं नहीं उन पर भ्रष्टाचार के आरोप में जांच बी चल रही है। विभागीय जाँच अभी पूरी नहीं हुई है, उसको पुनः जिला कार्यालय में संलग्न कर दिया गया। विभागीय जांच का सामना कर रहे व्याख्याता को डीईओ कार्यालय में संलग्न करने से संचालक के उस आदेश पर सवाल उठ रहे हैं जिस आदेश के तहत पूरे राज्य में संलग्नीकरण समाप्त करने का आदेश जारी किया गया है। यदि इसी तरह से संलग्नीकरण समाप्ति के आदेश की धज्जियां उच्च कार्यालय से ही उड़ती रहेंगी तो फिर निचले स्तर पर उस आदेश का पालन कराना और कठिन हो जाएगा।

जांच हो सकती है प्रभावितः खेलगढ़िया मामले में विभागीय जांच का सामना कर रहे शिक्षक को बहाल कर डीईओ ऑफिस में संलग्न करने पर क्या जांच प्रभावित नहीं की जाएगी ? क्या जांच में गवाहों पर दबाव नहीं बनाया जाएगा क्या दस्तावेज को सुरक्षित रखा जा सकेगा? ऐसे कई सवाल है। जो की जांच का सामना कर रहे उक्त व्याख्याता को मदद पहुंचाते हुए भ्रष्टाचार को संरक्षण देने संचालक लोक शिक्षण के आदेशों पर उंगली उठाई जा रही है और उनकी मंशा पर भी सवालिया निशान खड़ा करता है। बहाल करने के पश्चात उक्त शिक्षक को उसके शिक्षक के कार्य हेतु स्कूल के लिए आवेशित किया जाना चाहिए था। व्याख्याता को दो बार पहले भी जाँच के दौरान दोषी पाया गया था, रिकवरी होनी है, एफआईआर भी होनी है, उसके बाद बहाल किया गया है।

खेलगढ़िया में गड़बड़ी की जांच का क्या होगा ?

जानकारों ने बताया कि किस नियम के तहत बहाली की गयी है? यह भी एक जांच का विषय है, श्याम चंद्राकर का निलंबन स्कूल शिक्षा विभाग ने किया है तो उनका बहाल भी मंत्रालय से होना है या मंत्रालय की अनुशंसा पर संचालक द्वारा किया जाता, परंतु निलंबित सचिवालय ने किया बहाल संचनालय से हो गया। संचालक का अधिकार ही नहीं की वह बहाल करें। खेलगढ़िया मामले में आरोप पत्र जारी किया गया जिसमें भारी त्रुटि है आरोपी को बचाने का भरपूर प्रयास करते हुए गवाहों की सूची ही बदल दी गई इस मामले में आरोप पत्र अनुसार कलेक्टर को गवाह बनाया गया है जिसमें कोई नाम नहीं है केवल पदनाम को गवाह बनाया गया है जबकि कार्यवाही के दौरान जितने भी बी आर सी सी सहित जांच में संलग्न अधिकारियों को गवाही के रूप में शामिल किया जाना था किंतु ऐसा नहीं किया गया प्राय कलेक्टरों को पुराने मामलों के बारे में जानकारी नहीं होती है तो उन्हें गवाह बनाकर विभाग ने आरोपी को बचाने का पूरा प्रयास किया है।

कवर्धा नगर वासियों को मिला पालिका में कार्यवाहक अध्यक्ष

कवर्धा/नवप्रदेश/12 मार्च । नगर पालिका पद रिक्त होने के तीन माह बाद कवर्धा नगर वासियों को कार्यवाह अध्यक्ष मिल गया . नगरीय प्रशासन विभाग ने मनहरण कौशिक को कार्यवाहक अध्यक्ष मनोनीत किया है . शहर मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चन्द्रवंशी ने कार्यवाहक अध्यक्ष मनहरण कौशिक को अध्यक्ष मनोनीत होने पर बधाई देते हुए कहा ,भारतीय जनता पार्टी के जमीनी कार्यकर्ता मनहरण साहू जी आने वाले समय में कवर्धा विकास को गति देने में कोई कसर नही छोड़ेंगे। शपत ग्रहण के अवसर पर पर भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चन्द्रवंशी ने कहा नगरीय प्रशासन विभाग ने मनहरण कौशिक को कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त कर नगर विकास के लिए पालिका प्रशासन को मजबूत करने का कार्य किया है ।

गन्ना किसानों को 63 करोड़ 92 लाख का भुगतान जारी

कवर्धा/नवप्रदेश/12 मार्च । उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना द्वारा त्योहारी सीजन में गन्ना किसानों को 4.98 करोड़ रूपए का भुगतान जारी किया गया। उपमुख्यमंत्री के निर्देश पर कारखाना प्रबंधन द्वारा पेराई सत्र 2023-24 में कुल 63.92 करोड़ का भुगतान किसानों को किया जा चुका है। इस पेराई सत्र में कुल 299580 मीट्रिक टन गन्ना की पेराई की जा चुकी है तथा 310366 क्विंटल शक्कर का उत्पादन हुआ है। भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना द्वारा वर्ष 2022-23 में गन्ना किसानों को 440 रूपए प्रति क्विंटल की दर से कुल भुगतान किया गया था, जिससे गन्ना किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई। कारखाना प्रबंधन द्वारा क्षेत्र के गन्ना किसानों से अपील किया गया है कि कृषक हित तथा कारखाना हित को देखते हुए ताजा, साफ-सुथरा बिना अगवा बिना जड़ के गन्ना कारखाना को आपूर्ति करें।

महतारी वंदन योजना : खैरागढ़ जिले की 1 लाख 17 हजार 231 महिलाओं के खाते में 11 करोड़ 72 लाख रुपए का भुगतान

■ जिला स्तरीय सम्मेलन में जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में शामिल हुई महिलाएं

खैरागढ़/नवप्रदेश/12 मार्च। जिला स्तरीय महतारी वंदन कार्यक्रम जिला मुख्यालय स्थित सांस्कृतिक भवन में आयोजित हूई। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह सहित कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा रहे। छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ हूआ । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महतारी वंदन योजना के तहत डीबीटी के माध्यम से छत्तीसगढ़ की 70 लाख 12 हजार 417 पात्र महिलाओं के खाते में 655 करोड़ 57 लाख रूपए की पहली किश्त का अंतरण किया। खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिले की 1 लाख 17 हजार 231 पात्र महिलाओं के खाते में 11 करोड़, 72 लाख रू की राशि का भुगतान हुआ। जिला स्तरीय सम्मेलन को संबोधित करते जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह नें कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एक-एक करके भाजपा सरकार द्वारा किए गए हर वादे को धरातल पर उतार रहे हैं। यह कार्यक्रम माताओं बहनों पर केंद्रित है आज ऐतिहासिक दिन है। महतारी वंदन योजना का शुभारंभ हो रहा आज आप सभी के खातों में प्रथम किश्त का भुगतान किया जा रहा है। प्रति माह निरंतर खाते में राशि आता रहेगा और यह योजना निरंतर जारी भी रहेगी। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने इस दौरान उपस्थित महिलाओं और लोगो को बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने की शपथ दिलाई । कार्यक्रम मे अतिथियों द्वारा महतारी वंदन का प्रतीकात्मक चेक पात्र हितग्राहियों को प्रदान किए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सुपोषण किट वितरण किया गया। इस दौरान कलेक्टर वर्मा ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया। कार्यक्रम में एडिशनल एसपी नेहा पांडे, एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू, एसडीओपी लालचंद मोहले, जिला पंचायत सभापति धम्मन साहू, टीके चंदेल, विकेश गुप्ता, रामाधार रजक, रूपेन्द्र रजक, आलोक श्रीवास, नरेंद्र श्रीवास भगवत शरण सिंह, शैलेंद्र मिश्रा, परख दास कोसरे, लक्ष्मीचंद आहूजा, राजेश देवांगन, मनजीत सिंह, जितेंद्र गौर, शैलेंद्र त्रिपाठी, पुकराम सिन्हा, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

बाजार अतरिया के रक्तदान शिविर में महिला सहित 45 ने किया रक्तदान

खैरागढ़/नवप्रदेश/12 मार्च। ब्लाक के बाजार अतरिया में जैन श्री संघ व अन्तर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सामाजिक न्याय संगठन सतनाम ब्लड डोनेशन फाउंडेशन राजनांदगांव के मार्गदर्शन में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीण क्षेत्रो से 45 लोगों ने रक्तदान किया । शिविर में पहुँची महिला ने भी रक्तदान कर महिलाओं को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। रक्तदान शिविर के आयोजन में महावीर जैन, प्रांजल जैन अशोके जैन, संतोष जैन, सतीश जैन , रोशन जैन, अमित जैन, आशीष जैन, नीलम जैन रानी राजलक्ष्मी तिवारी, निशा अग्रवाल, आरती यदु, मीनाक्षी जंघेल, सिमरन, सतनाम ब्लड डोनेशन फाउंडेशन के संतोष तोड़े, जेठू मारकंडे, ज्ञानदास बंजारे, जय प्रसाद चंदेल, केवल चंदेल , मनीषा चंदेल, त्रिभुवन बारले, महेंद्र जांगड़े, बोधन जोशी, कुलदीप देशलहरे, अमन महिलांग, चन्दन पहरी, हेमेश जांगड़े, प्रदीप देशलहरे, अभिषेक पाटीला, संजय कुर्रे उपस्थित रहे। रक्तदान शिविर में एकत्रित किए गए 45 यूनिट रक्त को राजनांदगांव जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक में संग्रहित किया गया है ।

सहायक शिक्षक फेडरेशन की जिला स्तरीय बैठक में बनी रणनीति

■ विधानसभा चुनाव के मानदेय का भुगतान नहीं होने पर जताया रोष

खैरागढ़/नवप्रदेश/12 मार्च। सहायक /समग्र शिक्षक फेडरेशन की खैरागढ़ जिला कार्यकारिणी की बैठक जिलाध्यक्ष रामलाल साहू की अगुवाई मे विश्राम गृह छूईखदान मे आयोजित की गई । बैठक में जिला एवं ब्लॉक पदाधिकारी मौजूद रहे । बैठक मे फेडरेशन के सदस्यता अभियान के तहत आगामी 31 मार्च तक सभी सदस्य शिक्षको को संगठन की सदस्यता लेना अनिवार्य किया गया । बैठक मे छूईखदान ब्लॉक अध्यक्ष चुनाव पर चर्चा की गईज् । बैठक मे फेडरेशन ने विधानसभा चुनाव के दौरान किए गए चुनाव ड्यूटी के दौरान डोंगरगढ़ विधानसभा के 288 मतदान केन्द्रो के कर्मचारियों को आज तक मानदेय नही मिलने पर कर्मचारियों द्वारा नाराजगी जताई गई । बैठक मे सहायक और समग्र शिक्षको के पदोन्नति कार्यवाही पर भी चर्चा हूई । पदाधिकारियो ने बताया कि प्रदेश के अधिकतर जिलों में शेष बचे प्राथमिक प्रधान पाठक की प्रतीक्षा सूची जारी हो चुकी है परंतु खैरागढ़ जिले में अभी तक प्रतीक्षा सूची का अतापता नहीं है जबकि सहायक शिक्षक फेडरेशन इसकी अधिकारियो को कई बार सूचना दे चुका है लेकिन जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा मामले मे गोल-गोल जवाब देने से प्रतीक्षारत शिक्षकों में नाराजगी है । जिलाध्यक्ष रामलाल साहू ने कहा कि हजारों शिक्षकों द्वारा उच्च परीक्षा दिलाने के लिए विभागीय कार्यालय से अनुमति देते हैं परंतु खैरागढ़ जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा इस विषय पर संगठन द्वारा बार बार सूचना एवं आवेदन देने के बाद भी शिक्षको को परीक्षा की अनुमति नहीं मिल पाई है । जिससे शिक्षको का सर्विस बुक में जोडना एवं आगामी पदोन्नति में असुविधा लग रही है ।

धमनी स्कूल में बच्चों के लिए न्योता भोज का कार्यक्रम

■ बच्चों के बीच आकर आत्मिक सुख की अनुभूति : साहू

फिंगेश्वर/नवप्रदेश/12 मार्च। छत्तीसगढ़ के स्कूलों में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत सामुदायिक सहभागिता से न्योता भोज कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसी के तहत शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला धमनी में न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। न्योता भोज का आयोजन जनपद सदस्य भुनेश्वरी साहू एवं अंतरिक्ष साहू के द्वारा अपने पौत्र के जन्मोत्सव के अवसर पर किया गया। कक्षा पहली से आठवीं तक के बच्चों को खीर पूड़ी, मिठाई केला, अंगूर के साथ मध्यान्ह भोजन प्रदान किया गया। इस अवसर पर भुनेश्वरी साहू ने कहा कि न्योता भोज शासन की एक अभिनव पहल है जिसमें समुदाय को स्कूल में सहभागिता का अवसर प्राप्त होता है, साथ ही साथ बच्चों को भोजन कराने पर आत्मिक खुशी प्राप्त होती है।

न्यायालय तहसीलदार पाटन, जिला दुर्ग छ.ग.
रा.प्र.क्र. 202402100600100 अ-6-अ वर्ष 2023-24
ईश्तहार
एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम पाटन प.ह.नं. 35 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि ... 22.03.2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11.03.2024 को जारी किया गया।
सील — तहसीलदार पाटन, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र./202402101400047 अ-27/ वर्ष 2023-24
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- रेखराज पिता स्व. दयाराम ... स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा ।
आज दिनांक 21/02/24 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
सील — नायब तहसीलदारार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीदार दुर्ग जिला दुर्ग
मामला क्रमां. अ-27/23-24
ईश्तहार
(धारा 178 प्रारूप ख)
क्योंकि मौजा पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग के सहभूमिस्वामी गैंदलाल साहू आ. धनीराम साहू निवासी पोटियाकला तहसील व ...
सर्वेक्षणसंख्या/भू खंडाक 201/1, 210/2, 211/1, 280/3, 284/4, 284/1, 284/3, 284/4, 474/4, क्षेत्रफल कुल 1.6159 हे. भूराजस्व 0.0900 हे.
आज दिनांक 11/3/2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।
सील — तहसीलदार दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग
उद्घोषणा-पत्र
रा.प्र.क्र. अ-6/ 23-24
एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिक विनय गुप्ता पिता स्व. संतोष गुप्ता निवासी ग्राम कसारीडीह तहसील ... समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 11/03/2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया है।
जारी दिनांक 11/03/2024
सुनवाई दिनांक 27/03/2024
सील — तहसीलदार दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग
उद्घोषणा
पं.नं. 202403100400112/ अ-2/2023-24
एतदू द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका गीता बाला ... प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह उद्घोषणा आज दिनांक 07/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।
सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग
मामल की श्रेणी - राजस्व
संदर्भ- जिला- दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न.-00019 दुर्ग ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- सीजी5124901022024054
ईश्तहार
तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00019 के अंतर्गत ग्राम दुर्ग के वर्तमान भूमिस्वामी श्रीमती पदमावती ... पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05/02/2024 को जारी किया जाता है।
सील — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार भिलाई-3 के न्यायालय मे मामला क्रमांक 202403101600027
विषय-ब-121 मामले की श्रेणी-राजस्व सन-2023-2024
जामुल प.ह.न. 00001 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण
आवेदक पक्षकार - प्रकाश गणपति,
अनावेदक पक्षकार - राजस्व विभाग,
... 28.03.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य मान्य अभिकर्ता के माध्यम उपस्थित होकर लिखीत रूप में अपनी आपत्ति पेश कर सकते हैं।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06/03/2024 को जारी किया जाता है।
सील — तहसीलदार उप तहसील-भिलाई-3

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग
मामले की श्रेणी - राजस्व
संदर्भ- जिला- दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न.-00038 पोटियाकला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- आरडी202324430104600055
ईश्तहार
तहसील दुर्ग प.ह.नं. 00038 अंतर्गत ग्राम पोटियाकला के वर्तमान भूमि स्वामी महीभूषण टिकरिया पिता/पति-पिता छबिराम टिकरिया पता-एलआईसी- 521 पदमनाभपुर में खसरा क्रमांक 101/37 (0.0130) द्वारा धारित भूमि में प्रस्तावित भूस्वामी/क्रेता हितेश टिकारिहा पिता/पति-स्व. महिभूषण टिकरिहा पता-वार्ड नं. 53, न्यू आदर्श नगर, तहसील जिला दुर्ग, प्रतिमा तिकारिहा पिता/पति-स्व. महीभूषण टिकरिहा - वार्ड नं. 53, न्यू आदर्श नगर, तहसील वजीलादुर्ग नामांतरण/ अभिलेखों में सुधार/ पंजीकरण/त्रुटि उपरांत खाता विभाजन हेतु अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में लंबित है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 19/03/2024 को प्रातः 11 बजे न्यायालय न्यायालय तहसीलदारदुर्ग में होगी। ...
आज दिनांक 26/02/2024 को जारी किया जाता है।
सील — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग
मामले की श्रेणी-राजस्व
संदर्भ- जिला- दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न.-00039 बोरसी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्र. आरडी202324430104700073
ईश्तहार
तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00039 के अंतर्गत ग्राम बोरसी के वर्तमान भूमिस्वामी पुनूलाल साहू पिता/पति-जीवराखनपता-बोरसी के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 353/2 (0.0090) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता मोहम्मद फरहानअली पिता/पति-एम.अली पता-आदर्शनगर, दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण ... आज दिनांक 07/03/2024 को जारी किया जाता है।
सील — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग
मामलेकीश्रेणी- राजस्व
संदर्भ- जिला- दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न.-00039 बौरसी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्र. आरडी202324430104700076
ईश्तहार
तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00039 के अंतर्गत ग्राम बोरसी के वर्तमान भूमिस्वामी पुनूलाल साहू पिता/पति-जीवराखन पता-बोरसी के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 353/2 (0.0188) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती गीतांजली साहू पिता/पति-धनंजय कुमार साहू पता-सेक्टर- 04 भिलाई के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए ... आज दिनांक 07/03/2024 को जारी किया जाता है।
सील — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग
मामले की श्रेणी- राजस्व
संदर्भ- जिला- दुर्ग तहसील-दुर्ग प.रु.न.-00039 बोरसी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्र. आरडी 202324430104700074
ईश्तहार
तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00039 के अंतर्गत ग्राम बोरसी के वर्तमान भूमिस्वामी पुनूलाल साहू पिता/पति-जीवराखन पता-बोरसी के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 353/2 (0.0087) प्रस्तावित मकान मालिक/क्रेता अरुणकुमार सिंह पिता/पति-रामबिहारी सिंह पता-हनुमाननगर, दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के ... आज दिनांक 07/03/2024 को जारी किया जाता है।
सील — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र./202403101400007 / अ-6/ वर्ष 2023-24
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका- श्रीमती द्रौपति बाई लहरी पति स्व. अशोक लहरी निवासी- सतनामी भवन, बोरसी वार्ड नं.- 52 दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि मौजा हनोदा प.ह.नं. 53 स्थित भूमि खसरा नंबर 268 रकबा 0.4000 हे. भूमि भूमिस्वामी हक में अशोक आ. स्व. गेंदलाल के नाम पर राजस्व अभिलेख मे दर्ज है। पति अशोक आ. स्व. गेंदलाल की मृत्यु ... आज दिनांक 4/3/2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
सील — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार
आर.प्र.क्र./76/अ-20(3)/वर्ष 2022-23
आवेदक तिमिर भट्टाचार्जी पिता एन.सी.भट्टाचार्जी निवासी आमदी नगर हुडको भिलाई जिला दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आमदी नगर हुडको स्थित नजूल भूमि ख.नं 1/2, 2/2 भूखंड कं.एच.आई.जी. 59 क्षेत्रफल 330 वर्गमीटर भूमि धारकगण वंदना गुप्ता, अर्पणा गोयल, अर्चना गुप्ता, सोनिया अग्रवाल पिस. के.बी. गोयल नि. आमदी नगर हुडको भिलाई के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। सहधारकगण की ओर से आम मुख्तयार श्रीमती अर्चना गुप्ता द्वारा एवं स्वयं उक्त भूखण्ड पंजीकृत बैनामा दिनांक 14.06.2023 द्वारा केतागण श्रीमती नंदिता भट्टाचार्जी पति तिमिर ... आज दिनांक 06.03.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
सील — नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग
मामले की श्रेणी - राजस्व
संदर्भ- जिला- दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न.-00039 बोरसी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्र. आडी202324430104700075
ईश्तहार
तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00039 के अंतर्गत ग्राम बोरसी के वर्तमान भूमिस्वामी पुनूलाल साहू पिता/पति-जीवराखन पता-बोरसी के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 353/2(0.0105) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता चन्द्रमणि तिवारी पिता/पति-पुरुषोत्तम तिवारी पता-म.नं.-14/141, वार्डनं.- 18 बेमेतरा, जिला-बेमेतरा के नाम पर पंजीयन/ फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के ... आज दिनांक 07/03/2024 को जारी किया जाता है।
सील — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग
मामले की श्रेणी- राजस्व
संदर्भ - जिला- दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न.-00039 बोरसी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्र. आरडी202324430104700077
ईश्तहार
तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00039 के अंतर्गत ग्राम बोरसी के वर्तमान भूमिस्वामी पुनूलाल साह पिता/पति-जीवराखनपता-बोरसी के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 353/2(0.0087) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता अरुणकुमार सिंह पिता/पति-रामबिहारी सिंह पता-हनुमाननगर, दुर्ग के नाम पर पंजीयन/ फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण ... आज दिनांक 07/03/2024 को जारी किया जाता है।
सील — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अपर तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र./202402103000052/ ब-121/वर्ष 2023-24
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय कलेक्टर जिला- दुर्ग के आवेदन पत्र दिनांक 24/01/2024 आवेदिका श्रीमती जया गौतम पति श्री धनुष सिंह गौतम पता- मकान नंबर- 15, कातुलबोर्ड साकेत कालोनी (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि आवेदिका द्वारा ग्राम अरसनारा प.ह.नं. 15 में खसरा नंबर 106 रकबा 1.14 है. खसरा नंबर 127 रकबा 0.64 हे. खसरा नंबर 138 रकबा 0.50 हे. भूमि को आवेदिका ने पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 30/07/2012 एवं 08/07/2013 द्वारा खरीदी गई थी। प्रतिफल के पूर्ण भुगतान तथा कय विकय की पुष्टि के पश्चात् राजस्व अभिलेखों में आवेदिका का नाम भूमिस्वामी के रूप में दर्ज किया गया था। धारा 165 (7-ख) छ.ग.भू. राजस्व संहिता 1959 के तहत् प्राप्त पट्टे की भूमि को 10 वर्षो के पश्चात् क्रय किया गया है। सचिव छ.ग. शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय, रायपुर छ.ग. में धारा 165 (6) छ.ग.भू.राजस्व संहिता 1959 के तहत् प्राप्त पट्टे की भूमि को 10 वर्षो के पश्चात् विकय करने की अनुमति बाबत् श्रीमान् संयुक्त सचिव छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय रायपुर (छ.ग.) के आदेशानुसार कय -विक्रय तथा प्रतिफल का पूर्ण भुगतान के पश्चात् राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज ... आज दिनांक 28/2/24 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
सील — अति. तहसीलदार दुर्ग

न्यूज गैलरी

निर्माण कार्यों के लिए 3 लाख 20 हजार की प्रशासकीय स्वीकृति

कवर्धा। पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा की अनुशंसा पर कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे द्वारा पंडरिया विधानसभा के निर्माण कार्य के लिए विधायक मद से 03 लाख 20 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। निर्माण कार्य के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कवर्धा को क्रियान्वयन एजेंसी बनाया गया है। विधायक मद से पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंडरिया ग्राम पंचायत लघान में सीसी रोड़ निर्माण कार्य के लिए 3 लाख 20 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी है।

अतिथि शिक्षक की भर्ती के लिए वॉक इन इन्टरव्यू 14 को

गरियाबंद। जिला प्रशासन, गरियाबंद द्वारा शासकीय वीर सुरेन्द्र साय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गरियाबंद में प्रतियोगी परीक्षाओं (सी.जी.पी.एस.सी., व्यापम एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु निःशुल्क प्रयास कोचिंग संचालित किया जा रहा है। उक्त कोचिंग में पंजीकृत विद्यार्थियों को भारतीय इतिहास एवं कला संस्कृति, भारतीय भूगोल एवं अर्थशास्त्र, भारत का संविधान व सामान्य विज्ञान, पर्यावरण एवं समसामयिकी घटनाक्रम इत्यादि विषय के अध्यापन हेतु 06 माह की अवधि तक अतिथि शिक्षक की आवश्यकता है। उक्त शिक्षकीय कार्य हेतु अस्थायी रूप से योग्य व अनुभवी आवेदकों के लिए 14 मार्च 2024, गुरूवार को प्रातः 10.00 बजे से शासकीय वीर सुरेन्द्र साय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गरियाबंद में वॉक इन इन्टरव्यू का आयोजन किया जायेगा। इच्छुक आवेदक उक्त तिथि को शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव प्रमाण पत्रों की मूल प्रति के साथ उपस्थित हो सकते हैं। उक्त इन्टरव्यू पूर्व में 12 मार्च को आयोजित था, जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थागित किया गया है।

साहू समाज के नवनिर्मित भवन का विधायक साव ने किया लोकार्पण

भाटापारा। नगर साहू समाज के द्वारा स्थानीय भामाशाह चौक के पास साहू छात्रावास भवन में समाज के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण विधायक इन्द्र साव द्वारा किया गया। इसी के साथ फिल्म मेरी माँ कर्मा (हिंदी धार्मिक फ़िल्म) जो छत्तीसगढ़ सहित देश के कई सिनेमा घरों में 05 अप्रैल 2024 को रिलीज होने जा रही है उसे पूरी तरह टैक्स फ्री करने की बात विधायक इंद्र साव ने की है। इस अवसर पर विधायक इन्द्र साव ने इस फिल्म का प्रचार करने व सभी वर्ग के लोगों को देखने का अनुरोध किया। इस दौरान फिल्म के निर्माता एवं निर्देशक द्वय डी.एन. साहू एवं यू.के. साहू भी उपस्थित थे। विधायक इन्द्र साव ने अपने उद्बोधन में माता कर्मा के जीवन वृत्तांत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि माता कर्मा को साहू समाज की इष्ट देवी के रूप में पूजा जाता है। मां कर्मा को मारवाड़ की मीरा भी कहां जाता है। वे भगवान की अनन्य भक्त थी और श्री कृष्ण ने उन्हें साक्षात दर्शन दिये थे। इसको लेकर नगर के साहू समाज द्वारा एक कार्यक्रम भी यहां रखा गया था। जिसमें समाज के प्रबुद्ध लोगों ने हिस्सा लेते हुए, सभी ने एक स्वर में इस फिल्म को देखने व इसका प्रचार/प्रसार करने की सभी सामाजिक बंधुओं एवं सर्वसमाज के लोगों से अपील की। विधायक इन्द्र साव ने हिंदी फिल्म मेरी माँ कर्मा को टैक्स फ्री करवाने हेतु महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री छ.ग. शासन को पत्र लिखने की बात कही जिससे आम जन मानस माता कर्मा के जीवन चरित्र का अनुसरण कर सकें व माता कर्मा के जीवन वृत्तांत को जान सके।इस अवसर पर राष्ट्रीय स्टार प्रचारक कृपाराम साहू, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

पुरानी रंजिश को लेकर युवक की हत्या, 3 आरोपी गिरफ्तार

■ ईलाज के दौरान कुछ देर बाद हो गई थी मृत्यु

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रार्थी रिपोर्ट दर्ज कराया कि मेरा लड़का किशन साहू उर्फझिल्ली अपने दोस्तों के साथ मोटर सायकिल से काई तालाब की ओर गया हुआ था, जहां पर करीबन 3 बजे दोपहर रोहित, हरसु, अम्मु यादव, विन्नु तलकई व अन्य दो तीन लोग मिलकर मेरे लड़के किशन साहू उर्फ झिल्ली को पुरानी रंजिश को लेकर मां-बहन की गाली-गलौच करते हुए जान से मारने के लिए चाकू, हॉकी स्टीक, डंडा से घेरकर मारपीट किये। चाकू से सीना, पेट, पीठ, पर प्राणघातक चोट लगने पर ईलाज हेतु डायल 112 से पेंड्री अस्पताल, राजनांदगांव में लाकर ईलाज हेतु भर्ती किये थे, जहां ईलाज दौरान कुछ देर बाद मेरे लड़के की मृत्यु हो गयी। रिपोर्ट पर धारा 302, 34 भादंवि का अपराध पंजीबद्ध विवेचना में लिया गया। मामला गंभीर प्रकृति का होने से मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दिया गया। तत्काल ही पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त

पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के मार्गदर्शन में राजनांदगांव चौकी चिखली पुलिस एवं सायबर सेल राजनांदगांव की टीम गठित कर आरोपियों की पतासाजी दबिश दिया गया। घटना के बाद फरार आरोपियों के स्टेशन पारा में छिपे होने की विश्वस्त मुखबीर की सूचना पर स्टेशनपारा 16 खोली क्षेत्र में दबिश दी गयी। घेराबंदी कर 3 आरोपियों को पकड़ा गया, जिनसे पुछताछ करने पर अपना नाम पता अमित यादव उर्फ अम्मु पिता सतीश यादव, उर्फ सत्तु, उम्र 19, निवासी स्टेशनपारा, वार्ड नंबर-12 बुढ़ीमाई मंदिर गली, पुलिस चौकी चिखली, हर्ष बघेल उर्फ हर्षु पिता कमल बघेल, उम्र 19, निवासी स्टेशनपारा, 16 खोली, पुलिस चौकी चिखली, रोहित मंडावी पिता बलेश्वर मंडावी, उम्र 20 निवासी, स्टेशनपारा, वार्ड नंबर-12, पुलिस चौकी चिखली बताया तथा घटना को विन्नु तलकई एवं अन्य के साथ मिलकर करना बताये और घटना में प्रयुक्त हथियार धारदार चाकू, हॉकी स्टीक को जप्त कराया। बाद आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किय गया। प्रकरण के अन्य फरार आरोपियों की पतासाजी की जा रही है

उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी चिखली उप निरीक्षक नरेश कुमार बंजारे, सउनि शत्रुहन टंडन, महिला प्रधान आरक्षक वंदना पटले, समारूराम सर्पा, आरक्षक सिंधु सिन्हा, देवेन्द्र कुमार, सायबर सेल राजनांदगांव से सउनि सुमन कर्ष, प्रधान आरक्षक बसंत राव, आरक्षक मनीष वर्मा, जोगेश राठौर, अविनाश झा, हेमंत साहू का महत्वपूर्ण भूमिका व सराहनीय योगदान रहा है।

कृषक उन्नति योजना, जिले के किसानों को मिले 638 करोड़

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कृषक उन्नति योजना अंतर्गत 12 मार्च 2024 को राजनांदगांव जिले के 1 लाख 23 हजार 131 किसानों को उपार्जित धान के अंतर की राशि 638 करोड़ 23 लाख 84 हजार रूपए की राशि डीबीटी के माध्यम से किसानों के बैंक खाते में अंतरित की गई। कृषक उन्नति योजना अंतर्गत आदान सहायता राशि का वितरण एवं किसान मेला सह-प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन आज कृषि उपज मंडी राजनांदगांव में आयोजित किया गया। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारी सरकार जनता की सेवा करना जानती है। छत्तीसगढ़ वालों ने जो कार्य किया वह किसी अन्य राज्य ने नहीं की। छत्तीसगढ़ में विष्णु देव की सरकार के माध्यम से किसानों के घर धन की बरसात हो रही है। उन्होंने कहा कि विश्व में भारत का नाम गूंज रहा है। डॉ. मोहन यादव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद की घोषणा थी कि 21 वीं सदी का

भारत युवाओं का होगा, वह आज परिलक्षित हो रहा है। भारत में दोनों राज्य छत्तीसगढ़ नंबर वन और मध्यप्रदेश नम्बर दो पर स्थित है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कृषक उन्नति योजना की राशि रिमोट का बटन दबा कर 24.75 लाख किसानों के बैंक खाते में अंतरित किया। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक और गारन्टी आज पूरी हुई। राज्य स्तरीय कृषक उन्नति योजना का मुख्य कार्यक्रम का आयोजन बालोद में किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय वर्चुअल माध्यम से यहां जुड़े और रिमोट का बटन क्लिक कर किसान उन्नति योजना की राशि को किसानों के खाते में अन्तरित किया। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह भी इस अवसर पर वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ का ऐतिहासिक दिन है। कृषक उन्नति योजना अंतर्गत किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान के अंतर की राशि का भुगतान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कृषक उन्नति योजना से किसानों के जीवन में परिवर्तन आयेगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए महतारी वंदन योजना के तहत राज्य की 70 लाख से अधिक महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रूपए की राशि डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खाते में अंतरित की गई है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत 18 लाख परिवारों का पक्का मकान दिलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस पर राज्य के किसानों को दो साल का बोनस देने का निर्णय लिया गया था, जिसे पूरा किया गया है। मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में आज छत्तीसगढ़ निरंतर विकास की ओर बढ़ रहा है। सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार किसानों, श्रमिकों, महिलाओं की सरकार है। राज्य सरकार ने अपना वादा निभाते हुए महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं के खाते में प्रतिमाह एक हजार रूपए की राशि का भुगतान करना शुरू कर दिया है।

29 मवेशियों को बुचड़ खाना ले जाते हुए तस्करों को पकड़ने में पुलिस हुई सफल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु. अधिकारी डोंगरगांव, दिलीप सिंह सिसोदिया राजनादगांव के मार्गदर्शन, थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश पटेल के नेतृत्व मवेशी तस्कारों के खिलाफ लगातार कार्यवाही किया जा रहा था। इसी तारतम्य में 12 मार्च 2024 के रात्रि में डोंगरगांव थाना क्षेत्र की ओर से थाना गैंदाटोला क्षेत्र होते महाराष्ट्र सीमा पार करने जा रही ट्रक 6 चक्का अशोक लिलैंड को गौरक्षा दल के द्वारा रोकने हेतु पीछा कर रहे थे, जो मवेशी तस्कर मवेशी भरे वाहन को थाना गैंदाटोला के ग्राम सागर के पास रोड में रोककर मौके पर छोड़कर रात्रि के अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। छत्तीसगढ गौरक्षा दल अध्यक्ष मनोज जंघेल वाहन ट्रक के रिपोर्ट पर वाहन में 29 नग मवेशी को ठूंस-ठूंस कर भरकर, क्रूरता पूर्वक बिना चारा-पानी दिये महाराष्ट्र की ओर बुचड़ खाना ले जाते 29 नग मवेशी एवं 1 वाहन जुमला कीमती 20,29,000 रूपए कीमती को जप्त कर, थाना गैंदाटोला के द्वारा फरार आरोपी वाहन चालक के खिलाफ अपराध धारा-4, 6, 10 छग कृषि प.परि.अधि. 11 पशु क्रूरता अधिनियम का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है। फरार आरोपी तथा पशु तस्करी के अपराध में सलिप्त अन्य व्यक्तियों का पता-तलाश किया जाकर विधिवत गिरफ्तारी कार्यवाही की जायेगी।

कलेक्टर ने महिला कर्मचारियों से कार्यों में आ रही दिक्कत व समस्याओं की ली जानकारी

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में सरकारी महिला अधिकारी-

कर्मचारियों की समस्याओं को सुनने बैठक आयोजित की। इस महत्वपूर्ण मीटिंग में तात्पर्यता को दिखाते हुए समस्याओं का समाधान करने के लिए कदम उठाए जाएँगे। कलेक्टर ने बारी-बारी से परिचय प्राप्त किया।

उन्होंने महिलाओं से सरकारी कामकाज की जानकारी लेते हुए काम में आ रही दिक्क़त समस्याओं के साथ व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। बैठक में डिप्टी कलेक्टर, उप संचालक, समाज कल्याण, तहसीलदार, नायाब तहसीलदार खनिज, नान, स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत महिला आदि से लेकर विभिन्न विभागों में पदस्थ और महिला एवं बाल विकास की महिला सुपरवाइज़र उपस्थित थी। कलेक्टर ने कहा कि इस बैठक का उद्देश्य महिला अधिकारी कर्मचारियों के कामकाज के साथ काम में आ रही दिक्क़त और समस्याओं को जानना था। जिससे कामकाज में पढ़ने वाले विपरीत प्रभाव को दूर किया जा सकें। वैसे आप सब अच्छा कार्य कर रहे हैं। किसी प्रकार की समस्याओं तो उन्हें अवगत करा सकते हैं। आगामी दिनों में लोकसभा निर्वाचन है तो ज़ाहिर है निर्वाचन संबंधी समय सीमा का कार्य भी होगा।

लोस चुनाव में भूपेश को जीताने का निर्णय : सूर्यकांत

■ कांग्रेस की हुई प्रथम बूथ बैठक में निर्णय

राजनांदगांव/नवप्रदेश। आगामी लोकसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को प्रत्याशी बनाने से राजनांदगांव के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। 11 मार्च को प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर शहर कांग्रेस के अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सूर्यकांत जैन द्वारा ब्लॉक के सभी बूथों में वार्डवार बूथ कमेटियों की बैठक प्रारंभ कर दी गई है, जिसमें प्रथम बैठक गुरु घासीदास वार्ड क्रमांक 40 में बूथ क्रमांक 124 से प्रारंभ की गई। बैठक में बूथ कमेटी के सभी सदस्यों को हमारे लोकप्रिय पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को राजनांदगांव लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी बनाए जाने पर बधाई दी गई। बैठक में सभी सदस्यों को उनके बूथ प्रबंधन के कार्यों की जिम्मेदारी ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन द्वारा दी गई। बूथ कमेटी के सभी सदस्यों ने लोकसभा चुनाव में अपने बूथ में कड़ी मेहनत कर जीत दिलाने का भरोसा दिलाया है। ब्लॉक अध्यक्ष ने कहा कि राजनांदगांव की आवाज को दिल्ली में भारत की लोकसभा में उठाने के लिए, युवाओं को रोजगार, महिलाओं के सशक्तिकरण और छत्तीसगढ़ की संस्कृति को बचाने के लिए हमें कड़ी मेहनत करके लोकसभा में कांग्रेस के लोकप्रिय प्रत्याशी भूपेश बघेल को प्रचंड मतों से जीतने की अपील बैठक में की गई। उक्त अवसर पर सेक्टर प्रभारी दीना सोनकर, बूथ अध्यक्ष शैलेंद्र जोशी, प्रतिमा बंजारे, खिलेश बंजारे, इसराइल मुगल, आफ्ताब अहमद, दीपक शर्मा, नरेंद्र महलकर, इस्लाम गोरी, भारती चतुर्वेदी, पिंकी जोशी, लोकेश साहू, चेतन टंडन, सहदेव साहू, चांदनी कौशिक, अंजू बंजारे, अनिता टंडन, कविता मारकंडे, मनोज चतुर्वेदी, माखनलाल कौशिक, गणेश जोशी सहित वार्ड के वरिष्ठ कांग्रेसजन शामिल रहे।

विजय बघेल के सामने कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू की हार निश्चित : नितेश

बेमेतरा/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों की घोषणा के बाद अब कांग्रेस से राजेन्द्र साहू व भाजपा से विजय बघेल के बीच होगा चुनावी मुकाबला। आगामी लोकसभा चुनाव राजनीति सियासी पर बेमेतरा भाजयुमो नेता दाऊ नितेश सोनी ने अपने बयान जारी करते हुए कहा कि दुर्ग लोकसभा से राजेन्द्र साहू जिसे कांग्रेस ने अपना प्रत्याशी घोषित किया हैं, जो कि पुरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के लिए नए प्रत्याशी हैं पूर्व में उन्हें विधानसभा चुनाव में भी हार का सामना करना पड़ा व दुर्ग लोकसभा सहित प्रदेश की जनता ने कांग्रेस सरकार की पांच साल का कार्यकाल देखा हैं।

कांग्रेस के कार्यकाल में राजेन्द्र साहू प्रदेश के महामंत्री भी रहे हैं, जिसे कांग्रेस पार्टी ने अपना प्रत्याशी बनाया हैं। आपको बता दे

काँग्रेस की सरकार ने जनता के साथ भेदभाव किया हैं और विकास को पूर्ण रूप से रोकने का काम किया हैं, जनता पूरी तरह त्रस्त हो चुकी थी, जिसका जवाब विधानसभा चुनाव में जनता ने भाजपा पर विश्वास जताते हुए दिया हैं व अब लोकसभा चुनाव में भी जनता उन्हें जवाब देने को पूर्ण रूप से तैयार है।

क्षेत्र की जनता को देश के प्रधानमंत्री मोदी और दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल पर पूर्ण विश्वास हैं। विजय बघेल के 5 वर्षो का कार्यकाल लोकसभा क्षेत्र की जनता ने देखी हैं।

चुनाव को हल्के में न लेवें कार्यकर्ता : संतोष पाण्डेय

दुश्मन को कमजोर समझने की गलती न करें, लीड डबल करने का हो प्रयास

डोंगरगांव/नवप्रदेश। नगर के यादव भवन में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें पहुंचे वर्तमान सांसद तथा भाजपा प्रत्याशी संतोष पाण्डेय ने कार्यकर्ताओं को जमकर चार्ज किया। साथ ही बातों में बातों में उन्होनें देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 400 पार के नारे को दुहराते हुए डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र से पिछली लीड को डबल करने पर बल दिया। कार्यकर्ताओं को हिदायत देते हुए उन्होनें कहा कि हमें दुश्मन को कभी भी

कमजोर नहीं समझना है। प्रत्याशी घोषित होने के बाद पहली बार प्रमुख कार्यकर्ताओं से रूबरू होते हुए सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि प्रदेश में सिर्फ दो ही पुराने सांसदों को टिकट दी गई है, उनमें से मैं एक हूं। मुझ पर एक बार फिर शीर्ष नेतृत्व ने जो भरोसा जताया है, वह सब आप कार्यकर्ताओं के बल पर ही संभव हो पाया है। उन्होनें कहा कि हाईकमान ने हमें एक ही लक्ष्य दिया है कि हमें अपने अपने बूथों पर 370 वोट बढ़ाना है। यह असंभव कार्य नहीं है । यदि बूथ के कार्यकर्ता ठान लें तो इस लक्ष्य को आसानी से हासिल किया जा सकता है। श्री पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान कांग्रेस प्रत्याशी पर निशाना साधते हुए कहा कि वे किस मुंह से यहां की जनता से वोट मांगेगे, जबकि वे खुद यह जानते हैं कि मुख्यमंत्री रहते उन्होनें यहां की जनता से छल कपट ही किया है। इसी छल कपट के चलते वे यहां के अनेक सरकारी कार्यालयों को दुर्ग ले गये। यह तो गनीमत है कि इस बार वे मुख्यमंत्री नहीं बने, नहीं तो न जाने और कौन कौन सा कार्यालय यहां से अन्यत्र शिफ्ट हो जाता। उन्होनें कार्यकर्ताओं को सावधान करते हुए गीता के उपदेशों को सामने रख।

बेरला में हुआ महतारी वंदन सम्मेलन सह अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन

बेमेतरा/नवप्रदेश। छग शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं में से प्रमुख महतारी वंदन योजना अंतर्गत वर्चुवल राशि अंतरण कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा किये जाने हेतु महतारी वंदन सम्मेलन सह अंतर्राष्टीय महिला दिवस का आयोजन दिनांक बीते दिवस को सामुदायिक भवन प्रागंण नगर पंचायत बेरला में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक बेमेतरा दीपेश साहू व पूर्व विधायक अवधेश चंदेल के द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में अतिथियों में राहुल टिकरिहा सभापति जिला पंचायत बेमेतरा, श्रीमती पुष्पा टंकेश साहू जिला पंचायत सदस्य, बलराम पटेल मंडल अध्यक्ष बेरला, यशवंत वर्मा मंडल अध्यक्ष भिंभौरी, श्रीमती संध्या परगनिहा, मानक

चतुर्वेदी पार्षद, शिवझड़ी सिन्हा पार्षद, श्रीमती लक्ष्मीलता वर्मा पार्षद, श्रीमती चितरेखा साहू पार्षद, कन्हैया सेन, राघो सिन्हा, आनंद यादव, पुरषोत्तम यादव, राजू जायसवाल उपस्थित रहें। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती व छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्चुवल रूप से 70 लाख से अधिक हितग्राहियों को 655 करोड़ 57 लाख रूपये ऑनलाईन डीबीटी के माध्यम से उनके खाते में ट्रासफर किया गया।

ग्राम खोलवा में ताश खेलते 6 पकड़ाए

भाटापारा/नवप्रदेश। अभियान सृजन÷ के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव एवं आशीष अरोरा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी भाटापारा के मार्गदर्शन में निरीक्षक अमित पाटले थाना प्रभारी भाटापारा ग्रामीण के नेतृत्व में ग्रामीण पुलिस ने ग्राम खोलवा में सार्वजनिक स्थान पर ताश पत्ती का जुआ खेलते 6 लोगो को पकड़कर उनके कब्जा से 10 हजार से ज्यादा नकद रकम जब्त की है। उपरोक्त संबंध में जानकारी देते हुए ग्रामीण थाना प्रभारी अमित पटले ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर थाना भाटापारा ग्रामीण से उनि बंजारे, आर. अजय साहू, गौरीशंकर कश्यप, सुरेश गुप्ता, रविशंकर साहू, उमेश चंद्रवंशी,किरण जयसवाल,तिलक चंद्रवंशी की पुलिस टीम द्वारा ग्राम खोलवा स्कुल के पीछे नहर पार के पास सार्वजनिक स्थान पर दबिश देकर भरत चतुर्वेदी,

मोहम्मद जमीर,मुकेश गंगवानी,निलेश कुमार रामपुरी,अशरफ अली और शैफबाठिया सभी निवासी भाटापारा को गिरफ्तार किया गया।

आयोग के अध्यक्ष ने स्कूल, जेल, अस्पताल, थाने का किया निरीक्षण

बेमेतरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य मानव अधिकार आयोग के कार्यवाहक अध्यक्ष गिरिधारी नायक की अध्यक्षता में आज सुबह 10 बजे जिला मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस में जिलें के प्रशासकीय अधिकारियों की बैठक लेते हुए मानव अधिकार से जुड़े मामलों की समीक्षा कर संबंधित मानव अधिकार के पंजीकृत प्रकरणों पर चर्चा की। इसके अलावा उन्होंने अध्यक्ष गिरिधारी ने नेशनल हुमेन राइट कमीशन (एनएचआरसी)की मानवाधिकार संबंधी गाइडलाइन, राज्य की जनउपयोगी कल्याणकारी योजनाओं के पालन के संबंध में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने डॉग बाईट के संबंध में मरीजों की संख्या में हो रही बढ़ोत्तरी पर कार्यवाही करते हुये इसके रोकथाम करने की सलाह दी। इसके साथ ही विभिन्न एजेंडा जैसे आयोग कार्यालय में प्रतिवेदन हेतु लंबित प्रकरणों के संबंध में चर्चा, जिले में संचालित शासकीय प्री मैट्रिक/पोस्ट मैट्रिक के बुनियादी सुविधाओं पर चर्चा, शौचालयों, आवासीय क्षमता, सफाई कर्मचारियों की उपलब्धता के संबंध में चर्चा, जिले में संचालित वृद्धाश्रमों में निवासरत वृद्धजनों की संख्या के संबंध में चर्चा, वरिष्ठ नागरिकों के पेंशन प्रकरणों के संबंध में चर्चा एवं जनवरी 2024 तक कितने प्रकरणों में पेंशन का भुगतान किया गया तथा विभागवार लंबित प्रकरणों की संख्या के संबंध में चर्चा। पेंशनधारी शासकीय अधिकारियों/कर्मचारियों के छः माह से अधिक समय से लंबित पेंशन प्रकरण के संबंध में चर्चा, विगत 5 वर्षों में पुलिस अभिरक्षा में हुई मृत्यु संबंधी प्रकरणों की संख्या जैसे विषयो पर चर्चा कर समीक्षा की। उक्त संबंधित विषयों के संबंध में कलेक्टर रणबीर शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिलें में लंबित प्रकरणों पर तुरंत ही संज्ञान में लेते हुये सारे कार्य समय पर पूर्ण कर लिए जायेंगे।

पदुमतरा में श्रीराम मंदिर-शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। ब्लॉक के पदुमतरा में श्री राम मंदिर, भोलेनाथ व नर्मदेश्वर शिवलिंग का प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न हुआ। भक्तिमय वातावरण के साथ कलश यात्रा सैकड़ों ग्रामीण के उपस्थित में संपन्न हुआ। पूरे विधि-विधान के साथ प्राण-प्रतिष्ठा आचार्य श्रीयुत युवराज पाण्डेय श्री जगन्नाथ मंदिर अमलीपदर द्वारा संपन्न कराया गया। मुख्य जजमान के रूप में ओमप्रकाश साहू-कविता साहू रहे।

पूरे कार्यक्रम में जय-जय श्रीराम, भोलेनाथ के जयकारे से गूंजता रहा। प्राण-प्रतिष्ठा में पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, जनपद सदस्य शीला टाकेश सिन्हा, पदुमतरा सरपंच ललिता मोहन साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष नोमेश वर्मा, डुमरडीहकला सरपंच दिनेश ठाकुर, डोम्हाटोला सरपंच खिलेश्वरी साहू, एसमाजसेवी राठौर सौरभ वैष्णव, परदेशी सोनबोईर, राजेश्वरी साहू, रमेश चंद्राकर, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि समाजसेवी, श्रीराम मंदिर ट्रस्ट समिति, महिला मंडल भागवत समिति, ग्रामवासी शामिल हुए।

■ न्यूज गैलरी

परीक्षा परिणाम से संबंधित दावा-आपत्ति कल तक

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा संचालित आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना वर्ष 2024.25 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन 10 मार्च को आयोजित किया गया था। जिसका परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। परीक्षार्थी अपना परीक्षाफल कार्यालय सहायक आयुक्तए आदिवासी विकास अम्बिकापुर के सूचना पटल एवं शासकीय वेबसाईट पर देख सकते हैं। परीक्षा परिणाम में आपत्ति होने पर परीक्षार्थियों द्वारा परीक्षा परिणाम से संबंधित दावा आपत्ति 14 मार्च को शाम 5 बजे तक कार्यालय सहायक आयुक्तए आदिवासी विकास अम्बिकापुर में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्रस्तुत दावा आपत्ति या अभ्यावेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

किसान नए अनुसंधानों और नवाचारों को अपनाएं : नेताम

किसान मेला व प्रदर्शनी अंकुरण का कृषि मंत्री नेताम ने किया शुभारंभ प्रगतिशील और नवाचारी किसानों को किया सम्मानित

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग, आदिम जाति विकास, अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास मंत्री रामविचार नेताम ने सोमवार को राजमोहिनी देवी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, अंबिकापुरए में दो दिवसीय राज्य स्तरीय नवाचार, किसान मेला एवं प्रदर्शनी अंकुरण का शुभारंभ किया। यह किसान मेला एवं प्रदर्शनी राज्य शासन के कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर, राजमोहिनी देवी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, अंबिकापुर, छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर, छत्तीसगढ़ जैव प्रौद्योगिकी प्रोन्नत सोसायटी एवं नाबार्ड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है।

मुख्य अतिथि श्री नेताम ने इस अवसर पर किसान भाई बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य शासन द्वारा किसानों के हित के लगातार निर्णय लिए गए हैं जिससे अन्नदाता किसानों की समृद्धि के साथ प्रदेश और देश की उन्नति हो। उन्होंने कहा कि दो दिवसीय कार्यक्रम में नवाचार, किसान मेला और प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है।

जहां इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के अंतर्गत संचालित विभिन्न कृषि महाविद्यालयों, कृषि विज्ञान केन्द्रों तथा अन्य इकाईयों द्वारा किसानों के लिए किये जा रहे नवीन अनुसंधान, प्रौद्योगिकी तथा नवाचारों का प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आईजीकेवी ने अनुसंधान कर धान की उन्नत किस्में तैयार की और किसानों तक उसकी जानकारी पहुंचाई। आज उन्नत तकनीक के इस्तेमाल से फसलों के जर्मिनेशन के प्रतिशत में इजाफा हुआ है। पहले धान केवल खाने के लिए उगाया जाता थाए पर अब व्यापार के लिए भी धान उत्पादन किया जा रहा है। सरकार के द्वारा 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी का निर्णय लिया गया है। शासन द्वारा नवीन तकनीकों का इस्तेमाल करने कृषकों को प्रोत्साहित किया जा रहा है जिससे उत्पादन बढ़े। कृषि विश्वविद्यालय द्वारा राज्य में उत्पादन होने वाली किस्मों को संरक्षित किया गया है। शासन और केवीके ने किसानों को सम्मिलित करने एफपीओ का गठन किया जिससे किसानों को अपने उत्पादों को विक्रय करने का बेहतर मार्केट मिला है। किसानों को उन्नत बीजों से लेकर बेहतर तकनीकों और मार्केटिंग उपलब्ध कराने तक के लिए शासन द्वारा काम किया जा रहा है।

विभिन्न विभागों ने लगाए स्टॉल कर सामग्री वितरण

शुभारंभ समारोह में मंत्री श्री नेताम ने मंच से पांच प्रगतिशील किसानों को अंकुरण किसान किट का वितरण किया। उन्होंने राज्य शासन के कृषिए उद्यानिकीए पशुपालनए मत्स्य पालन एवं कृषि अभियांत्रिकी विभागों द्वारा संचालित किसान कल्याणकारी योजनाओं एवं गतिविधियों को प्रदर्शित करते स्टॉल का अवलोकन किया। विभागीय स्टॉल सहित यहां नाबार्ड द्वारा प्रायोजित कृषि उत्पादक समूहों तथा महिला स्वा.सहायता समूहों द्वारा उत्पादित सामग्रियों एवं ड्रोन तकनीकों का प्रदर्शन भी किया गया है। इस दौरान छत्तीसगढ़ जैव प्रौद्योगिकी प्रौन्नत सोसायटी द्वारा किसानों को वर्मी कम्पोस्ट तथा भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाने में उपयोगी एजोस्पाईरीलम, पीएसबी राइजोबियम एवं जेडएसबी तरल जैव उर्वरकों को निःशुल्क वितरण किया गया। किसान मेले के शुभारम्भ समारोह में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलसचिव जी के निर्माम आदि।

लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस में खींचतान, बस्तर से कवासी, कांकेर से बैज हो सकते हैं उम्मीदवार

आपसी खींचतान के चलते बैठक में लटका मामला, अब छत्तीसगढ़ कांग्रेस की उपसमिति करेगी 5 लोकसभा सीटों पर फैसला

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कांग्रेस की दूसरी लिस्ट मंगलवार शाम को जारी हुई। अब छत्तीसगढ़ की 5 बची सीटों पर नामों का ऐलान बाकी है। बताया जा रहा है कि उप समिति नामों पर फैसला करेगी। लोकसभा चुनाव के लिए छत्तीसगढ़ कांग्रेस में खींचतान मची है। खासकर बिलासपुर, बस्तर और कांकेर लोकसभा सीटों के लिए रायशुमारी के बाद भी बात नहीं बानी है।

ये हैं बकाया 5 सीटों के प्रबल दावेदार

लोकसभा सीट		संभावित प्रत्याशी
बस्तर	-	कवासी लखमा, हरीश लखमा, दीपक बैज,
बिलासपुर	-	विष्णु यादव, देवेंद्र यादव
कांकेर	-	दीपक बैज, बीरेश ठाकुर, मोहन मरकाम
सरगुजा	-	शशि सिंह, मधु सिंह
रायगढ़	-	जय माला सिंह, लालजीत सिंह, चक्रधर सिदार

जानकारी के मुताबिक बस्तर से कवासी, कांकेर से बैज और बिलासपुर से सिंहदेव उम्मीदवार हो सकते हैं। हालांकि पूर्व उप मुख्यमंत्री सिंहदेव बिलासपुर से मजबूत दावेदार हो सकते हैं लेकिन वो इंट्रेस्टेड नहीं है। अगर सिंहदेव बिलासपुर से नहीं लड़ते तो उनकी जगह यादव को टिकट मिलने की चर्चा है। मोहन मरकाम के लिए खासी मशक्कत का समय है। उप समिति में नेता प्रतिपक्ष, प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, पूर्व सीएम भूपेश बघेल जैसे अन्य नेता शामिल हैं। केंद्रीय नेताओं से चर्चा कर प्रदेश की बाकी बची सीटों पर नाम तय कर लिए गए हैं।

जायका समूह का महिला शक्ति अभिनंदन समारोह

रायपुर/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जायका समूह (जायका आटोमोबाइल्स एण्ड फायनेंस प्रा.लि., जायका इंश्योरेंस ब्रोकरेज, शिवनाथ हुंडई) द्वारा भव्य महिला शक्ति अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया।

जायका समूह द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नारी शक्ति के प्रति अपना सम्मान अभिव्यक्त करने हेतु एक भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें जायका समूह की संपूर्ण छत्तीसगढ़ के विभिन्न नगरों में स्थित शाखाओं में कार्यरत सभी महिला कर्मचारियों को आमंत्रित किया गया जिसमें रायपुर, तेलीबांधा सहित दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, अंजोरा, महासमुंद,

बलौदाबाजार, सरायपाली, धमतरी, कांकेर, जगदलपुर शाखाओं की 160 महिला कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर जायका समूह की निदेशक तथा फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल्स डीलर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ की स्टेट वर्टिकल हेड श्रीमति रश्मि काले तथा जायका समूह के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। इस अवसर पर उपस्थित महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा मनोरंजक गेम्स आयोजित हुए जिसमें आमंत्रित महिलाओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

बैंक ऑफ बड़ौदा ने लांच किया बॉब अर्थ ग्रीन डिपॉजिट्स

मुंबई/नवप्रदेश। भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंकों में से एक, बैंक ऑफ बड़ौदा (बैंक) ने नाज बॉब अर्थ ग्रीन टर्म डिपॉजिट योजना के शुभारंभ की घोषणा की और इस योजना के तहत प्राप्त होने वाली जमा राशि का उपयोग उपयुक्त पर्यावरण-अनुकूल परियोजनाओं तथा क्षेत्रों की फाइनेंसिंग के लिए किया जाएगा। बॉब अर्थ ग्रीन टर्म डिपॉजिट्स के तहत, ग्राहकों को अलग-अलग समय सीमा में निवेश पर आकर्षक व्याज दरों का लाभ उठाने के साथ-साथ भारत के हरित एवं दीर्घकालिक अर्थव्यवस्था का हिस्सा बनने का अवसर मिलता है। बैंक सालाना 7.15% तक की ब्याज दरों की पेशकश कर रहा है। आम नागरिक/निवासी भारतीय, एनआरआई एवं उच्च मालियत वाले व्यक्ति (HNI) निवेशक बॉब अर्थ ग्रीन टर्म डिपॉजिट योजना में निवेश कर सकते हैं।

इस अवसर पर बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, श्री देवदत्त चांद ने कहा, बैंक ने अपने परिचालन कार्यों में संवहनीयता को अपनाने की दिशा में काफी अधिक प्रगति की है, जिसमें जोखिम प्रबंधन, गवर्नेंस व्यवस्था, सामाजिक दायित्व और पर्यावरणीय प्रभाव के प्रति हमारे दृष्टिकोण शामिल हैं। बॉब अर्थ ग्रीन टर्म डिपॉज़िट योजना के शुभारंभ से निवेश करने वाले ग्राहकों को स्थायी और सुरक्षित रिटर्न पाने के साथ-साथ धरती को हरा-भरा बनाने में योगदान देने का दोहरा लाभ मिलता है। भारत के अग्रणी बैंकों में से एक होने के नाते, बैंक ऑफ बड़ौदा अपने ईएसजी मैडेट को आगे बढ़ाने और ग्रीन फाइनेंसिंग के अपने पोर्टफोलियो के दायरे का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध है।÷ बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपने बॉब अर्थ ग्रीन टर्म डिपॉज़िट योजना में नयापन लाते हुए विशेष समयावधि की पेशकश की है, जो धरती की जलवायु और संवहनीयता के लक्ष्यों की ओर संकेत करते हैं, जैसे कि 1.5 वर्ष की समयावधि वैश्विक तापमान में वृद्धि को पूर्व-औद्योगिक स्तरों से 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने के लक्ष्य को दर्शाती है, जबकि 1717 दिनों की समयावधि-संयुक्त राष्ट्र के 17 सतत विकास लक्ष्यों पर दोगुना बल देती है। बॉब अर्थ ग्रीन टर्म डिपॉजिट के माध्यम से जुटाई गई धनराशि का आवंटन उपयुक्त हरित परियोजनाओं/क्षेत्रों को किया जाएगा।

जिनमें नवीकरणीय ऊर्जा, स्वच्छ परिवहन, सतत जल एवं अपशिष्ट प्रबंधन, ऊर्जा कुशलता, जलवायु परिवर्तन अनुकूलन, प्रदूषण की रोकथाम एवं नियंत्रण, ग्रीन बिल्डिंग, जैव विविधता संरक्षण आदि शामिल हैं। बैंक ऑफ बड़ौदा के मौजूदा और नए ग्राहक देश भर में बैंक की किसी भी शाखा में ग्रीन डिपॉज़िट में निवेश कर सकते हैं। पिछले वर्ष बैंक

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग
मामले की श्रेणी- राजस्व
संदर्भ- जिला- दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न.-00019 दुर्ग ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्र. सीजी5124901022024054

ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00019 के अंतर्गत ग्राम दुर्ग के वर्तमान भूमिस्वामी श्रीमती पदमावती खांडा पिता/पति-मधुसूदन खांडा पता-गयानगर वार्ड न 04 दुर्ग तहसील जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 837/99 (0.0046) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता गणेशराम सेन पिता/पति-स्व. शत्रुहन सेन पता-राजीवनगर सांस्कृतिक भवन के पास वार्ड नं. 02 दुर्ग तहसील जिला दुर्ग (छ.ग.) के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 26/02/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 23/02/2024 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा पत्र

पक्षकार का नाम - श्रीमती लक्ष्मी गुप्ता
रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट रजि.नं. 202402100400642

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती लक्ष्मी गुप्ता पति राम विलास गुप्ता निवासी सुन्दर विहार कालोनी कुरूद द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा (क्षेत्रफल)	प्रयोजन
ग्राम- खेदामारा प.ह.न 11 तह. व जिला दुर्ग	1003/7	0.023हे. 2515.2 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति-दावा तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 28.02.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार धमधा, जिला दुर्ग (छ.ग.)
रा.प्र.क्र. 20240210080058
ब/121 वर्ष 2024-25
ग्राम- भाठाकोकड़ी प.ह.नं. 08

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक यादराम वर्मा आ. जीवराखन वर्मा निवासी ग्राम भाठाकोकड़ी तहसील धमधा जिला दुर्ग द्वारा अपने दादा भुनेश्वर लोधी पिता हटठू का दिनांक 31/10/1993 को स्थान ग्राम भाठाकोकड़ी में मृत्यु हो गया है। मृत्यु का पंजीयन किसी भी स्थान या जिले में पंजीयन नहीं होने से संबंधित विभाग में मृत्यु का पंजीयन करने स्थानीय रजिस्ट्रार (जन्म/मृत्यु) को जन्म मृत्यु रजिस्ट्रीकरण म.प्र. (सह पठित छ.ग. राज्य) नियम 1973 के नियम 10 (3) के अंतर्गत निर्देश/आदेश देने हेतु आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, सरपंच प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति आवेदन में संलग्न कर इस न्यायालय में पेश किया गया है।

यदि जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त संबंध में कोई आपत्ति/दावा हो तो स्वयं अथवा विधिक अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 13/03/2024 को लिखित में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 04/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुहर से जारी किया गया है।
जारी दिनांक 04/03/2024
पेशी दिनांक 13/03/2024

सील — तहसीलदार धमधा (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)
रा.प्र.क्र. 20240210460012
अ-6 (अ)/2023

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राम यादव आ. जोधीराम यादव उर्फ बोधीराम निवासी आजाद चौक कसारीडीह दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा मौजा ग्राम कोकड़ी प.ह.नं. 55 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि पुराना ख.नं. 103/2 रकबा 0.688 का टुकड़ा क्रय किया गया था जिसका नया ख.नं. 482/1 में सन 1988-89 से रकबा कम दर्शित हो रहा है। आवेदक के द्वारा त्रुटि सुधार हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 28/03/2024 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/02/2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।
पेशी दिनांक 28/03/2024

सील — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-20(3) वर्ष 2023-24
ई/सी 202403103800009

आवेदक सुभाष टंडन आ. स्व. रमेश टंडन निवासी सिकोला बस्ती वार्ड नं. 15 दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट क्र. 71 ए भूखंड क्र. 105/2 क्षेत्रफल 95 वर्गमीटर भूमि धारक चन्दरदास आ. हरिराम सतनामी नि. सिकोलाबस्ती के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक द्वारा उक्त भूखंड का टु. क्षेत्रफल 27.89 वर्गमीटर भूमि आवेदक सुभाष टंडन आ. स्व. रमेश टंडन के पक्ष में पंजीकृत उपहार पत्र दिनांक 01.03.2024 को निष्पादित किया है। आवेदक द्वारा पंजीकृत उपहार पत्र के आधार पर प्रश्नाधीन उपहार में प्राप्त भूखंड से उपहारकर्ता का नाम विलोपित कर स्वयं का नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 28.03.2024 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भूखंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.03.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील — नजूल जांच अधिकारी दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

प.नं. 202403100400186
अ-2/2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सरिता अग्रवाल आ./पति अशोक कुमार अग्रवाल निवासी कसारीडीह दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम चिखली प.ह.नं. 11 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 315/87 रकबा 0.0100 हे. 1050 वर्गफीट (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.सा. सं. की धारा 59 (2) के तहत पुर्ननिर्धारण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 11/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग, जिला दुर्ग

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./202402100400551/
अ -6 अ / वर्ष 2023-24

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हल्का पटवारी पुलगांव ने ध्रुव सिंह पिता शिवमंगल सिंह निवासी चिखलादाह राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव के नाम पर ग्राम पुलगांव, प.ह.नं. 20 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं.203/36 रकबा 0.069 हे. लगान 566.25 रूपया जो भूमिस्वामी हक में दर्ज हैं को भूमिस्वामी द्वारा अन्य सहखातेदारों के हक त्याग देने प्राप्त होने पर भूमिस्वामी के क्रमांक 01 में नाम दर्ज कर क्रमांक 02 में त्रुटिवश दर्ज कर दिया गया है जिसके कारण डिजिटल हस्ताक्षर में समस्या हो रही है का लेख करते हुए भूमिस्वामी का कम सुधार करने बाबत् प्रतिवेदन तहसीलदार दुर्ग की ओर प्रेषित किया गया था जो इस न्यायालय में त्रुटिसुधार के माध्यम से सुधार किये जाने हेतु प्राप्त हुआ है। आवेदित भूमि के संबंध में वांछित जांच कर त्रुटि कब हुई, किस प्रकार हुई, किस प्रकार सुधार किया जा सकता है लेख करते हुए स्पष्ट अभिमत सहित प्रतिवेदन तैयार कर वापस मूलतः न्यायालय में प्रस्तुत करने हेतु इस न्यायालय में प्रकरण प्राप्त हुआ है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 27/3/24 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं।

समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 7/3/24 को यह उद्घोशणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
जारी दिनांक 07/03/24
सुनवाई दिनांक 27/3/24

सील — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग
मामले की श्रेणी- राजस्व
संदर्भ- जिला दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.न. 00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी 202332443010480085

ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.नं. 00049 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के वर्तमान भूमिस्वामी सुनील गुप्ता पिता/पति रामअवध गुप्ता क्वा. नं. 223 एलआईजी के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 614/2 (0.0200) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती इंदिरा देवी गुप्ता पिता/पति स्व. सुनील गुप्ता पता-एलआईजी 223 आमदी नगर हुडको वार्ड नं. 57 तहसील व जिला दुर्ग, जगन्नाथ गुप्ता पिता/पति स्व. सुनील गुप्ता पता एलआईजी 223 आमदी नगर हुडको वार्ड नं. 57 तहसील व जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 21/03/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांक प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06/03/2024 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

पं.सं. 202403100400176/
अ-2/2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका अरूण कुमार मित्तल आ./पति प्रभाती लाल मित्तल निवासी - कादम्बरी नगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम - उरला प.ह.नं. 17/7 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं 820/9 रकबा 0.0220 हे. 2462.5 वर्गफीट (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके सबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वंय अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 11/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार पाटन, जिला दुर्ग छ.ग.
रा.प्र. क्रमांक 20240210060100
अ-6-अ वर्ष 2023-24

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम पाटन प.ह.नं. 35 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाषित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती गिरीजा बाई पिता स्व. अंबाला जाति ब्राम्हण निवासी आरंग तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. के नाम पर मौजा ग्राम पाटन तहसील पाटन जिला दुर्ग में शामिलात खाते की भूमि खसरा नंबर 1423/2 रकबा 0.88 हे. भूमि ऑनलाईन राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने बाबत आवेदन पेश प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदिका श्रीमती गिरीजा बाई पिता स्व. अंबाला जाति ब्राम्हण निवासी आरंग तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा प्रस्तुत उपरोक्तानुसार राजस्व अभिलेख दुरूस्त किये जाने की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 22.03.2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11.03.2024 को जारी किया गया।

सील — तहसीलदार पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)

केनरा बैंक Canara Bank

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

ई-नीलामी दिनांक : 30.03.2024

स्थायी संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित संपत्तियाँ केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार) के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके सांकेतिक/भौतिक कब्जा ले लिया गया है। निम्न वर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक 30.03.2024 को 12.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक केनरा बैंक सुरक्षित लेनदार के बकाया राशि को वसूल करने हेतु "जैसा है जहां है, जो है जैसा है" एवं "जो कुछ भी है" के आधार पर किया जा रहा है।

ऋणी/गारंटर का नाम एवं पता	संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम	मांग सूचना दिनांक / कब्जा सूचना दिनांक / बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि	शाखा का नाम खाता संख्या व आईएफएससी कोड
1. मेसर्स अशोक कन्स्ट्रक्शन, प्राप. श्री अशोक शर्मा, ब्लॉक न. 27, प्लॉट नं. 15, मोतीलाल नेहरू नगर, (पूर्व) भिलाई, 2. श्री अशोक शर्मा, ब्लॉक नं. 27, प्लॉट नं. 15, मोतीलाल नेहरू नगर, (पूर्व) भिलाई, 3. श्री जगदीश प्रसाद शर्मा, ब्लॉक नं. 27, प्लॉट नं. 15, मोतीलाल नेहरू नगर (पूर्व) भिलाई.	श्री अशोक शर्मा के नाम पर खसरा नं. 492/2 (भाग), प.ह.नं. 36, ग्राम- सांकरा, तहसील व जिला- राजनांदगांव, क्षेत्रफल- 10000 वर्गफीट में स्थित संपत्ति के समस्त भाग तथा अंश। चौहद्दी: उत्तर- शासकीय भूमि, दक्षिण- तोरन की भूमि, पूर्व- सुरेन्दर की भूमि, पश्चिम- रास्ता।	02.04.2022 / 08.06.2022 / ₹ 8,77,447.00 02.04.2022 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 8,10,000/- / ₹ 81,000/- / ₹ 10,000/-	Mr. Sandeep Deshmukh (No. 9425503197) Smriti Nagar Bhilai A/c No. 209272434 IFSC CODE: CNRB0001973 Email: cb1973@canarabank.com
मेसर्स श्री गणपति उद्योग, प्रोप. श्री सोमेश्वर प्रसाद सिंह पिता- कामेश्वर प्रसाद सिंह, एमसीडी गोदाम, धमधा रोड, चिखली, दुर्ग एवं जमानतदार- श्री कामेश्वर प्रसाद सिंह, प्लॉट नंबर 16/17, ब्लॉक नंबर 17, दक्षिण गंगोत्री, सुपेला, भिलाई।	चल संपत्ति 1- मेसर्स गणपति उद्योग प्रोप. श्री सोमेश्वर प्रसाद सिंह के नाम पर एमसीडी गोडाउन, धमधा रोड, चिखली दुर्ग में स्थित प्लांट व मशीनरी। अचल संपत्ति 2- श्री कामेश्वर प्रसाद सिंह पिता- श्री सोमेश्वर प्रसाद सिंह के नाम पर प्लॉट न. 17, ब्लॉक नं. 17, दक्षिण गंगोत्री, कमर्शियल मार्केट, सर्कस मैदान के पास, सुपेला, भिलाई छत्तीसगढ़। क्षेत्रफल 1368.00 वर्गफीट में स्थित लीज होल्ड भूतल + 1 मंजिला कामर्शियल सह आवासीय भवन। चौहद्दी: दक्षिण की ओर- प्लॉट नं. 16, उत्तर की ओर- प्लॉट नं 18, पश्चिम की ओर- सड़क, पूर्व की ओर- प्लॉट नं. 2,	07.11.2022 / 09.01.2023 / ₹ 1,05,78,903.55 07.11.2022 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	1: ₹ 3,40,000/- / ₹ 34,000/- / ₹ 10,000/-; 2: ₹ 78,30,000/- / ₹ 7,83,000/- / ₹ 10,000/-	Mr. Kapil Ganesh Gaud (No. 9730675070) Bhilai Main Branch A/c No. 209272434 IFSC CODE: CNRB0000298 Email: cb0298@canarabank.com
1. सूरजीत सिंह पोपीवाल पिता- हरी सिंह पोपीवाल, मकान नं. 892 के, गली नं. 1डी, वार्ड न. 60, रिसाली, भिलाई-जिला- दुर्ग, छत्तीसगढ़-490006 एवं 2. श्रीमती डिम्पल कौर पति- सूरजीत सिंह पोपीवाल, मकान नं. 892 के, गली नं. 1डी, वार्ड नं. 60, रिसाली, भिलाई-जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़-490006.	प्लॉट नं. 9, ब्लॉक नं. 24, सेक्टर-3, भिलाई-3, जिला- दुर्ग, क्षेत्रफल- 484 वर्गफीट में स्थित आवासीय भूमि एवं भवन के समस्त भाग व अंश। चौहद्दी: उत्तर- ब्लॉक 23 का भाग, दक्षिण- सड़क, पूर्व- प्लॉट 8, पश्चिम- प्लॉट 10.	17.12.2022 / 02.03.2023 / ₹ 9,96,422.00 17.12.2022 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 8,91,000/- / ₹ 89,100/- / ₹ 10,000/-	Mr. Pranal Singh Singodiya (No. 8989162199) Vaishali Nagar, Bhilai Branch A/c No. 209272434 IFSC CODE: CNRB0006491 Email: cb6491@canarabank.com
मेसर्स हार्दिक इंटरप्राइजेज, फ्लैट नं. 131, ब्लॉक-बी, एम्प्रेसिया अपार्टमेंट, न्यू राजेंद्र नगर, रायपुर, छ.ग. भागीदार- 1. श्री सुरेश निहिचलानी पिता- श्री इन्दनदास निहिचलानी, निहिचलानी भवन वार्ड नंबर 13, बसंत पाइप मिल के सामने, तिल्दा, रायपुर, छ.ग., 2. श्री विजय कुमार निहिचलानी पिता- श्री इन्दनदास निहिचलानी, फ्लैट नं. 103, ब्लॉक ए, एम्प्रेसिया अपार्टमेंट, न्यू राजेंद्र नगर, रायपुर, छ.ग., जमानतदार- 1. श्रीमती कंचन निहिचलानी पति- श्री सुरेश निहिचलानी, फ्लैट नं. 131, ब्लॉक-बी, एम्प्रेसिया अपार्टमेंट, न्यू राजेंद्र नगर, 2. श्रीमती संध्या निहिचलानी पति- श्री विजय कुमार निहिचलानी, फ्लैट नं. 103, ब्लॉक ए, एम्प्रेसिया अपार्टमेंट, न्यू राजेंद्र नगर, रायपुर, छ.ग.	खसरा नं. 550/3 (भाग), प.ह.नं. 108/39, कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड नं. 26, आरआईसी-1, तहसील व जिला- रायपुर छ.ग., क्षेत्रफल की सीमा 1650 वर्गफीट में स्थित प्लॉट नं. 93। संपत्ति की चौहद्दी- पूर्व- प्लॉट नं. 80, पश्चिम- सड़क, उत्तर- प्लॉट नं. 02, दक्षिण- प्लॉट नं. 94	21.08.2023 / 23.10.2023 / ₹ 1,56,64,110.47 12.01.2024 पर भविष्य का ब्याज और लागत खर्च आदि	₹ 16,83,000/- / ₹ 1,68,300/- / ₹ 10,000/-	Mr. Ritesh Kumar Kawale (No. 9326911967) GE Road, Raipur Branch A/c No. 209272434 IFSC CODE: CNRB0002555 Email: cb2555@canarabank.com

ई-नीलामी की शर्तेंः- (1) नीलामी बैंक द्वारा अधिकृत सेवा प्रदाता की वेबसाइट www.indianbankseauction.com के माध्यम से आन लाईन ई-नीलामी की जावेगी। (3) संपत्ति का निरीक्षण दिनांक 28.03.2024, सुबह 10.30 से सायं 4.30 बजे तक संबंधित शाखा प्रबंधक की पूर्व अनुमति से किया जा सकता है। (4) इच्छुक निविदाकर्ता धरोहर राशि (EMD) आरक्षित मूल्य का 10 प्रतिशत का भुगतान डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से, जो कि प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक के उपरोक्त संबंधित शाखा के पक्ष में देय हो। दिनांक 28.03.2024 को सायं 5.00 बजे तक जमा करें अथवा आन लाईन भुगतान आरटीजीएस/एनईएफटी/फण्ड ट्रांसफर के माध्यम से उपरोक्त वर्णित खातों में किया जा सकता है। (8) बिक्री की पुष्टि होने पर सफल खरीददार बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत जिसमें ईएमडी के लिए पहले भुगतान की गई रकम भी शामिल है तुरंत जमा करेंगे एवं शेष 75 प्रतिशत राशि का 15 दिन के अंदर भुगतान करेंगे। (11) अधिक जानकारी हेतु उपरोक्त संबंधित शाखा के प्राधिकृत अधिकारी से सम्पर्क करें अथवा सर्विस प्रदाता M/s Canbank Computer Service Ltd., E-mail ID: - eauction@ccsl.co.in अथवा www.canarabank.com. पर संपर्क करें।

विवाद की किसी भी स्थिति में अंग्रेजी अखबार 'सेन्ट्रल क्रोनिकल' दिनांक 13.03.2024 सम्पूर्ण छ.ग. में प्रकाशित विज्ञापन मान्य होगा।

दिनांक : 12.03.2024 स्थान: रायपुर (छ.ग.) — प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

न्यूज गैलरी

भाजपा प्रत्याशी और सांसद संतोष पांडेय का पलटवार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। सांसद संतोष पांडेय ने कांग्रेस उम्मीदवार भूपेश बघेल द्वारा लगाए गए आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस उम्मीदवार भूपेश बघेल द्वारा छग की भाजपा सरकार पर लगाए आरोप निराधार हैं। छग की भाजपा सरकार ने बहुत ही अल्प समय में कई वादों को पूरा करने का काम किया है। सरकार बनने के बाद कैबिनेट की पहली बैठक में 18 लाख प्रधानमंत्री आवास को स्वीकृति दी गई। किसानों को पुराना बकाया बोनस का भुगतान किया गया। बघेल का यह कहना कि महतारी वंदन योजना के अंतर्गत महिलाओं को राशि मिली है कि नहीं उसकी जानकारी उनको नहीं है। यह हास्यास्पद है। पूरे छग की जनता को मालूम है कि उक्त योजना के तहत महिलाओं को पहली किश्त मिल चुकी है। बघेल जी रहते कहां हैं। बघेल जी महतारी वंदन योजना के बारे में टिप्पणी करने से पहले ये बताएं कि उन्होंने अपने समय में वादा किया था कि सभी बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देंगे। बताएंगे कि अपनी सरकार में क्या सभी बेरोजगार युवाओं को उन्होंने बेरोजगारी भत्ता प्रदान किया। पूर्ण शराबबंदी का वादा किया था। पूरा किया। प्रधानमंत्री आवास के विषय में किस मुंह से बात करते हैं। अपने समय में आवास बनने नहीं दिया। हमारी सरकार आने के बाद प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति हुई। इसकी पहली किश्त जारी हो चुकी है, समय पर दूसरी किश्त भी जारी होगी। रही बात अन्य वादों कि तो अभी तो शुरुआत है, आने वाले समय में मोदी की सभी गारंटी पूरी होगी।

सभी निगरानी दल सक्रिय होकर करें पुख्ता कार्रवाई: कलेक्टर

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर के एल चौहान ने सोमवार 11 मार्च को जिला पंचायत सभागार में आयोजित एफएसटी,एसएसटी एवं व्हीएसटी दल के प्रशिक्षण में सभी निगरानी दलों को सक्रिय होकर भ्रमण करने तथा ठोस कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रशिक्षण में दी जाने वाली जानकारियों को गंभीरतापूर्वक सुन एवं समझ कर आत्मसात करने कहा। कलेक्टर ने परिवहन और आबकारी विभाग के अधिकारी को अधिक सतर्कता बरतने कहा है। उन्होंने जिला परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रतिदिन टीम के लिए प्लानिंग करें कि कौनसी टीम किस क्षेत्र में भ्रमण करेगी उसकी पूरी रूप रेखा अभी से तैयार कर लेवे। संयुक्त जांच टीम गठित करें और रात्रि में जांच के लिए निकलें। उन्होंने कहा कि शराब,नकदी तथा अन्य सामग्रियों के अवैध परिवहन पर पूरी तरह से नियंत्रण करें। जांच के दौरान ध्यान रखें कि आम नागरिकों को किसी तरह की परेशानी न हो बल्कि उनका सहयोग लें।

पूर्व प्रशासिका गुलजार की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

गरियाबंद/नवप्रदेश। ब्रह्माकुमारीज गरियाबंद स्थित स्थानीय सेवा केंद्र पर पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी हृदयमोहिनी (दादी गुलजार) की तीसरी पुण्यतिथि दिव्यता दिवस के रूप में मनाई गई। संस्था से जुड़े सभी लोगों ने पुष्प अर्पित कर दादी को श्रद्धांजलि दी।

सेवाकेंद्र की सह संचालिका बीके गीता बहन ने कहा कि इस धरा पर ईश्वरीय ज्ञान को सर्व मनुष्यात्माओं तक पहुंचाने के निमित्त दादी गुलजार एक अलौकिक दिव्य शक्ति संपन्न और महान तपस्विनी थी द्य 9 वर्ष की अल्पायु में ही प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के साकार संस्थापक ब्रह्मा बाबा के अलौकिक जीवन से प्रेरित होकर दादी जी ने संपूर्ण जीवन विश्व परिवर्तन के कार्य के लिए समर्पित कर दिया था।

भाभी से अवैध संबंध के चलते भाई की गला दबाकर हत्या

■ घटना के बाद फरार होने की तैयारी में था आरोपी कुकुदुर पुलिस की सूझबूझ से पहुंचा सलाखों के भीतर।

कवर्धा /नवप्रदेश। थाना कुकदुर के बिरसु राम पिता पंचम सैयाम उम्र 33 साल साकिन बांगर की मृत्यु हो जाने की सूचना पर थाना कुकदुर में मर्ग क्रमांक 19/24 धारा 174 जाफौ. कायम कर जांच पंचनामा कार्यवाही में लिया जाकर मृतक बिरसु राम सैयाम निवासी बांगर के शव का पी.एम. कराया गया। दौरान जांच निरीक्षण घटना स्थल, शव निरीक्षण कर पंचानों का कथन लिया गया, जांच पर पाया गया कि मृतक बिरसु राम की पत्नी का उसके देवर भीम सैयाम के साथ प्रेम एवं अवैध संबंध है, जिसकी जानकारी मृतक बिरसु को होने से बिरसु एवं भौम के मध्य वाद विवाद लडाई झगडा हुआ था। जिसे गांव व घर परिवार, रिश्तेदार लोग समझा बुझाकर आपसी समझौता कराये थे, जिसके बाद बिरसु राम सैयाम बोर गाड़ी में काम करने कमाने खाने म.प्र. गया था, घर में भाई बिरसु के नहीं होने से भीम सैयाम अपनी भाभी के साथ अवैध संबंध रखता था। गांव में चर्चा था व सुनने को मिल रहा था दिनांक 07.03.2024 की रात्रि 11.00 बजे बिरसु राम सैयाम बोर गाड़ी से काम कर वापस अपने घर आया अत्यधिक शराब पीया हुआ था, रात में बिना खाना खाये सो गया दूसरे दिन दिनांक 08.03.2024 को भी देर शाम तक नहीं उठा कुछ खा पी नहीं रहा था, तभी भीम सैयाम तेल से गले को मालिस करने लगा बिरसु की पत्नी खाना बना रही थी, कि भीम सैयाम अपने भाई के वापस घर आने से मन ही मन काफी परेशान था, मौका पाकर भीम मालिस करते करते रास्ते से हटाने के लिये अपने भाई बिरसु के गले को दोनों हाथों से दबा दिया तथा जांच पर यह तथ्य सामने आया कि भीम सैयाम अपने भाई की मृत्यु के संबंध में गांव वालों को नहीं बताया था, जो अपने जान पहचान के कुछ लोगों के साथ मिलकर अंतिम संस्कार करने श्मशान घाट ले गया था तब गांव के लोग भीम से पूछे कि बिरसु की मृत्यु कैसी हुयी है। तब भीम गांव वालों को बताया कि कमाने खाने म.प्र. गया था। दिनांक 07.03.2024 को भैया बिरसु वापस घर आया अत्यधिक शराब पीया था, जिससे उसकी मृत्यु हुयी है, तब गांव के लोग थाने में सूचना देने बोले अगर तुम सूचना नहीं दोगे तो हम लोग खुद थाने में जाकर सूचना देंगे बोलने पर भीम अपने बैया बिरसु के शव को श्मशान घाट से वापस घर लेकर गया और थाना कुकदुर जाकर भैया बिरसु के अधिक शराब पीने से मृत्यु होने का रिपोर्ट दर्ज कराया था। मृतक बिरसु राम सैयाम का पीएम रिपोर्ट प्राप्त किया गया। जिसमे गला दबाकर हत्या करने से मृत्यु होना लेख किये है, कि मर्ग की सम्पूर्ण जांच पर से आरोपी भीम सैयाम पिता पंचम सैयाम निवासी बांगर के विरूद थाना कुक्दुर में अपराध क्रमांक 32/24 धारा 302 भादवि कायम किया जाकर विवेचना की गई।

मां के बैंक खाते से 30 लाख निकालने वाला बेटा गिरफ्तार

■ मां का चेक चोरी कर फर्जी हस्ताक्षर किया था आरोपी, पुलिस में केस दर्ज होने के बाद 3 साल से फरार था

राजनांदगांव/नवप्रदेश।13 माच। प्रार्थियां श्रीमती शमीम खान पति स्व. शकील अहमद खान, उम्र 70 वर्ष, साकिन तुलसीपुर, वार्ड नंबर-17, राजनांदगांव की लिखित आवेदन जांच पर धारा 420 भादंवि का अपराध घटित होना पाये जाने से आरोपी मेहताब अहमद खान पिता स्व. शकील अहमद खान, निवासी तुलसीपुर, वार्ड नंबर-18, राजनांदगांव के खिलाफ दिनांक 24.10.2021 को अपराध क्रमांक 689/21 धारा 420 भादंवि कायम कर विवेचना में लिया गया। आरोपी घटना दिनांक 03.09.2021 को 12:00 बजे अपनी मां (प्राथिंयां) श्रीमती शमीम खान के स्टेट बैंक, राजनांदगांव एवं बैंक आफ बडोदा के खाता में जमा रकम को प्रार्थियां के चेक को चोरी कर फर्जी हस्ताक्षर कर बैंक से 29 लाख 88 हजार रूपये को फर्जी तरिके से आहरण कर धोखाधड़ी कर घटना दिनांक से फरार था। विवेचना के दौरान प्रकरण में धारा 380 भादंवि समाहित किया जाकर आरोपी पतासाजी हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा था।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में थाना कोतवाली से आरोपी के पतासाजी हेतु पुलिस टीम घटित कर तकनीकी सहायता से भोपाल पर होना पता चलने पर भोपाल टीम रवाना किया गया था, जहां मुखबीर की सूचना पर आरोपी मेहताब अहमद खान पिता स्व. शकील अहमद खान, उम्र 50 वर्ष, निवासी तुलसीपुर, वार्ड नंबर-18, राजनांदगांव हाल-कोलार रोड़ अवंतिका होम फेस-01, जिला भोपाल को घेराबंदी कर पकड़ा गया, जिसे हिरासत में लेकर राजनांदगांव लाया गया। हिकमत अमली से पूछताछ पर अपराध घटित करना स्वीकार करने एवं पूर्व अपराधिक रिकार्ड होने से आज दिनांक 11.03.2024 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया, आरोपी का जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया।

आरोपी आदतन अपराधी है, इसके विरूद्व थाना घुमका, जिला-राजनांदगांव में वर्ष 2021 में बकरी चोरी के आरोप में अपराध क्रमांक 218/2021 धारा 457, 380 भादंवि तथा थाना कोतवाली, जिला राजनांदगांव में एक्टीवा चोरी के आरोप में अपराध क्रमांक 568/2021 धारा 379 भादंवि कायम कर चालान किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू, उप निरीक्षक संजय बरेठ, सउनि उदय सिंह चंदेल, प्रधान आरक्षक जी सीरिल, आरक्षक कुश बघेल एंव थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

बेरला जनपद पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेरला जनपद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के खिलाफ सोमवार को फ्लोर टेस्ट हुआ, जिसमें दोनों को अपनी कुर्सी गंवानी पड़ी। पीठासीन अधिकारी पिंकी मनहर ने जनपद पंचायत के सभागार में अविश्वास प्रस्ताव के लिए मतदान कराया, जिसके पक्ष में 4 और विपक्ष में 20 मत पड़े।

जनपद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के खिलाफ सोमवार को फ्लोर टेस्ट हुआ, जिसमें दोनों को अपनी कुर्सी गंवानी पड़ी। पीठासीन अधिकारी पिंकी मनहर ने जनपद पंचायत के सभागार में अविश्वास प्रस्ताव के लिए मतदान कराया, जिसके पक्ष में 4 और विपक्ष में 20 मत पड़े। वहीं 1 वोट निरस्त कर दिया गया। इसके बाद कांग्रेस समर्थित अध्यक्ष हीरादेवी वर्मा व उपाध्यक्ष नवाज खान को अपना पद छोडऩा पड़ा। बता दें कि अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के खिलाफ जनपद सदस्य पहले ही लामबंद हो गए थे। उन्होंने उचित मान-सम्मान नहीं मिलने की बात कही थी। वहीं विकास कार्यों की राशि के वितरण से भी भाजपा व कांग्रेस समर्थित सदस्यों में आक्रोश था। इसी के चलते असंतुष्टों ने कलेक्टर के पास जाकर अविश्वास प्रस्ताव लाने का आवेदन दिया था, जिसका खामियाजा हीरादेवी वर्मा व नवाज खान को सोमवार को हुए फ्लोर टेस्ट में उठाना पड़ा। इस दौरान थाना प्रभारी विवेक पाटले, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, सुनील राजपूत, विनोद दुबे, प्रीतम चंदेल, बलराम पटेल, महेंद्र वर्मा आदि उपस्थित रहे।

12वीं परीक्षा के केंद्रों में निरीक्षण के दौरान एक भी नकल प्रकरण नहीं

राजनांदगांव/नवप्रदेश। । कलेक्टर के आदेशानुसार छग माध्यमिक शिक्षा मंडल, रायपुर द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षाओं में नकल अथवा किसी प्रकार की गड़बड़ी रोकने तथा निर्विघ्न संपन्न कराने हेतु जिला स्तर पर चार उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। इसी तारतम्य में गठित दल क्रमांक-2 में प्रभारी अधिकारी सतीश ब्यौहरे जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा राजनांदगांव को नियुक्त किया गया है एवं सहायक अधिकारी के रूप में पीआर झाड़े सहायक परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा, राजनांदगांव एवं दल के अन्य सदस्य मनीष कुमार सोनी व्याख्याता, श्रीमती स्वाति वर्मा व्याख्याता को दायित्व सौंपा गया है।

इस उड़नदस्ता दल द्वारा दिनांक 11 मार्च को आयोजित 12वीं की परीक्षा भूगोल

एवं भौतिकी विषय में कुल 6 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया, जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बिल्हरी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मोहारा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला ढारा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला देवकट्टा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भोथली एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला रामाटोला शामिल है। प्रभारी अधिकारी सतीश ब्यौहरे ने बताया कि भ्रमण एवं निरीक्षण के दौरान उक्त सभी परीक्षा केन्द्रों में नकल का कोई भी प्रकरण नहीं पाया गया।

सुनालिया नहर पुल पर नहीं लगेगा जाम,डीएमएफ फंड से मंजूरी

■ शंकराचार्य के आह्वान पर बंद, सड़क पर उतरे गौ सेवक

कोरबा/ नवप्रदेश। शहर में प्रवेश के साथ ही रेल्वे स्टेशन आने-जाने वाले सुनालिया नहर पुल मुख्य मार्ग में रेल्वे क्रॉसिंग बंद होने की वजह से नहर पुल पर वाहनों के जाम में फंसने वाले आम लोगों को जल्दी ही राहत मिल जाएगी। कोरबा के विधायक और छत्तीसगढ़ शासन के उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन की पहल, अनुशंसा और कलेक्टर अजीत वसंत के प्रयासों से इस सुनालिया रेल्वे क्रॉसिंग पर शीघ्र ही वाई शेप अंडरपास का निर्माण होने वाला है। कलेक्टर द्वारा अंडरपास निर्माण के लिए 30 करोड़ 97 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति डीएमएफ फंड से प्रदान की है।

बता दें कि औद्योगिक नगरी वाले जिले के रूप में पहचान रखने वाले कोरबा जिले के हृदय स्थल पॉवर हाउस मुख्य मार्ग तथा सुनालिया नहर पुल मार्ग से शहरवासी नियमित आवागमन करते हैं। शहर से रेल्वे स्टेशन की ओर जाने और रेल्वे स्टेशन से शहर की ओर आने के लिए सुनालिया रेल्वे क्रॉसिंग का मार्ग महत्वपूर्ण स्थान है।

विगत समय से सुनालिया नहर पुल वाले मुख्यमार्ग पर यातायात का दबाव भी तेजी से बढ़ रहा है। मुख्य मार्ग पर यातायात का दबाव बढ़ने से नहर पुल पर आये दिन ट्रैफिक जाम की स्थिति भी निर्मित होती है। यह समस्या और भी विकराल हो जाती है, जब कोई उत्सव का माहौल हो तथा रेल्वे फाटक बंद हों। रेलवे फाटक के बंद होने व खुलने के

दौरान दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती है। शहर की इस बड़ी समस्या को संज्ञान में लेकर कलेक्टर श्री अजीत वसंत द्वारा जिले के एसपी तथा अन्य अधिकारियों के साथ जिले में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने सुनालिया मार्ग सहित अन्य महत्वपूर्ण मार्गों का अवलोकन भी किया गया था। इस दौरान कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग (सेतु) के अधिकारियों को सुनालिया रेल्वे क्रॉसिंग में अंडरपास निर्माण के लिए स्टीमेट बनाने के निर्देश दिए थे। आखिरकार उद्योग मंत्री श्री देवांगन की अनुशंसा पर जिला खनिज न्यास मद से लगभग 30 करोड़ 97 लाख रूपए की लागत से अंडरपास निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। सुनालिया नहर पुल रेल्वे क्रॉसिंग मार्ग में बनने वाले अंडरपास का निर्माण पीडब्ल्यूडी (सेतु) की देखरेख में राइट्स (रेल्वे) द्वारा किया जाएगा।

नेता प्रतिपक्ष उमंग पाण्डेय ने किया स्टेडियम की समस्या का त्वरित समाधान

कवर्धा/नवप्रदेश। विगत वर्षों से कवर्धा खेल के क्षेत्र में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर बहुत ही उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा हैं। और ये सभी खिलाड़ी कवर्धा के स्टेडियम से ही प्रैक्टिस कर पूरे देश में अपना व कवर्धा का नाम रोशन कर रहे हैं । ऐसे में स्टेडियम में पिछले कुछ दिनों से रखरखाव एवं पानी का छिड़काव नही हो रहा हैं तथा वर्तमान में गर्मी बढ़ते ही खिलाड़ियो को काफी धूल एवं सूखे मैदान का सामना करना पड़ रहा है,साथ ही वहाँ लगे हैंड पम्प भी खराब की स्तिथि थी। जिससे जिले के युवाओं को उनके खेल, सेना एवं पुलिस बल की भर्ती हेतु तैयारी करने में एवं पेयजल व्यवस्था में बड़ी समस्या हो रही है। जिसके लिए कवर्धा जिले के बड़ी संख्या में युवाओं सहित विवेकानंद अकादमी के लगभग 800 तैयारी कर रहे छात्र/खिलाड़ी नगर

पालिका जा पहुंचे, वहाँ उपस्थित नेता प्रतिपक्ष उमंग पाण्डेय ने तुरंत ही समस्या को गंभीरता से सुना और त्वरित ही जल एवं सफाई विभाग के कर्मचारियों को साफ सफाई, प्रतिदिन पानी का छिड़काव एवं हैंड पम्प की मरम्मत आदि हेतु आदेशित करते हुए समस्या का समाधान किया । जिससे उपस्थित सभी 800 छात्र/खिलाड़ी प्रसन्नता से उमंग पाण्डेय जी को धन्यवाद देते ग्राउंड की वापस लौटे । बता दे इससे पहले भी स्टेडियम की कई समस्या को लेकर उमंग पांडेय जी ने स्वयं उपस्थित होकर ग्राउंड की साफसफाई करवाई।

भूपेश के लोस चुनाव लड़ने से आम जनता में हर्ष : तरूण

राजनांदगांव/नवप्रदेश। लोकप्रिय पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को नांदगांव लोकसभा चुनाव लड़ने पर कांग्रेस के कद्दावर व युवा नेता तरुण सिन्हा ने बधाई देते हुए कहा कि श्री बघेल का राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने पर आम जनता में काफी उत्साह और हर्ष का माहौल देखने को मिल रहा है। श्री सिन्हा ने आगे कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र से टिकट मिलने से इस क्षेत्र के चारों जिले कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, राजनंदगांव तथा मोहला-मानपुर-अं. चौकी जिलों की जनता में भारी खुशी का संचार हुआ है, उनका टिकट मिलने की खुशी में जगह-जगह मिठाइयां

बाटी और पटाखे फूटे, वहीं भाजपा के लोकसभा टिकट के दावेदारों और उनके समर्थकों के चेहरों में हल्की मुस्कान आ गई है, उनकी सोच यह भी हो सकती है कि दूसरी बार रिपीट होने वाले जनता से दूरी बनाए रखने वाले सांसद को पार्टी ने दूसरी बार टिकट देकर खतरा मोल ले लिया है और उनके समक्ष श्री बघेल के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के रूप में कद्दावर उम्मीदवार श्री पांडे को पटकनी देने के लिए तत्पर है। भूपेश बघेल की उम्मीदवारी से भाजपा में भीतर घात की संभावना कई गुना बढ़ गई है। वहीं कांग्रेस के विभिन्न खेमें के लोग एक छत्रा के नीचे आ जाएंगे, इससे श्री बघेल की जीत का अंतर लाखों में होगा। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को उनके अपने कार्यकाल के दौरान राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में कराए गए विभिन्न विकास निर्माण कार्यों और जन कल्याणकारी योजनाओं का सीधा.सीधा लाभ भारी बहुमत के रूप में अवश्य मिलेगा।

छग की सीनियर महिला हॉकी टीम नेशनल मैच खेलने पुणे रवाना

राजनांदगांव/नवप्रदेश । । दिनांक 13 से 23 मार्च 2024 तक पुणे (महाराष्ट्र) में आयोजित 14वी हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप हेतु राज्य की हॉकी टीम नागपुर पुणे एक्सप्रेस में नागपुर से पुणे (महाराष्ट्र) के लिए आज रवाना हो गई है।

छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी के मार्गदर्शन व हॉकी कोच अनुराज श्रीवास्तव एवं शकील अहमद तथा बलविंदर कौर मेहरा के नेतृत्व में आयोजित कोचिंग कैम्प में खिलाड़ियों का चयन उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। राज्य की सीनियर महिला हॉकी टीम का पहला मैच दिनांक 13 मार्च 2024 को मध्यप्रदेश हॉकी के साथ खेला जायेगा। छत्तीसगढ़ हॉकी के महासचिव मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि उक्त चैंपियनशिप में भाग ले रही राज्य के सीनियर महिला हॉकी टीम में शामिल खिलाड़ियो में कीर्ति देशमुख, गीतांजलि निर्मलकर, नेहा टोप्पो, नीलिमा कच्छप, अनिशा साहू, लीना कोसरे, सुनीता कुमारी, आंचल साहू, पूजा, अंजली महतो, मोनिका तिर्की, भूमिका उपाध्याय, मेघना साहू, ईशा साहू, कुसुम कुमारी, अनिता खुशरो, पूजा सिंह, रुषाली कश्यप तथा पूर्व अंतराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सुश्री बलविंदर कौर मेहरा कोच और सुश्री रंजु सागर मैनेजर के रूप में शामिल है।

आबकारी नियंत्रण कक्ष, टोल फ्री नंबर जारी

भाटापारा/नवप्रदेश। आबकारी विभाग द्वारा आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान हेतु अवैध मदिरा विक्रय, धारण एवं परिवहन के 24 घंटे निगरानी एवं रोकथाम हेतु जिले में पदस्थ कार्यपालिक स्टाफ आबकारी उपनिरीक्षक/आबकारी मुख्य आरक्षक की टीम गठित की गई है। अवैध मदिरा के विक्रय,धारण,परिवहन एवं वितरण के रोकथाम हेतु लगातार गश्त करने तथा आबकारी नियंत्रण कक्ष बलौदाबाजार में एक टीम को अवैध मदिरा के संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर नियमानुसार तत्काल कार्यवाही करने आदेशित किया गया है।

विस अध्यक्ष के 8 करोड़ प्रस्ताव को सरकार की मंजूरी, होंगे विकास कार्य

राजनांदगांव/नवप्रदेश।13मार्च। नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने बताया कि नगर पालिक निगम राजनांदगांव को राज्य शासन से विकास कार्यों के लिए लगभग 8 करोड़ की स्वीकृतियां मिली है, इसके तहत 32 अलग-अलग निर्माण कार्यों में सड़क, नाली, सौंदर्यीकरण, दुकान निर्माण, शेड निर्माण व इंटरलॉकिंग, मैदान समतलीकरण के कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली राज्य की भाजपा सरकार ने शहर को संवारने बड़ी सौगात दी है। यदु ने कहा कि- विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने शहर के विकास को लेकर विशेष प्रयास किए हैं। उनके ही प्रस्तावों पर मुहर लगाते हुए राज्य शासन ने करोड़ों की स्वीकृतियां दी हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन के पांच साल में विकास में पिछड़े शहर को दोबारा तरक्की की दिशा में लाने भाजपा सरकार समर्पित होकर तेजी से कार्य कर रही है। इन कार्यों की स्वीकृति के लिए नेता प्रतिपक्ष यदु ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, सांसद संतोष पांडे, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव व अभिषेक सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश पटेल का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि अधोसरंचना मद से नगर पालिका निगम राजनांदगाव सीमांतगर्त वार्ड क्रमांक 25 स्थित शीतला मंदिर के पास गेट, दुकान एवं शेड निर्माण कराये जाने की मांग की जा रही थी। इस मांग पर अधोसरचना मद से 16 लाख 48 हजार रुपए की स्वीकृति दी गई है। इसके अलावा वार्ड नंबर-48 नंदई वार्ड, राजनांदगांव में शिवधाम डबरीपारा रोड पर पुलिया निर्माण कार्य 3 लाख, वार्ड नंबर 34 कन्हारपुरी वार्ड में शिव मंदिर प्रांगण में शेड निर्माण कार्य 6.15 लाख, जयस्तंभ चौक में टिन शेड निर्माण कार्य 40.95 लाख, फरहद चौक में शहीद वीर नारायण सिंह जी की विशाल प्रतिमा स्थापना कार्य के लिए 22.92 लाख, राजनांदगांव शासकीय प्रिंटिंग प्रेस, चिखली के पास निर्मित 10 सामुदायिक भवनों के आयुर्वेद अस्पताल एवं पानी टंकी की रोड से अंदर भवनों तक एप्रोच रोड निर्माण कार्य 13.50 लाख, कन्हारपुरी में खेल मैदान निर्माण 19.50 लाख, लखोली हाई स्कूल में खेल मैदान निर्माण कार्य 19.50 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इसके अलावा और भी शहर विकास कार्य से संबंधित अन्य निर्माण कार्यों को मंजूरी दी गई है।

किश्त मिलने से महिलाओं में खुशी

नगरी/नवप्रदेश। धमतरी जिले की 2 लाख 36 हजार से ज्यादा महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत् 23 करोड़ 60 लाख 71 हजार रुपए की पहली किश्त की राशि पीएम ने जारी की। पूर्व विधायक रंजना साहू ने कहा कि सभी योजनाओं का धीरे धीरे लाभ दिलाया जा रहा है। वरिष्ठ जनप्रतिनिधि रामू रोहरा ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ लें। महतारी वंदन सम्मेलन पुरानी कृषि उपज मंडी धमतरी, कृषि उपज मंडी कुरूद, मधुबन ग्राम रांकाडीह मगरलोड, कृषि उपज मंडी नगरी तथा सांस्कृतिक भवन आमदी में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि प्रीतेश गांधी, महेन्द्र पंडित, प्रकाश गोलछा, उमेश साहू, श्रीमती खिलेश्वरी किरण,सति अन्य लोगउपस्थित थे।

महिलाओं की बढ़ी म्यूचुअल फंड में दिलचस्पी, 21 फीसदी बढ़ी हिस्सेदारी

नईदिल्ली। बात पैसे बचाने की हो तो महिलाओं को अधिकतर सुरक्षित निवेश या सेविंग्स का रुख करते देखा जाता है। लेकिन इस बीच महिलाओं ने बाजार में दिलचस्पी दिखाई है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स के आंकड़ों की मांगे तो म्यूचुअल फंड में महिला निवेशकों की हिस्सेदारी मार्च 2017 में 15 प्रतिशत से बढ़कर दिसंबर 2023 में लगभग 21 प्रतिशत हो गई है। यानी कि महिला निवेशक अब म्युचुअल फंड में निवेश को लेकर दिलचस्पी दिखा रही हैं।

इस साल फरवरी में म्यूचुअल फंड में प्रबंधन के तहत कुल संपत्ति 50 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गई, इसका कारण ये भी माना जा रहा है कि बड़ी संख्या में निष्क्रिय निवेशक बचत करने और ज्यादा कमाने का टारगेट बना कर म्यूचुअल फंड का रुख कर रहे हैं।

एम्फी के आंकड़ों से एक और बात का बता चलता है कि विकास की यह गति इस अवधि के दौरान शहरी केंद्रों की तुलना में अविकसित या अल्पविकसित केंद्रों में अधिक थी। बी-30 शहरों में महिला पोर्टफोलियो और संपत्ति की हिस्सेदारी क्रमशः 15 प्रतिशत से बढ़कर 18 प्रतिशत और 17 प्रतिशत से 28 प्रतिशत हो गई है।

एम्फी की ये रिपोर्ट क्रिसिल ने तैयार की, जिसमें कहा गया है कि लगभग 50 प्रतिशत महिला निवेशक 25-44 आयु वर्ग में आती हैं, जबकि व्यक्तिगत निवेशकों के कुल समूह में यह लगभग 45 प्रतिशत है।

गोवा में म्यूचुअल फंड उद्योग में महिलाओं की हिस्सेदारी सबसे अधिक 40 प्रतिशत है, इसके बाद पूर्वोत्तर राज्य 30 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर हैं। चंडीगढ़, महाराष्ट्र और नई दिल्ली में भी प्रबंधनाधीन संपत्तियों में महिलाओं की हिस्सेदारी 30 प्रतिशत से अधिक है। इसके अलावा, महिला म्यूचुअल फंड वितरकों की संख्या भी बढ़ी है। दिसंबर, 2023 तक इनकी संख्या 42,000 के स्तर पर पहुंच गई। धकांश महिला रेगुलर प्लान रुट के तहत निवेश करती हैं और जब म्यूचुअल फंड वितरक के माध्यम से निवेश करती है तो निवेश की अवधि लंबी होती है।

बाजार में बढ़त, 73 हजार के ऊपर सेंसेक्स, निफ्टी 22000 के पार

नईदिल्ली। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन भारतीय इंडेक्स मामूली बढ़त के साथ खुले हैं। सेंसेक्स 42.52 अंक या 0.06 प्रतिशत ऊपर 73,545.16 पर और निफ्टी 6.90 अंक या 0.03 प्रतिशत ऊपर 22,339.60 पर दिख रहा है। लगभग 1267 शेयर बढ़े, 1053 शेयर गिरे और 133 शेयरों में कोई बदलाव नहीं दिख रहा है।

प्री-ओपनिंग सेशन में बेंचमार्क इंडेक्स सपाट कारोबार कर रहे हैं। सेंसेक्स 34.24 अंक या 0.05 फीसदी ऊपर 73,536.88 पर और निफ्टी 16 अंक या 0.07 प्रतिशत ऊपर 22,348.70 पर दिख रहा है।

हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन यानी मंगलवार 12 मार्च को शेयर बाजार में बिकवाली का दवाब देखने को मिल सकती है। प्रमुख इंडेक्स हल्की गिरावट के साथ खुल सकते हैं। हालांकि गिफ्ट निफ्टी हल्की मजबूती के साथ 22450 के पार ट्रेड कर रहा।

ग्लोबल मार्केट की बात करें तो अमेरिकी वायदा और एशियाई बाजारों में खरीदारी है। डाओ पर 50 अंकों की हल्की बढ़त के साथ दिख रहा है। ढ्ढज्ञ पर दबाव से नैस्डेक में 0.4त्न की गिरावट देखी गई। वहीं 2 महीने के निचले स्तर से डॉलर इंडेक्स में हल्की रिकवरी देखने को मिली। 11वें दिन बढ़त के बीच सोने में दायरे का कारोबार देखने को मिला।देसी शेयर बाजार में जारी तेजी पर हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार (11 मार्च) को ब्रेक लग गया। ग्लोबल मार्केट से मिले कमजोर रुझानों के बीच रिलायंस, टाटा मोटर्स, धातु और बैंकिंग शेयरों में बिकवाली के कारण शेयर बाजार 600 से ज्यादा अंक की भारी गिरावट लेकर बंद हुआ। भारत और अमेरिका दोनों देशों में मंगलवार को महंगाई और आईआईपी डेटा के आंकड़ें आने हैं। इस कारण भी आज निवेशकों ने सतर्कता का रुख अपनाया। आज के कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 617 अंक कमजोर हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 161 अंक की गिरावट दर्ज की गई।क्चस्श्व का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 616.75 अंक यानी 0.83 फीसदी की भारी गिरावट के साथ 73,502.64 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में आज 73,433.91 और 74,187.35 के रेंज में कारोबार हुआ।वहीं, दूसरी तरफ नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में भी 160.90 अंक यानी 0.72 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। निफ्टी दिन के अंत में 22,332.65 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी में आज 22,307.25 और 22,526.60 के रेंज में कारोबार हुआ।

रिकॉर्ड ऊंचाई से फिसला सोना, चांदी भी हुई सस्ती

नईदिल्ली। रिकॉर्ड लेवल पर पहुंचने के बाद सोने की कीमतों में आज गिरावट देखने को मिल रही है. गोल्ड आज सस्ता हो गया है. एमसीएक्स पर सोने और चांदी दोनों की ही कीमतों में कटौती दिख रही है. वहीं, पिछले कारोबारी दिन यानी 11 मार्च को सोने और चांदी दोनों ही धातुओं की कीमतों में तेजी दिख रही थी. अबतक मार्च महीने में सोने का भाव 3000 रुपये प्रति 10 ग्राम तक बढ़ा है।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर गोल्ड का भाव आज गिरावट के साथ ट्रेड कर रहा है. सोने का भाव आज 0.18 फीसदी की गिरावट के साथ 65913 रुपये प्रति 10 ग्राम पर है. इसके अलावा चांदी का भाव 0.08 फीसदी की गिरावट के साथ 74458 रुपये प्रति किलोग्राम पर है। आईबीजेए पर भी आज गोल्ड की कीमतों में गिरावट देखने को मिल रही है. आईबीजेए पर आज 999 शुद्धता वाले गोल्ड का भाव 65615 रुपये प्रति 10 ग्राम पर है. इसके अलावा 995 शुद्धता वाले सोने का भाव 65353 और 916 शुद्धता वाले गोल्ड का भाव 60103 रुपये प्रति 10 ग्राम पर है।

यात्री वाहनों ने फरवरी में अब तक की सबसे अधिक बिक्री दर्ज की

नईदिल्ली। भारत में यात्री वाहनों की थोक बिक्री फरवरी में सालाना आधार पर 11 प्रतिशत बढ़ी। उद्योग निकाय सियाम ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि स्पोर्ट यूटीलिटी वाहनों की बाजार पर पकड़ बरकरार है।

ऑटो कंपनियों ने पिछले महीने डीलरों को कुल 3,70,786 यात्री वाहन भेजे, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह आंकड़ा 3,34,790 इकाई था। सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने एक बयान में कहा, यात्री वाहनों ने इस साल फरवरी में अपनी अब तक की सबसे अधिक बिक्री दर्ज की। यह आंकड़ा फरवरी 2023 की तुलना में 10.8 प्रतिशत बढ़कर 3.7 लाख इकाई रहा।समीक्षाधीन माह में कुल दोपहिया वाहनों की बिक्री 35 प्रतिशत बढ़कर 15,20,761 इकाई हो गई, जो पिछले साल इसी महीने में 11,29,661 इकाई थी। इसी तरह तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री फरवरी में 54,584 इकाई रही, जो पिछले साल समान माह में 50,382 इकाई थी। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने एक बयान में कहा कि पिछले साल के मुकाबले फरवरी 2024 में यात्री वाहनों, दोपहिया और तिपहिया वाहनों की बिक्री बढ़ी, जबकि वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री में थोड़ी गिरावट हुई।

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया सीमित दायरे में रहा

मुंबई। रुपया मंगलवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सीमित दायरे में रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि प्रतिभागी अमेरिका में फरवरी के मुद्रास्पीति के आंकड़ों और भारत में फरवरी के मुद्रास्फीति के आंकड़ों तथा जनवरी के आईआईपी आंकड़ों का इंतजार कर रहे हैं।

इस बीच, सकारात्मक घरेलू शेयर बाजार, विदेशी कोषों की आवक और विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा की कमजोरी से निवेशकों की भावना मजबूत हुई। दूसरी ओर कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने स्थानीय मुद्रा की बढ़त को सीमित किया।अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 82.74 पर खुला, और फिर मजबूती के साथ 82.72 पर पहुंच गया। इस तरह रुपये ने पिछले बंद भाव के मुकाबले तीन पैसे की बढ़त दर्ज की। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले आठ पैसे की गिरावट के साथ 82.75 पर बंद हुआ था।इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.06 प्रतिशत घटकर 104.80 पर पहुंच गया। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.36 प्रतिशत बढ़कर 82.51 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के भाव पर था। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 4,212.76 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

खेल, मनोरंजन

टी20 वर्ल्ड कप के लिए मिचेल मार्श कप्तान

नई दिल्ली। टी20 वर्ल्ड कप 2024 में ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी पैट कमिंस नहीं बल्कि मिचेल मार्श को सौंपी जा सकती है। इस बात का समर्थन खुद टीम के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने किया है। टीम के कोच ने मार्श के नाम को आगे रखा है। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि जल्द ही क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया कप्तान के तौर पर मार्श के नाम का ऐलान कर सकता है।

साल 2022 में टी20 वर्ल्ड कप के बाद फिंच ने संन्यास ले लिया था। इसके बाद मार्श ने अनौपचारिक आधार पर टी20 में नेतृत्व की भूमिका निभाई है।

एंड्रयू मैकडोनाल्ड, जॉर्ज बेली की अध्यक्षता वाले सेलेक्शन पैनल का हिस्सा हैं। वो क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया बोर्ड को सिफारिश करेंगे कि 32 वर्षीय मार्श को औपचारिक आधार पर बागडोर सौंपी जाए। आरोन फिंच की सेवानिवृत्ति के बाद फुलटाइम कप्तान की भूमिका तय करना अभी भी बाकी है।एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा, जिस तरह से वह उस टी20 टीम के साथ काम करने में सक्षम हैं, उससे हम खुश और सहज हैं। हमें लगता है कि वह टी20 विश्व कप के लिए बेस्ट कप्तान हैं।ऑस्ट्रेलिया ने मार्श की कप्तानी में वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंज के खिलाफ टी20 सीरीज भी जीती थी।एक अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी के रूप में मार्श की वापसी की राह 20 ओवर के खेल में शुरू हुई जब उन्होंने अपनी टीम को 2021 विश्व कप ट्रॉफी दिलाई। वह दुबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में 50 गेंदों में नाबाद 77 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द मैच रहे। ऑस्ट्रेलिया ने 173 रनों के विजय लक्ष्य को एक ओवर से अधिक शेष रहते हुए हासिल कर लिया।54 टी20 में मार्श ने 22.76 की औसत से 17 विकेट के अलावा नौ अर्धशतकों के साथ 1,432 रन बनाए हैं।

नार्डी ने विश्व नंबर-1 जोकोविच को हराकर बड़ा उलटफेर किया

इंडियन वेल्स। 20 वर्षीय इटालियन लुका नार्डी , जिन्होंने परीबा ओपन के मुख्य ड्रॉ में लकी लूज़र खिलाड़ी के रूप में प्रवेश किया। लेकिन, इय युवा खिलाड़ी ने विश्व नंबर 1 नोवाक जोकोविच को तीसरे राउंड में दो घंटे 17 मिनट में 6-4, 3-6, 6-3 से हराकर सबको चौंका दिया। पिछले हफ्ते नार्डी क्वालीफाइंग के अंतिम दौर में डेविड गोफिन से हार गए, लेकिन उन्हें लकी लूज़र के रूप में ड्रॉ में प्रवेश करने के लिए बुलाया गया जब अर्जेंटीना के टॉमस मार्टिन एटचेवेरी ने ड्रॉ से नाम वापस ले लिया। वर्ल्ड नंबर 123 रैंक वाला इटालियन मास्टर्स 1000 या ग्रैंड स्लैम इवेंट में जोकोविच पर जीत हासिल करने वाला इतिहास का सबसे कम रैंक वाला खिलाड़ी बन गया है। वह मास्टर्स 1000 में मौजूदा विश्व नंबर 1 को हराने वाले चौथे सबसे कम रैंक वाले खिलाड़ी भी हैं। नार्डी ने कहा, मेरे पास शब्द नहीं है। मैं क्या कह सकता हूं? कल रात मैं इसके बारे में सपना देख रहा था, मैं कोचों से इसके बारे में बात कर रहा था। अब यह सच है! इटालियन, जो अपने प्रदर्शन के दम पर अगले सप्ताह शीर्ष 100 में डेब्यू करने के लिए तैयार है, राउंड 16 में अमेरिकी टॉमी पॉल से भिड़ेंगे। सिनसिनाटी और पेरिस में खिताब जीतने के बाद जोकोविच का एटीपी मास्टर्स 1000 में अपनी 11 मैचों की जीत का सिलसिला टूट गया ।

ऐ वतन मेरे वतन से इमरान हाशमी की पहली झलक

सारा अली खान अपनी अपकमिंग फिल्म ये वतन मेरे वतन लेकर चर्चा में बनी हुई हैं. ये फिल्म लंबे समय से चर्चा में है. फिल्म जल्द ही रिलीज होने वाली है. कुछ समय पहले सारा अली खान का लुक सामने आया था. वहीं अब फिल्म में गेस्ट अपीरियंस देने वाले इमरान हाशमी का भी लुक जारी कर दिया गया है. इस फिल्म में एक्टर स्वतंत्रता सेनानी राम मनोहर लोहिया के किरदार में नजर आने वाले हैं. सारा अली खान अपनी अपकमिंग फिल्म ये वतन मेरे वतन लेकर चर्चा में बनी हुई हैं. ये फिल्म लंबे समय से चर्चा में है. फिल्म जल्द ही रिलीज होने वाली है. कुछ समय पहले सारा अली खान का लुक सामने आया था. वहीं अब फिल्म में गेस्ट अपीरियंस देने वाले इमरान हाशमी का भी लुक जारी कर दिया गया है. इस फिल्म में एक्टर स्वतंत्रता सेनानी राम मनोहर लोहिया के किरदार में नजर आने वाले हैं. बता दें कि राम मनोहर लोहिया ने अंडरग्राउंड रेडियो को स्थापित करने और चलाने में अहम भूमिका निभाई, जो क्विट इंडिया मूवमेंट के दौरान महत्वपूर्ण था. उन्हें अपनी पूरी यात्रा के दौरान कई बार जेल में डाला गया, कैद किया गया और टॉर्चर भी किया गया लेकिन ब्रिटिश राज के खिलाफ देश की लड़ाई उन्होंने अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया. फिल्म ये वतन मेरे वतन में भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के गुमनाम नायकों को श्रद्धांजलि देती है. फिल्म में अपने किरदार के बारे में बात करते हुए इमरान ने कहा कि- मैंने पहले कभी स्वतंत्रता सेनानी की भूमिका नहीं निभाई है, और राम मनोहर लोहिया के रूप में खुद को ढालने का मौका मिलना एक बेहद सम्मान की बात थी. मैंने कन्नन और दरब के साथ मिलकर काम किया और उनके द्वारा की गई व्यापक रिसर्च को समझने की कोशिश की, लोहिया जी के इतिहास और यात्रा को समझा और उसमें अपना अंदाज जोड़ा. ऐसी कहानी का हिस्सा बनना सौभाग्य की बात है. फिल्म को करण जौहर, अपूर्व मेहता और सोमेन मिश्रा ने बनाया है. इसके डायरेक्टर कन्नन अय्यर हैं. फिल्म की कहानी अय्यर और दारब फारूकी ने लिखी हैं. फिल्म में सारा अली खान लीड रोल में हैं।

आईपीएल 2024- ऋषभ पंत फिट घोषित, शमी और प्रसिद्ध बाहर

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट फैंस के लिए बीसीसीआई ने एक बड़ी खुशखबरी दी है। बोर्ड ने स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को आईपीएल 2024 के जरिए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करने को लेकर मंजूरी दे दी है। ऋषभ पंत प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में अपनी लंबे समय से प्रतीक्षित वापसी के लिए पूरी तरह तैयार हैं और अब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने उन्हें आगामी आईपीएल के लिए मंजूरी दे दी है। बीसीसीआई ने सोमवार को मेडिकल और फिटनेस अपडेट जारी किया। बीसीसीआई ने अपने बयान में बताया, 30 दिसंबर, 2022 को रूड़की, उत्तराखंड के पास एक जानलेवा सड़क दुर्घटना के बाद 14 महीने के पुनर्वास से गुजरने के उपरांत ऋषभ पंत को अब आगामी टाटा आईपीएल 2024 के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में फिट घोषित किया गया है। दिसंबर 2022 में बांग्लादेश में दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला समाप्त होने के बाद से आईपीएल 2024 में पंत की वापसी होगी।बीसीसीआई ने तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और प्रसिद्ध कृष्णा पर मेडिकल अपडेट भी दिया, जिसमें कहा गया कि तेज गेंदबाजों की जोड़ी आईपीएल के 2024 संस्करण में नहीं खेल पाएगी।

विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर के क्वार्टर फाइनल में हारे निशांत

बस्टो अर्सिज़ियो। भारत के निशांत देव यहां पहले विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर में पुरुषों के 71 किग्रा क्वार्टर फाइनल में 2021 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता यूएसए के ओमारी जोन्स से 1-4 से हार गए।पहले दो राउंड में कड़ा मुकाबला देखने को मिला। ओमारी ने लगातार अटैक करते हुए 5-0 की अच्छी शुरुआत हासिल करने के लिए पहले राउंड में अपना दबदबा बनाया। हालांकि, दूसरे राउंड में निशांत ने कमबैक किया और अधिक प्रभावी दिखे।ओमारी ने जवाबी हमला किया लेकिन निशांत ने 4-1 स्कोर के साथ दूसरा राउंड अपने नाम किया।अंतिम राउंड कड़ा था क्योंकि निशांत ने अपना आक्रामक प्रदर्शन जारी रखा और शुरुआती बढ़त हासिल कर ली। जैसे-जैसे राउंड आगे बढ़ा दोनों मुक्केबाज थके हुए लग रहे थे, लेकिन जोन्स ने अंतिम 60 सेकंड का भरपूर उपयोग करते हुए दमदार अटैक किया, जिससे मैच का फैसला उनके पक्ष में हो गया। निशांत की हार से पहले भारत पेरिस ओलंपिक गेम्स 2024 के लिए निखत जरीन (50 किग्रा), प्रीति (54 किग्रा), परवीन हुडा (57 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) के साथ चार कोटा हासिल कर चुका है।

पूजा भट्ट स्टारर बिग गर्ल्स डोंट क्राई का ट्रेलर हुआ रिलीज

प्राइम वीडियो ने आज अपनी आगामी ओरिजिनल हिंदी सीरीज, बिग गर्ल्स डोंट क्राई का ट्रेलर लॉन्च किया. इस सीरीज में अवंतिका वंदनापु (लूडो), अनीत पद्दा (रूही), दलाई (प्लगी), विदुषी (काव्या), लाक्यिला (जे.सी.), अफरा सैयद (नूर), और अक्षिता सूद (दीया) जैसे प्रतिभाशाली सितारे मुख्य भूमिकाएं निभा रहे हैं. इनके साथ पूजा भट्ट, राइमा सेन, ज़ोया हुसैन और मुकुल चड्ढा केंद्रीय भूमिकाओं में हैं.नित्या मेहरा द्वारा तैयार की गई इस सीरीज का सह-निर्देशन नित्या मेहरा, सुधांशु सरिया, करण कपाड़िया और कोपल नैथानी ने किया है. सीरीज में से हर व्यक्ति ने अपने बोर्डिंग स्कूल के अनुभवों के आधार पर कहानी में एक निजी अहसास जोड़ा है. बिग गर्ल्स डोंट क्राई का प्रीमियर 14 मार्च को होने जा रहा है. ट्रेलर मशहूर वंदना वैली में चल रही बोर्डिंग लाइफ की एक झलक दिखलाता है. वहां सात लड़कियों का एक समूह स्कूल कैंपस पर राज करने के पक्के इरादे से, स्कूल में अपने अंतिम वर्ष की तैयारी कर रहा है. एक बाहरी लड़की काव्या यादव, दोस्त बनाने और शानदार जिंदगी जीने की उम्मीद लेकर कैंपस में दाखिल होती है. नूर की नजरें स्कूल की कप्तानी करने पर टिकी हैं, जबकि लूडो स्पोर्ट्स की कप्तानी हासिल करने के चक्कर में है. रूही और जे.सी. अपने सौंदर्य-व्यवसाय को सफल बनाने में जुटी हुई हैं, तो प्लगी ने खुद की भव्य और विशाल योजनाएं बना रखी हैं. विद्रोही-कवयित्री दीया, क्लास की घंटी बजने से पहले ही स्कूल की दीवार फांद जाने के मंसूबे बांधती है.वंदना वैली की प्रिंसिपल बनीं पूजा भट्ट का कहना है कि मैंने बिग गर्ल्स डोंट क्राई में काम करने के लिए इसलिए हामी भरी थी कि इसकी कहानी, माहौल और किरदारों ने मुझ पर जादू कर दिया था।

छत्तीसगढ़ में विकास का सर्वस्पर्शी मॉडल

आध्यात्मिक पर्यटन को प्रोत्साहन

राज्य की विष्णु देव साय सरकार ने अयोध्या स्थित भव्य मंदिर में विराजे रामलला के दर्शन हेतु जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए श्री रामलला दर्शन योजना शुरु की। राज्य में राजिम कुंभ (कल्प) का भव्य आयोजन पुनः शुरु कर छत्तीसगढ़ सरकार ने इसे वैश्विक पहचान दी है। इसी तरह धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य में पांच शक्तिपीठों को विकसित करने के लिए पांच करोड़ रुपये का बजटीय आवंटन किया गया है। इस योजना के अंतर्गत प्रदेश में 1 हजार किलोमीटर लंबी पर्यटन तीर्थ श्रृंखला विकसित की जाएगी। राज्य की रामायण मंडलियों को वित्तीय मदद मुहैया कराने के साथ बस्तर दशहरे को 50 लाख, चित्रकोट के लिए 10 लाख की जगह 25 लाख रुपये, रामाराम मेले के लिए 15 लाख रुपये तथा गौंचा पर्व के लिए 5 लाख रुपये प्रदान किए जाएंगे।

समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के कल्याण को लेकर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली सरकार की प्रतिबद्धता को इसी बात से परखा जा सकता है कि सरकार के गठन के अगले ही दिन 14 दिसंबर 2023 को पहली कैबिनेट में विष्णु देव साय सरकार ने 18 लाख 12,743 गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास देने का निर्णय लिया। योजना के समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए आवश्यक धनराशि का भी प्रावधान किया गया। वर्तमान में लगभग 15 लाख आवास के निर्माण को स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। छत्तीसगढ़ में विकास का सर्वस्पर्शी और सर्वव्यापी मॉडल देखने को मिल रहा है।

भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टालरेंस नीति

विष्णु देव साय सरकार एक ओर सुशासन की दिशा में नीतिगत कदम उठा रही है, वहीं भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति को अमल में ला रही है। पूर्ववर्ती सरकार में हुए पीएससी घोटाले की सीबीआई जांच की सिफारिश की गई है। साथ ही EWO द्वारा भी इस घोटाले में जांच की जाएगी है। कोयला और शराब घोटाले में भी एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। इस तरह सरकार भ्रष्टाचार खत्म करने का प्रयास कर रही है।

योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वय पर जोर

सुशासन लोकतंत्र की आत्मा है। पंडीतदयाल उपाध्याय ने सुशासन को अत्योदय का आधार बताया है। इसी मंत्र पर आगे बढ़ते हुए राज्य में सुशासन एवं अभिसरण विभाग नाम से एक नया विभाग गठित किया गया है। यह विभाग राज्य में चलाई जा रही जनकल्याणकारी नीतियों के सफल क्रियान्वयन व संसाधनों का उत्कृष्ट प्रबंधन करेगा। सरकारी योजनाओं की निगरानी तथा समीक्षा के लिए सुशासन दिवस पर अटल मॉनिटरिंग पोर्टल शुरु किया गया।

अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का अंत्योदय

पंडीतदयाल उपाध्याय ने सुशासन को अंत्योदय का आधार बताया है। इसी मंत्र पर आगे बढ़ते हुए राज्य में सुशासन एवं अभिसरण विभाग नाम से एक नया विभाग गठित किया गया है। यह विभाग राज्य में चलाई जा रही जनकल्याणकारी नीतियों के सफल क्रियान्वयन व संसाधनों का उत्कृष्ट प्रबंधन करेगा। सरकारी योजनाओं की निगरानी तथा समीक्षा के लिए सुशासन दिवस पर अटल मॉनिटरिंग पोर्टल शुरु किया गया।

विष्णु देव सरकार... 13 दिसंबर को ली शपथ और छत्तीसगढ़ में चल पड़ा विकास का सिलसिला

13 दिसंबर 2023 को छत्तीसगढ़ में खुशियों का नया सूर्योदय हुआ। राज्य में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की कैबिनेट के शपथ ग्रहण के साथ ही प्रदेश में विकास का सिलसिला चल पड़ा है। प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए त्वरित और पारदर्शी निर्णयों से विष्णुदेव साय सरकार ने सुशासन को नया आयाम दिया है। किसान, युवा, महिला, गरीब, आदिवासी सहित सभी तबकों तक विकास की बयार पहुंच रही है।

मोदी की गारंटी
सुशासन के तीन माह

युवा हितैषी सरकार

प्रदेश के युवाओं को शासकीय भर्तियों में निष्पक्ष और पारदर्शिता से युक्त परीक्षा का वातावरण मिले, इसके लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने संघ लोक सेवा आयोग की तर्ज पर परीक्षा प्रणाली लागू करने का निर्णय लिया है। इससे भर्ती परीक्षाओं में न सिर्फ युवाओं का भरोसा बढ़ेगा, बल्कि परिश्रम से वह अपने सपनों की उड़ान को पूरी कर सकेंगे। सरकार के गठन के पहले महीने में ही विष्णु देव साय सरकार ने प्रदेश के शिक्षित बेरोजगारों के हित में बड़ा फैसला लेते हुए छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासियों को निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट की अवधि को पांच साल के लिए और बढ़ा दिया है। अभ्यर्थियों को आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट का लाभ 31 दिसंबर 2028 तक मिलेगा। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ पुलिस के जिला पुलिस बल में आरक्षक संवर्ग में भर्ती के लिए वर्ष 2018 में 2259 रिक्त पदों पर तथा अक्टूबर 2023 को जिला पुलिस बल के आरक्षक संवर्ग के 5,967 रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया में शामिल पुरुष अभ्यर्थियों को उच्चतर आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट प्रदान की गई है।

आतंकवाद, नक्सलवाद और चरमपंथ पर ठोस प्रहार

छत्तीसगढ़ सरकार ने आतंकवाद, नक्सलवाद और चरमंथ को समूल नष्ट करने के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी की तर्ज पर स्टेट इनवेस्टिगेशन एजेंसी का गठन किया जा रहा है। यह एजेंसी आतंकवाद, नक्सलवाद और वामपंथी उग्रवादी मामलों की प्रभावी और त्वरित जांच करेगी। इसके लिए एसआईए एनआईए के साथ समन्वय स्थापित करने वाली राज्य की नोडल एजेंसी होगी। नक्सल प्रभावित गांव के विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा 16 फरवरी 2024 को नियद नेल्लानार योजना शुरु की गई है। इस योजना के जरिए सुदूर नक्सल प्रभावित गांव में 24 योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए 20 करोड़ रुपये का प्रावधान किया जा चुका है। पुलिस द्वारा नक्सल प्रभावित गांव में पुलिस कैंप खोले जा रहे हैं। सुकमा के पूवर्ती समेत अन्य स्थानों पर यह पुलिस कैंप कानून व्यवस्था को मजबूती देने के साथ सुशासन के प्रकल्प बनकर उभरे हैं।

भारत (बीएच) सीरीज के वाहन पंजीयन लागू कराए जाने का निर्णय

मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में भारत (बीएच) सीरीज के वाहन पंजीयन लागू कराए जाने का निर्णय लिया गया। भारत सरकार द्वारा लागू बीएच सीरीज के तहत दो पहिया और चार पहिया वाहनों के लिए एक बार में दो वर्ष का टेक्स जमा कराना होगा।

डिजिटल अर्थव्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ रहा छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ डिजिटल अर्थव्यवस्था की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। इसकी बानगी उस वक्त देखने को मिली जब राज्य की नवनिर्वाचित सरकार के वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने प्रदेश का पहला डिजिटल बजट पेश किया। इससे शासन एवं प्रशासनिक कामकाज में डिजिटल अनुप्रयोग के लिए लोग प्रोत्साहित होंगे। राज्य में कोयले के परिवहन हेतु परमिट और स्वीकृति व्यवस्था मैन्युअल होने से पूर्व की सरकार के कार्यकाल में जमकर भ्रष्टाचार हुआ। ऐसे में विष्णु देव साय सरकार ने तत्काल इस पूरी व्यवस्था को ऑनलाइन कर भ्रष्टाचार मुक्त शासन की मिसाल पेश की है। प्रदेश में डिजिटल अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करने के लिए भारत नेट परियोजना के लिए 66 करोड़ रुपये, पीएम वाणी प्रोजेक्ट के लिए 37 करोड़ रुपये, एकीकृत ई-प्रोक्योरमेंट परियोजना के लिए 15 करोड़ रुपये और अटल डैशबोर्ड के लिए 5 करोड़ रुपये का प्रावधान बजट में किया गया है। इस तरह छत्तीसगढ़ सरकार भ्रष्टाचार से निपटने के लिए प्रभावी कदम उठा रही है।

विगत 10 मार्च को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ की महिलाओं के खाते में 'महतारी वंदन योजना की पहले किस्त की राशि का डीबीटी के माध्यम से अंतरण किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने माता- बहनों को शुभकामनाएं दीं।

'महतारी वंदन' योजना से हो रहा महिला सशक्तिकरण

महिला सशक्तिकरण विष्णु देव साय सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। राज्य के इतिहास में 12 मार्च 2024 की तारीख महिला सशक्तिकरण की दिशा में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हो चुकी है। इस दिन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में 70 लाख से अधिक महिलाओं को महतारी वंदन योजना की 1,000 रुपये की पहली किश्त जारी की गई। विष्णु देव साय सरकार हर साल 12 हजार रुपये महिलाओं के खाते में जमा करेगी। भ्रष्टाचार के बिना हितग्राहियों तक योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाने के लिए छत्तीसगढ़ डीबीटी का सबसे बेहतरीन उपयोग करने वाला राज्य बन चुका है। योजना का उद्देश्य प्रदेश में महिलाओं के साथ लिंगविभेद, असमानता खत्म करते हुए उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार लाना है। इस योजना का लाभ छत्तीसगढ़ निवासी विवाहित महिला, जिनकी आयु 1 जनवरी 2024 को 21 वर्ष से अधिक हो, को मिलेगा। विवाहित महिला के साथ ही विधवा, तलाकशुदा, परित्यकता महिलाओं को भी योजना का लाभ मिल रहा है।

महतारी वंदन हेल्पलाइन- 0771-2220006 / 0771-6637711

किसानों के चेहरे पर खुशी... छत्तीसगढ़ में धान का सर्वाधिक समर्थन मूल्य

छत्तीसगढ़ में धान की फसल यहां के किसानों के लिए तरक्की का आधार है। विष्णु देव साय सरकार ने 3100 रुपये प्रति क्विंटल पर धान खरीदी की मोदी की गारंटी को पूरा कर देश में किसानों को धान का सर्वाधिक समर्थन मूल्य देने का कीर्तिमान रच दिया है। किसानों के खाते में सीधे नगद लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के जरिए पैसा भेजा जा रहा है। खरीफ सीजन 2023 में किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ (3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से) 147 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी हुई। इस तरह छत्तीसगढ़ ने देश में धान की खरीदी का रिकॉर्ड कायम किया है। राज्य में 13 लाख किसानों के खाते में धान के दो वर्ष के बकाया बोनस के रूप में 3,716 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए जा चुके हैं। कृषक उन्नति योजना के जरिए किसानों को धान खरीदी की अंतर राशि 13,320 करोड़ रुपये प्रदान किए जा रहे हैं। 24.72 लाख से अधिक किसान विष्णु देव साय सरकार की योजना से लाभान्वित हो रहे हैं।

विकास के 10 स्तंभों की संकल्पना

विष्णु देव साय सरकार ने अपने पहले बजट में छत्तीसगढ़ की इकोनॉमी को 10 लाख करोड़ रुपये के स्तर तक ले जाने का रोडमैप प्रस्तुत किया है। 1 नवंबर 2024 को राज्य के स्थापना दिवस के मौके पर सरकार के विजन डॉक्यूमेंट भी प्रस्तुत करेगी। इसमें 2047 तक छत्तीसगढ़ की तरक्की की कार्ययोजना का विस्तृत वर्णन होगा। राज्य सरकार ने बजट में प्रदेश के अर्थतंत्र को गति देने के दस स्तंभ चिन्हित किए हैं।

अर्थतंत्र को गति देने के दस स्तंभ

1. ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था
2. तकनीक आधारित सुधार व सुशासन
3. आधिकारिक पूंजीगत व्यय को बढ़ाना
4. प्राकृतिक संसाधनों का उचित प्रबंधन
5. सेवा क्षेत्र को बढ़ावा
6. निजी निवेश
7. बस्तर-सरगुजा की ओर देखो नीति
8. डिसेंट्रलाइज्ड डेवलपमेंट पॉकेट्स का विकास
9. छत्तीसगढ़ी संस्कृति को प्रोत्साहन
10. योजनाओं का पारदर्शी क्रियान्वयन

"अमृतकालः छत्तीसगढ़ विजन @2047"

विजन डॉक्यूमेंट में राज्य हेतु संभावित विकास क्षेत्रों जैसे कि ईन्फास्ट्रक्चर विकास, कृषि आधुनीकीकरण, शिक्षा व कौशल विकास,GYAN आधारित विकास, निवेश को प्रोत्साहन, खनिज संसाधनों का प्रभावी उपयोग, रिन्यूवेबल एनर्जी, कॉटेज इंडस्ट्री विकास, प्रभावी फिस्कल व टैक्स पॉलिसी व तकनीक का उपयोग, छोटे एवं लघु उद्योगों को प्रोत्साहन, फूड प्रोसेसिंग मिलेट्स, टूरिज्म विकास, स्वास्थ्य व पोषण, जनजाति विकास, ग्रामीण विकास, नगरीय विकास हेतु रणनीति व कार्ययोजना का समावेश होगा। जिसके आधार पर संबंधित विभाग अपने-अपने सेक्टर में अपेक्षित प्रगति प्राप्त कर विकसित छत्तीसगढ़ की परिकल्पना में महती भूमिका सुनिश्चित करेंगे।

छत्तीसगढ़ सरकार के अन्य महत्वपूर्ण निर्णय

- विशेषज्ञ चिकित्सकों की भर्ती प्रक्रिया शुरु मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग में विशेषज्ञ चिकित्सकों की भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है।
- डिग्री हासिल करने वाले 246 एमबीबीएस एवं 21 विशेषज्ञ चिकित्सकों को नियुक्ति दे दी गई है। इनमें से पचास फीसदी की नियुक्ति बस्तर एवं सरगुजा संभाग के लिए की गई है।
- स्वास्थ्य विभाग में 5 हजार से ज्यादा पदों पर पीएससी और व्यापम के जरिए भर्ती करने का निर्णय लिया गया है।
- एमबीबीएस एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों को आवेदन करने के 24 घंटे के भीतर नियुक्ति देने की घोषणा की गई है।
- कोल परिवहन के लिए ऑनलाइन परमिट एवं स्वीकृति प्रणाली - खनिज संसाधन से संपन्न छत्तीसगढ़ राज्य में कोल परिवहन की पारदर्शी प्रक्रिया के लिए ऑनलाइन परमिट एवं स्वीकृति प्रणाली लागू की गई है।
- नियद नेल्लानार योजना (बस्तर के लिए) बस्तर संभाग के नक्सल पीड़ित क्षेत्र में स्थापित 14 नये कैंपों में नवाचार के रूप में इसके आसपास के 5 ग्रामों की मूलभूत आवश्यकता की दृष्टि से अधोसंरचना विकास एवं परिवारों के सम्यक विकास की कार्यवाही की जाएगी।
- कॉलेज के विद्यार्थियों को 6000 रुपए सालाना ट्रैवल एलाउंस अगले शिक्षा सत्र से राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की जाएगी। इसके अलावा कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों को 6000 रुपए सालाना ट्रैवल एलाउंस मिलेगा।
- संस्कृत महाविद्यालय को विश्वविद्यालय में अपग्रेड करने का निर्णय शासकीय दूधाधारी श्री राजेश्री महंत वैष्णव दास स्नातकोत्तर संस्कृत महाविद्यालय, रायपुर को विश्वविद्यालय में अपग्रेड करने का संकल्प।
- आईआईटी की तर्ज पर प्रौद्योगिकी संस्थानों की स्थापना प्रदेश में तकनीकी शिक्षा के स्तर को और बेहतर बनाने के लिए आईआईटी की तर्ज पर जशपुर, बस्तर, कबीरधाम, रायपुर और रायगढ़ में इसी सत्र से प्रौद्योगिकी संस्थानों का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही राज्य में छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा मिशन योजना लागू की जाएगी।
- 33 हजार शिक्षकों की भर्ती की जाएगी अगले शिक्षा सत्र में 33 हजार शिक्षकों की भर्ती की जाएगी।
- सभी जिला मुख्यालयों में एम्स की तर्ज पर उच्च स्तरीय चिकित्सा संस्थानों की स्थापना का निर्णय।